एक राज्य - एक अखबार

# शुभम संदेश

लोकतंत्र का महापर्व



# चार सीटों पर 65% वोट

## मेरा वोट मेरा अधिकार





▪ अर्जुन मुंडा, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत, समीर उरांव, वीडी राम, ममता भुइयां, गीता कोड़ा और जोबा मांझी समेत 45 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद

## पहला चरण: खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में शांतिपूर्ण मतदान रहा

## मतदान के दौरान 6 एमसीसी और 2 वॉइलेशन के मामले हुए दर्ज

शुभम किशोर/रवि भारती। रांची

झारखंड में सोमवार को खूंटी, पलामू, लोहरदगा और सिंहभूम लोकसभा सीटों के लिए 64.59% मतदान हुआ. छिटपुट वारदातों और कुछ स्थानों पर ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायतों को छोड़ दें तो आमतौर पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ. झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार की शाम मतदान समाप्त होने के बाद चारों सीटों पर चुनाव संपन्न होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी. उन्होंने बताया की चारो सीट खूंटी, पलामू, लोहरदगा और सिंहभूम में शांतिपूर्ण मतदान रहा. कुछ क्षेत्रों में छिटपुट घटनाएं सामने आईं. जिसमे 6 एमसीसी और 2 वॉइलेशन के मामले दर्ज हुए हैं. उन्होंने बताया कि देर रात 12 बजे क्लोजअप पोल डेटा वेबसाइट पर दिखने लगेगा. अगले दिन स्क्रूटनी के बाद रात्रि 12 बजे तक फाइनल डेटा ऐप पर दिखने लगेगा. स्क्रूटनी के दौरान सभी प्रोसिडिंग ऑफिसर्स से फॉर्म 17सी लिया जाता है. इसके आधार पर डाटा का मिलान करके स्क्रूटनी की प्रक्रिया होती है. फिर डाटा अपलोड किया जाता है.

**इनके भाग्य ईवीएम में बंद :** झारखंड में पहले चरण के लिए हुए चार लोकसभा सीटों पर कुल 45 प्रत्याशी मैदान में है. लेकिन 11 पर सबकी नजर है. जिसमें सिंहभूम से जेएमएम प्रत्याशी जोबा माझी, बीजेपी से गीता कोड़ा हैं. खूंटी से बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, भारत आदिवासी पार्टी की बबिता कच्छप और कांग्रेस के काली चरण मुंडा हैं. लोहरदगा से बीजेपी के समीर उरांव, कांग्रेस के सुखदेव भगत और निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा पर लोगों की नजरें हैं. पलामू से बीजेपी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम, आरजेडी से ममता भुइंया और बहुजन समाज पार्टी के कामेश्वर बैठा पर नजरें लगी हैं. फिलहाल चारों सीटों पर कुल 45 प्रत्याशियों का भाग्य सोमवार को ईवीएम में बंद हो गया है. चार जून को होनेवाली मतगणना में पता चलेगा कि किस्मत किस पर मेहरबान हुई है.

### राजद और भाजपा समर्थक भिड़े, मारपीट

पलामू में चुनाव के दौरान राजद और भाजपा समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई. घटना हुसैनाबाद के मोहम्मदगंज प्रखंड के बूथ नंबर 7 की है. पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. मारपीट के बाद से सुरक्षा-व्यवस्था और कड़ी कर दी गई. पलिस मामले की जांच कर रही है.

### सीएम समेत प्रत्याशियों ने भी किया मतदान

सरायकेला में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अपने गांव झिलिंगगोडा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बूथ संख्या 220 में मताधिकार का प्रयोग किया. सीएम के साथ उनकी पत्नी मनको सोरेन, बेटे सिमल सोरेन, बबलू सोरेन समेत दोनों बहुएं भी मौजूद थीं. सरायकेला में खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खरसावां स्थित खेसारीसाई के प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ संख्या 72 में पत्नी मीरा मुंडा के साथ मताधिकार का प्रयोग किया. वहीं, कांग्रेस प्रत्यासी कालीचरण मुंडा ने माहिल स्थित बूथ संख्या 220 पर परिवार के साथ वोट डाला. लोहरदगा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने बिशुनपुर गुमला में मतदान किया. कांग्रेस के सुखदेव भगत ने भी नदिया हिंदू उच्च विद्यालय स्थित बूथ परिवार के साथ पहुंच कर अपना वोट डाला. सिंहभूम से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने चक्रधरपुर स्थित कारमेल बालिक मध्य विद्यालय के बूथ संख्या- 219 में अपने पुत्र उदय मांझी के साथ जाकर मतदान किया. रांची के बेड़ो प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बाजार टांड बूथ नं. 235 में जल पुरुष पद्मश्री सिमोन उरांव ने मतदान किया.



### चाईबासा में नक्सलियों की वोट बहिष्कार की धमकी रही बेअसर

चाईबासा जिले में नक्सलियों के द्वारा वोट बहिष्कार करने की धमकी का कोई असर नहीं दिखा. सभी बूथों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे. जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मतदाताओं ने उत्साह के साथ वोटिंग की. नक्सल प्रभावित तिरिलपोसी, रेंगड़ाहातु और बोरोई गांव में पिछले 20 वर्षों से वोटिंग नहीं हुई थी. इन तीनों गांव में पहली बार वोटिंग हुई.

### विधानसभावार पड़े अनुमानित वोट

**खूंटी लोकसभा - 69.02%**
कोलेबिरा - 65.01%
खरसांवा - 67.58%
खूंटी - 66.79%
तमाड़ - 66.36%
तोरपा - 64.36%
सिमडेगा - 64.52%

**लोहरदगा लोकसभा - 62.60%**
गुमला - 62.30%
बिशुनपुर - 60.71%
मांडर - 62.08%
लोहरदगा - 65.90%
सिसई - 62.07%

**पलामू लोकसभा - 61.04%**
गढ़वा - 64.60%
छतरपुर - 60%
डालटेनगंज - 60.62%
भवनाथपुर - 62.81%
विश्रामपुर - 58.60%
हुसैनाबाद - 55.03%

**सिंहभूम लोकसभा - 68.00%**
चक्रधरपुर - 65.98%
चाईबासा - 70.12%
जगन्नाथपुर - 67.22%
मझगांव - 67.85%
मनोहरपुर - 63.56%
सरायकेला - 63.50%

## चौथे चरण में 96 सीटों पर 63% मतदान

### 2019 के मुकाबले इस बार भी कम पड़े वोट


एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया का चौथा चरण भी सोमवार को पूरा हो गया. इसके साथ ही कुल 378 सीटों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं. वहीं, गुजरात की सूरत सीट से भाजपा उम्मीदवार का निर्विरोध निर्वाचन तय हो चुका है. सोमवार को 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 96 सीटों पर मतदान हुआ. मतदान के साथ ही कुल 1717 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई. अब तक के चुनावों में मत प्रतिशत चर्चा का बड़ा विषय रहा है. विपक्ष ने चुनाव आयोग पर देरी से वोटिंग के आंकड़े देने का आरोप लगाया जिसका आयोग ने खंडन किया है. वहीं सत्ता पक्ष ने कहा कि विपक्ष ने चार चरणों के बाद पूरी तरह हार मान ली है. वहीं विपक्ष ने दावा किया है कि मतदान के प्रति लोगों की अरुचि से साबित हो गया है कि अब प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी की सरकार लौटनेवाली नहीं है

**चौथे चरण में कहां कितनी सीटों पर मतदान :** चौथे दौर में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की सभी 17, यूपी की 13 और महाराष्ट्र की 11 सीटों पर वोट डाले गए. इसके अलावा पश्चिम बंगाल और एमपी की आठ-आठ, बिहार की पांच, झारखंड और ओडिशा की चार-चार और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. चौथे दौर में जिन 96 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें 2019 में सबसे ज्यादा 42 सीटों पर भाजपा जीती थी. इसके बाद आंध्र की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस के 22 सांसद चुनकर संसद पहुंचे थे. इसी तरह बीआरएस ने नौ और कांग्रेस ने छह सीटें जीती थीं.

### कहां कितना मतदान

1. पश्चिम बंगाल- 76.02%
2. मध्य प्रदेश- 69.02%
3. झारखंड- 64.30%
4. आंध्र प्रदेश- 68.20%
5. ओडिशा- 64.23%
6. तेलंगाना- 61.56%
7. उत्तर प्रदेश- 58.00%



8. महाराष्ट्र- 52.93%
9. बिहार- 55.92%
10. जम्मू-कश्मीर- 36.88%

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 37.8 | 28.8 |
| जमशेदपुर | 34.7 | 22.6 |
| डालटनगंज | 39.8 | 25.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,600 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

### ब्रीफ खबरें

**वाराणसी में मोदी के रोड शो में उमड़े लोग**

वाराणसी (उप्र)। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी में रोड शो किया. इस दौरान पूरा शहर उमड़ पड़ा. लोगों ने मोदी पर जम कर पुष्प वर्षा की. पीएम ने सबसे पहले मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. मोदी मंगलवार को वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे.

**पीएम मोदी की आज बिरनी में जनसभा**

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को फिर झारखंड आयेंगे. वे गिरिडीह के बिरनी प्रखंड के पेशम अरवाड़ मैदान में दोपहर 1.30 बजे से गिरिडीह और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी और अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे.

**अश्लील वीडियो कांड में रेवन्ना को जमानत**

बेंगलुरु। कर्नाटक के कथित अश्लील वीडियो कांड में आरोपी जद सेक्युलर विधायक एचडी रेवन्ना को जमानत मिल गई है. उन्हें किडनैपिंग मामले में जमानत मिली है. एचडी रेवन्ना को 5 लाख रुपए के बॉन्ड पर जमानत दी गई है.

## सीबीएसई 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी

# लड़कियों ने फिर मारी बाजी

शुभम संदेश टीम। रांची/दिल्ली

सीबीएसई 10 वीं 12वीं का रिजल्ट सोमवार को जारी हो गया. 12 वीं 87.98 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं. जबकि 10 वीं की परीक्षा में 93.50 फीसदी बच्चे सफल हुए हैं. 12 में छात्राओं के पास का प्रतिशत 91.52 फीसदी रहा. 85.12 फीसदी छात्र सफल रहे. इस साल सीबीआई ने 12वीं परीक्षा 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक ली गयी थी. इसमें लगभग 39 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे. इस बार 12वीं के रिजल्ट में त्रिवेंद्रम 99.91 फीसदी के साथ सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला रीजन रहा. वहीं प्रयागराज का रिजल्ट 78.25 फीसदी रहा. इस साल 10वीं की परीक्षा में 93.60 फीसदी विद्यार्थी सफल रहे हैं. 94.25%. छात्राएं और 92.27% छात्र पास हुए हैं. इस साल पास प्रतिशत में 0.48% की बढ़ोतरी हुई है. साल 2023 में 93.12 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की थी. 2022 में 92.71 प्रतिशत, 2021 में 99.37 प्रतिशत, 2020 में 88.78 प्रतिशत और 2019 में 83.4 प्रतिशत छात्र सफल हुए थे. बताते चलें कि इस साल 22,81,225 छात्रों ने सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा के लिए रजिस्टर किया था. बोर्ड ने 10वीं की परीक्षा के लिए कुल 7603 परीक्षा केंद्र बनाए थे. केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन के तहत आने वाले विद्यालयों का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे अधिक 99.23 रहा. इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालयों के 98.90 प्रतिशत विद्यार्थी और केंद्रीय विद्यालयों के 98.81 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं.



**एक नजर में**

87.98% छात्र 12वीं में रहे सफल | 93.50% छात्र 10वीं में रहे सफल

- 91.52% छात्राएं 12वीं में हुईं पास
- 85.12% छात्र 12वीं में हुए पास
- 93.60% बच्चे 10वीं में हुए सफल
- 94.25% छात्राएं हुईं पास
- 92.27% छात्र हुए पास
- 50.00% ट्रांसजेंडर हुए पास
- 99.91% के साथ त्रिवेंद्रम रीजन रहा टॉपर पर
- 78.25% के साथ प्रयागराज रीजन सबसे नीचे

### जारी नहीं की गयी टॉपर लिस्ट

सीबीएसई ने घोषणा की है कि अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी नहीं की जाएगी. अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी में वर्गीकरण को भी समाप्त कर दिया गया है. सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक सन्यम भारद्वाज ने कहा, विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा को रोकने के लिए बोर्ड में लिए गए फैसले के तहत सीबीएसई मेधा सूची नहीं जारी कर रहा है. हालांकि, बोर्ड 0.1 प्रतिशत विद्यार्थियों को मेधा प्रमाणपत्र जारी करेगा, जिन्होंने विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक अर्जित किए हैं. बोर्ड के मुताबिक, 1.16 लाख विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं जबकि 24,068 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल हुए हैं. पिछले साल 1.12 लाख विद्यार्थियों का पूर्णांक 90 प्रतिशत से अधिक था जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों की संख्या 22,622 थी.

### 10वीं में सबसे अधिक पूर्णांक गणित में मिले, 12वीं में चित्रकला में

सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 12वीं कक्षा में छात्रों ने सबसे अधिक यह उपलब्धि चित्रकला विषय में हासिल की है. आंकड़ों के मुताबिक 10वीं कक्षा में 11,253 छात्रों ने गणित में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है. इसके बाद संस्कृत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का स्थान है जिनमें क्रमशः 6700 और 6,269 विद्यार्थियों ने यह कारनामा कर दिखाया. इसी प्रकार, 12वीं कक्षा में 10,402 विद्यार्थियों ने चित्रकला में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है इसके बाद रसायन शास्त्र और मनोविज्ञान का स्थान है जिनमें क्रमशः 2,152 और 2,134 विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की.

### 90% से अधिक अंक लाने वालों की संख्या बढ़ी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों 90 प्रतिशत और 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वालों की संख्या में पिछले साल की तुलना में क्रमशः 1,400 और 4000 की वृद्धि हुई है. आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल के मुकाबले उत्तीर्ण प्रतिशत में भी आंशिक वृद्धि हुई है और यह 87.33 से बढ़कर 87.98 प्रतिशत हो गया है. इस बार फिर लड़कियों ने बाजी मारी है और छात्रों के मुकाबले छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 6.40 प्रतिशत अधिक है.

### 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा 15 जुलाई से

10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा 15 जुलाई को शुरू होगी. इस साल 10वीं कक्षा में 1.32 लाख को और 12वीं कक्षा में 1.22 लाख छात्रों को पूरक परीक्षा की श्रेणी में रखा गया है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के तहत सीबीएसई ने परीक्षा का नाम बद लकर सप्लीमेंट्री परीक्षा कर दी. सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के मुताबिक 12वीं के विद्यार्थी को एक विषय में पूरक परीक्षा के जरिए अपने अंक में सुधार करने का मौका दिया जाएगा, जबकि 10वीं कक्षा के छात्रों को दो विषयों में यह मौका मिलेगा. पहली श्रेणी में 10वीं के वे छात्र हैं जो दो विषयों में पास होने में नाकाम रहे, जबकि 12वीं के वे छात्र जो एक विषय में फेल हुए हैं और उन्हें कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है. दूसरी श्रेणी में वे विद्यार्थी हैं जिन्हें छठे और सातवें विषय के आधार पर उत्तीर्ण घोषित किया गया है.

## उफ्फ ! नीतीश कुमार



सुरजीत सिंह

टिप्पणी

**10 साल पहले :** बात बहुत पुरानी नहीं है. बिहार के विकास पुरुष बने. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए. आत्मविश्वास से लबरेज. बिहार में विकास का एकमात्र चेहरा. भ्रष्टाचार के दाग नहीं. सुशासन बाबू.

**चार माह पहले :** बिहार का एक सक्षम मुख्यमंत्री. पार्टी पर जबरदस्त पकड़. सहयोगी दल राजद का सम्मान. विपक्ष का चेहरा. विपक्ष की बैठक की अगुवाई करते हुए. नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए प्रधानमंत्री का चेहरा.

**सात अप्रैल :** नीतीश कुमार ने एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी के पैर छुए. अपने भाषण में अनाप-शनाप बोला. 400 नहीं चार हजार सीटों से भाजपा व मोदी को जिताएंगे. और भी ना जाने क्या-क्या बोल गए.

**12 मई :** रविवार की शाम यह तस्वीर सामने आयी. पूरी तरह थके हुए. हारे हुए. चेहरे पर कोई भाव नहीं. बॉडी लैंग्वेज असमंजस वाली. एक कमजोर राजनेता. जदयू का चेहरा होते हुए भी हाथ में भाजपा का सिंबल लिए हुए.

**आकलन : उफ्फ. नीतीश कुमार की यह हालत.** चार माह पहले तक राजद के कंधे पर सवार थे, आज भाजपा के कंधे पर. उनकी हालत और गिरावट को देख कर किसी को भी अच्छा ना लगा होगा. नीतीश कुमार की इस हालात के लिए वह खुद ही जिम्मेदार हैं. मौका देख कर बार-बार सहयोगी बदलना. लक्ष्य सरकार और पार्टी पर नियंत्रण रखना. अंतिम बार राजद से गठबंधन तोड़ कर भाजपा के साथ जुड़े. और अब इस स्थिति में पहुंच गए हैं. आज हालात ऐसे हो गए हैं कि ना पार्टी पर नियंत्रण है, ना सहयोगी दल वैल्यू दे रहा, किसी तरह खुद को खड़ा कर पा रहे हैं. नीतीश की इस हालत को देख कर जनता दल यूनाइटेड पार्टी और उनके समर्थकों को बीच क्या संदेश जा रहा होगा. ऐसा लगता है नीतीश कुमार का समय खत्म हो चुका है. बिहार से जो सूचनाएं आ रही हैं, वह चीख-चीख कर कह रही हैं कि लोकसभा चुनाव का परिणाम चाहे जो हो. सत्ता में एनडीए आए या इंडिया. जदयू और नीतीश कुमार का अंत तय है. पार्टी टूट जाएगी. हां, अगर एनडीए की सरकार बनी, तो अगले पांच साल के लिए राजनीति से दूर कोई पद मिल सकता है.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय सामान्य है. माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी. माता के आशीर्वाद से भाग्य में विशेष बदलाव आएगा.

**वृषभ** भाई के साथ कही घूमने का योग है. इससे तनाव लगातार बढ़ता जाएगा. बेहतर होगा कहीं घूमने चले जाएं. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. दुर्गा सप्तशती का पाठ करें या विद्वान ब्राह्मण से कराएं.

**मिथुन** धन का आगमन होगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. यात्रा सुखद रहेगी. क्रोध से बचना चाहिए. कोई हानि भी हो सकता है. शिवसत्तोत्र का पाठ करें.

**कर्क** कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव. कृष्ण भगवान पर माखन का भोग लगावें.

**सिंह** बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. खर्च संभाल कर करना चाहिए. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. गौ सेवा करें. किसी बृद्ध महिला को अन्न और वस्त्र दें.

**कन्या** कुछ नया सामान लेने का समय है. घर मे सजावट हो सकता है. साथ ही आय भाव में चन्द्र है. कुछ नया सिखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती है. कुछ मानसिक तनाव भी हो सकता है. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी.

**तुला** सरकारी काज में लाभ का योग है. किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा. साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे.

**वृश्चिक** सत्कर्म करे समय बहुत अनुकूल होगा. आपके कर्म और शनि को मजबूत करना जरूरी है. थोड़े मेहनत से भाग्य साथ मिलेगा. पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** किसी से कोई विवाद नही हो ऐसा प्रयास करें. खास कर अपने पड़ोसी से. कार्य के बल पर व्यापार में लाभ होगा. कुछ मानसिक तनाव भी होगा. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. कोई कार्य के पूर्व विचार विमर्श आवश्यक है.

**मकर** जीवनसाथी के साथ कोई कार्ययोजना बनेगी. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. स्वास्थ्य के हिसाब से खान पान पर ध्यान दें. स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. शिवलिंग पर दूध अर्पण करें.

**कुंभ** कोई शत्रु हानि कर सकता है. थोड़ा सावधान जरूरी है. कोई ऋण लेने का प्लान हो तो टाल दें. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें.

**मीन** संतान के लिए समय शुभ है. शिक्षा में लाभ होगा. आय के लिए समय उपयुक्त नही है. किसी मित्र या परिवार के लोगों से मुलाकात होगी. जिससे मन खुश होगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा.

## लोस चुनाव: सातवें चरण के लिए 18 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**रांची।** सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को झारखंड में कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया. सातवें चरण में राज्य की राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीट पर चुनाव होना है. सोमवार को राजमहल से पांच, दुमका से सात और गोड्डा से छह6 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भरा. अब तक कुल 36 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है, जिसमें राजमहल से 10, दुमका से 10 और गोड्डा से 16 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है. 14 मई को सातवें चरण के नॉमिनेशन का आखिरी दिन है. 15 मई को स्क्रूटनी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 मई है. उक्त जानकारी झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी.

### सिंचाई, नगरपालिका और औद्योगिक लाभों के अनुपात में झारखंड और बिहार के बीच होना था पानी का बंटवारा

# नहीं सुलझ पाया झारखंड-बिहार के बीच नदियों के पानी बंटवारा का मुद्दा

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड और बिहार के बीच नदियों के पानी के बंटवारा का मुद्दा अब तक नहीं सुलझ पाया है. बताते चलें कि बिहार और झारखंड की सरकार ने इस बात पर सहमति जताई थी कि उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के सामान्य घटकों के शेष कार्य यानी कुटकू के पास उत्तरी कोयल नदी पर एक बांध और पलामू में मोहम्मदगंज के पास एक पिक-अप बैराज का निर्माण किया जाएगा. इस उद्देश्य के लिए दो स्तरीय समिति का गठन किया गया था.

**कोयल जलाशय परियोजना**



दो सदस्यीय कमेटी भी बनी, सिफर रहा नतीजा

**कैसे होता बंटवारा**

उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना का झारखंड में सीसीए 12470 हेक्टेयर है, जबकि बिहार में इसका सीसीए 111800 हेक्टेयर है. उत्तरी कोयल जलाशय में नदी प्रणाली की 75% भरोसेमंद जल उपलब्धता 987 एमसीएम है. इसके तहत सिंचाई, नगरपालिका और औद्योगिक लाभों के अनुपात में दोनों राज्यों के बीच पानी का बंटवारा होना था, लेकिन अब तक नतीजा सिफर रहा.

### बथाने जलाशय परियोजना का भी मुद्दा नहीं सुलझा

बिहार और झारखंड ने सहमति जताई थी कि बथाने जलाशय परियोजना के सामान्य घटकों के शेष कार्यों का निर्माण, संचालन और रखरखाव उनके उद्देश्य के लिए गठित दो स्तरीय समितियों के समग्र मार्गदर्शन के तहत किया जाएगा. परियोजना के सामान्य घटकों का निर्माण झारखंड सरकार के संबंधित विभाग द्वारा एक जमा कार्य के रूप में किया जाएगा. इसकी लागत, इस परियोजना के लिए प्राप्त डीपीआर के अनुसार सिंचाई लाभ के अनुपात में दोनों राज्यों के बीच साझा की जाएगी. लेकिन, यह मामला भी अधर में लटका हुआ है.

### दोनों राज्यों में कैसे होता पानी बंटवारा

बथाने जलाशय परियोजना का झारखंड में सीसीए 1660 हेक्टेयर और बिहार में सीसीए 10466 हेक्टेयर है. 64.14 एमसीएम उपलब्ध पानी को सिंचाई लाभ के अनुपात में दोनों राज्यों के बीच बंटवारा किया जाता. झारखंड सरकार को जलीय कृषि के विकास, बांध के विनियमन और जीवन को प्रभावित किए बिना जलाशय से लिफ्ट सिंचाई और जलाशय में पर्यटन-मनोरंजक गतिविधियों के विकास का भी अधिकार मिलता.

**बटेश्वरस्थान पंप नहर का मामला भी लटका:** बिहार और झारखंड, दोनों राज्यों ने सहमति जताई थी कि बटेशस्वर स्थान पंप नहर योजना के सामान्य घटकों के शेष कार्य यानी बिहार में गंगा नदी के दाहिने किनारे पर एक पंपिंग स्टेशन और एक उच्च स्तरीय मुख्य नहर, जो 47.10 आरडी पर झारखंड के क्षेत्र में प्रवेश करती है, 150.00 आरडी पर झारखंड के क्षेत्र को छोड़ता. बिहार क्षेत्र में फिर से प्रवेश करता. तय हुआ था कि इसके निर्माण, संचालन और रखरखाव दो स्तरीय समितियों के तहत किया जाएगा. इससे प्राप्त होने वाले लाभों का बंटवारा बिहार और झारखंड राज्य के बीच किया जाता. इस योजना में बिहार में 22328 हेक्टेयर और झारखंड में 4887 हेक्टेयर सीसीए है. इस योजना के माध्यम से गंगा नदी से पंप किए गए 978 क्यूसेक पानी को सिंचाई लाभ के अनुपात में बिहार और झारखंड राज्यों के बीच बंटवारा किया जाना है.

### राज्य के अंदर आपस में भी नहीं जुड़ पाईं नदियां

दक्षिण कोयल बेसिन के मनोहरपुर प्रखंड में उपलब्ध अतिरिक्त और बिना उपयोग की 1281 एमसीएम पानी को तजना नदी के माध्यम से स्वर्णरेखा बेसिन और खरकई नदी के माध्यम से चांडिल बांध में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव था. लेकिन, यह अब तक नहीं हो पाया है. दामोदर-बराकर नदी बेसिन से स्वर्णरेखा बेसिन तक जल का अंतर बेसिन स्थानांतरण का प्रस्ताव भी धरा का धरा रह गया. शंख बेसिन से दक्षिण कोयल बेसिन तक पानी का अंतर, बेसिन स्थानांतरण की प्रक्रिया भी अधूरी रह गई.

### राज्य के किसी भी क्षेत्र में कांग्रेस की पांच न्याय 25 गारंटी का फ्लेक्स तक नहीं

# झारखंड में फेल नजर आ रहा है प्रदेश कांग्रेस का चुनावी मैनेजमेंट

कौशल आनंद। रांची

**शहर में पीएम मोदी व भाजपा के गारंटी का फ्लेक्स हर चौक-चौराहों पर, कांग्रेस का ढूंढने से भी नहीं मिलेगा | कांग्रेस प्रत्याशी अपने दम पर जुटे हैं चुनावी समर में, प्रदेश नेतृत्व से नहीं मिल रहा किसी तरह का सहयोग**

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए यह लोकसभा चुनाव राजनीतिक जीवन-मरन का प्रश्न बन गया है. झारखंड में इनके स्टार नेता पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जेल में हैं. वहीं, कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व चुनावी मैनजमेंट पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है. प्रत्याशियों को उनके खुद के भरोसे छोड़ दिया गया है. अगर राष्ट्रीय नेता की चुनावी सभा को छोड़ दिया जाए, तो अन्य सभी मामलों में प्रदेश नेतृत्व पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है.

भाजपा को बखूबी काउंटर कर रहा है झामुमोः कांग्रेस के हर प्रत्याशी अपने दम पर चुनावी अभियान को आगे खींच रहे हैं. यहां तक कि प्रदेश नेतृत्व मीडिया मैनेजमेंट में पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है. यहां कांग्रेस का काम झामुमो कर रहा है. झामुमो लगातार अंतराल में प्रेस मीट आयोजित करके पीएम मोदी और भाजपा को घेरने का काम कर रहा है. मगर इस मामले में भी कांग्रेस विफल साबित हुई है. प्रत्याशियों को पार्टी के झंडा-बैनर तक की कमी से जूझना पड़ रहा है. प्रदेश नेतृत्व यह भी उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो रहा है.

**दिशा-निर्देश देकर कोरम पूरा कर रहा प्रदेश नेतृत्व :** अगर कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व की बात करें, तो चुनाव को लेकर एक दर्जन से अधिक कमेटी बना दी गयी है. कमेटी की बैठक कर दिशा-निर्देश जारी करके कोरम पूरा कर लिया जा रहा है. मगर वह कमेटी ग्राउंड लेबल पर क्या काम कर रही है, उसकी प्रगति रिपोर्ट क्या है, उसे देखने वाला कोई नहीं है. अब तक मीडिया सेल, चुनाव संचालन समिति, सोशल मीडिया सेल सहित अन्य तरह की कमेटियों की कई बैठकें हुईं, दिशा-निर्देश भी जारी हुए, मगर ग्राउंड लेवल पर कुछ भी होता नहीं दिख रहा है. कांग्रेस की मीडिया सेल या सोशल मीडिया सेल अपने स्तर से भाजपा को काउंटर करने में पूरी तरह से विफल रही है.



### चुनावी मैनेजमेंट के लिए दो-दो को-ऑर्डिनेटर, नतीजा सिफर

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने झारखंड में चुनावी मैनेजमेंट, प्रचार मैनेजमेंट और मीडिया मैनेजमेंट के लिए अपने दो-दो कॉर्डिनेटर भेजे हैं. इसमें समर कुमार सिंह और वैभव शुक्ला शामिल हैं. इनका काम मीडिया मैनजमेंट अर्थात मीडिया के जरिए भाजपा नेताओं द्वारा दिए जा रहे भाषण का काउंटर करना तथा अपनी पार्टी की बात को मजबूती से रखना है. इसके साथ ही कांग्रेस एवं अन्य गठबंधन दलों के प्रत्याशियों को स्थानीय स्तर पर हर तरह से सहयोग कैसे किया जाए, यह भी देखना है. गठबंधन दलों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करके पूरे चुनावी अभियान को भी चुस्त-दुरूस्त रखना है. मगर यह भी ग्राउंड पर कहीं नहीं दिख रहा है. मीडिया में पीएम मोदी और भाजपा को काउंटर करने का का काम तो यहां पर झामुमो ने संभाल रखा है.

### पांच न्याय 25 गांरटी का पंपलेट बांटने में भी विफल

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच न्याय 25 गांरटी जारी की थी. इसके बाद इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की बैठक हुई थी, जिसमें तय किया गया कि घोषणा पत्र को झारखंड के सभी क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा में अनुवाद करके जन-जन तक इसे पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करेंगे. शुभम संदेश ने रांची के कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करके जानने की कोशिश की, मगर अधिकांश लोगों को उनके क्षेत्रीय भाषा में न्याय गांरटी पत्र मिलना तो दूर, हिंदी का पत्र भी नहीं मिल पाया है. हालांकि, प्रत्याशी जहां-जहां घूम रहे हैं, वहां हिंदी में लिखित न्याय गारंटी पत्र बांटते हुए मिले और योजनाओं के बारे में जानकारी देते मिले. यानी कि प्रदेश नेतृत्व अपने तरफ से कांग्रेस की पांच न्याय 25 गांरटी पंपलेट भी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने में अपने स्तर से विफल रही है.

### राज्य सरकार में कांग्रेस पार्टी के एक नहीं चार-चार मंत्री हैं, मैनेजमेंट शिथिल

प्रदेश में कांग्रेस गठबंधन की सरकार चल रही है. पार्टी के एक नहीं, बल्कि चार-चार मंत्री हैं. मंत्रियों के पीएस के पास से करोड़ो रुपये जब्त किए जा रहे हैं. इसके बाद भी प्रदेश नेतृत्व, मंत्री या विधायक कांग्रेस की पांच न्याय 25 गारंटी का एक फ्लैक्स तक लगवाने की स्थिति में नहीं है. रांची शहर की बात करें, तो हर चौक-चौराहों पर भाजपा की गांरटी के साथ पीएम मोदी के बड़े-बड़े होर्डिंग्स और फ्लैक्स नजर आ जाएंगे. मगर कांग्रेस का ढूंढने से भी नहीं मिलेगा. अब सवाल उठने लगा है कि क्या वाकई में प्रदेश नेतृत्व, मंत्री या उनके विधायक कम से कम शहर और अपने क्षेत्र में फ्लैक्स और होर्डिंग लगाने में सक्षम नहीं हैं.

## राज्यस्तरीय अपीलीय प्राधिकरण का अबतक नहीं हो पाया है गठन

मुख्य संवाददाता। रांची

- विभागीय मंत्री के हस्तक्षेप की वजह से अटका पड़ा है गठन
- आवेदन जमा होने के दो साल बाद भी नहीं हो पाई नियुक्ति

ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के मनमाने कामकाज की शैली के कारण मनरेगा के तहत राज्य स्तरीय अपीलीय प्राधिकरण का गठन नहीं किया गया है. कामकाज का आंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगभग दो साल से इसके गठन की प्रक्रिया जारी है, लेकिन अभी तक इस पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन ही है. हालांकि, अपीलीय प्राधिकरण के पद पर नियुक्ति के लिए फरवरी 2022 में ही विज्ञापन प्रकाशित किया गया था. 14 मार्च तक आवेदन ऑफलाइन जमा कराना था और दिसंबर 2022 में ही साक्षात्कार पूरी करके प्राधिकरण का गठन का लक्ष्य रखा गया था. सूत्रों के मुताबिक, विभागीय मंत्री इन पदों में आपने लोगों को बैठना चाहते हैं. नतीजतन, आवेदन जमा हुए दो साल बीत गये, लेकिन राज्य स्तरीय अपीलीय प्राधिकरण का गठन नहीं हो सका. यह पूरा मामला कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम (ग्रामीण विकास विभाग मंत्री) के हस्तक्षेप की वजह से अटका पड़ा हुआ है.

**राजस्तरीय अपीलीय प्राधिकार का क्या है काम :** मनरेगा में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में मिल रही शिकायतों, अनियमितताओं आदि पर लोकपाल सुनवाई करते हैं. सुनवाई के बाद लोकपाल जो आदेश पारित करते हैं, उस आदेश के खिलाफ दूसरा पक्ष राजस्तरीय अपीलीय प्राधिकार में अपना पक्ष रख सकता है. राज्य में अभी तक प्राधिकरण के गठन नहीं होने से मनरेगा की शिकायतों पर पारित लोकपाल के आदेश के खिलाफ अपील नहीं हो पा रही हैं. वर्तमान में राज्य के 19 जिलो में ही मनरेगा लोकपाल की नियुक्ति की गयी है.

### कितने लोगों की होनी है नियुक्ति

अपीलीय प्राधिकरण के पद पर तीन लोगों की नियुक्ति की जानी है. सामाजिक, शिक्षा व प्रशासनिक क्षेत्र में जिन्होंने कार्य किये हैं, उन्हें ही इन पदों के लिए योग्य माना गया है. ग्रामीण विकास विभाग ने जो आवेदन मांगे थे, उसमें बड़ी संख्या में योग्य लोगों ने आवेदन जमा किये थे.

### झारखंड आंदोलनकारी व आश्रितों की पेंशन के लिए राशि आवंटित

# 4.26 करोड़ रुपये का आवंटन



संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारी और उसके आश्रितों को पेंशन की सुविधा के लिए झारखंड गृह विभाग ने 4.26 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं. इसको लेकर गृह सचिव वंदना दादेल ने गढ़वा को छोड़ कर बाकी सभी जिलों के डीसी को आदेश जारी किया है. जारी आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित राशि की निकासी जिला कोषागार से की जाएगी.

**किस जिले के लिए कितनी राशि आवंटित**

| जिला - राशि (रुपये में) | जिला - राशि (रुपये में) |
|---|---|
| बोकारो - 22.47 लाख | कोडरमा - 23.93 लाख |
| चाईबासा - 6.80 लाख | लातेहार - 1.00 लाख |
| चतरा - 9.64 लाख | लोहरदगा - 26.55 लाख |
| देवघर - 7.69 लाख | पाकुड - 1.98 लाख |
| धनबाद - 37.89 लाख | पलामू - 1.47 लाख |
| दुमका - 42.32 लाख | रामगढ़ - 22.45 लाख |
| गिरिडीह - 36.66 लाख | रांची - 22.50 लाख |
| गोड्डा - 15.12 लाख | साहिबगंज - 1.47 लाख |
| गुमला - 7.92 लाख | सरायकेला - 14.28 लाख |
| हजारीबाग - 37.45 लाख | सिमडेगा - 3.32 लाख |
| जमशेदपुर - 65.06 लाख | खूंटी - 5.33 लाख |
| जामताड़ा - 13.27 लाख | कुल - 4.26 करोड़ |

# कोडरमा में लाल-भगवा के बीच कांटे की टक्कर

प्रवीण कुमार। कोडरमा/रांची



अन्नपूर्णा देवी | विनोद सिंह | जेपी वर्मा

**चुनावी समर**

- विनोद सिंह की साफ छवि अन्नपूर्णा के लिए बड़ी चुनौती
- झामुमो के बागी जेपी वर्मा ने मुकाबले को बनाया रोचक

झारखंड के दूसरे चरण के चुनाव में कोडरमा लोकसभा सबसे हॉट सीट बना गया है. यहां भगवा और लाल झंडे के बीच है कांटे की टक्कर नजर आ रही है. भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह और भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी में कड़ी टक्कर है. वहीं झामुमो के बागी पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा भाजपा के परांपरगट वोटरों यानी कुशवाहा जाति को आपने पक्ष में करने में लगे हैं.

वर्मा कुशवाहा समाज के बीच अपने वजूद का चुनाव बताते हुए अपने पक्ष में वोटों का ध्रुवीकरण करते दिख रहे हैं. वहीं, विनोद सिंह की साफ छवि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के सभी वर्गों के बीच चर्चा का केंद्र बनी हुई है. माले कैडर भी रात-दिन चुनाव प्रचार में लगे हैं. 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने 753,016 वोट लाकर रिकार्ड मतों से जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार उनकी राह आसना नहीं है. जनता उनके कामकाज का हिसाब मांग रही है.

**शिक्षा के मामले में भी काफी पिछड़ा लोस क्षेत्र :** शिक्षा के मामले में भी कोडरमा लोकसभा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है. इलाके में न तो कोई इंजीनियरिंग कॉलेज है, ना ही मेडिकल कॉलेज. स्वास्थ्य के मामले में भी कोडरमा काफी पिछड़ा हुआ है. इलाके में पत्थर खनन कार्य भी पर्यावरणीय कारणों से अधिकांश बंद हो चुका है. उपजाऊ जमीन रहते हुए भी सिंचाई के साधन सृजित नहीं होने से यहां की कृषि व्यवस्था भी बारिश पर टिकी हुई है. क्षेत्र में अगर कम बारिश हुई, तो कृषि व्यवस्था चरमरा जाती है.

### रोजगार के लिए पलायन क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा

पलायन कोडरमा विधानसभा के ग्रामीण कहते हैं कि अन्नपूर्णा देवी के विधायक रहते अभ्रक नगरी के रूप में दुनिया में प्रख्यात कोडरमा की पहचान खत्म हो गयी. इसे बचाने के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया. इस क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार के लिए पलायन का है. इलाके की पहचान प्रवासी श्रमिकों को उपलब्ध करानेवाले क्षेत्र के रूप में बन गयी है. राज्य के किसी अन्य संसदीय क्षेत्र से कहीं ज्यादा यहां के लोग रोजगार के लिए पलायन करते हैं.

### टूटता नजर आ रहा जातीय बंधन

जानकार बताते हैं कि 2024 के चुनाव में जातीय बंधन टूटता नजर आ रहा है. कोडरमा लोकसभा का बरकट्ठा व कोडरमा विधानसभा यादव बहुल है. यहां का यादव वोटर दो भागों में बंटते नजर आ रहे हैं. वहीं, राजधनवार में भूमिहार जाति का वर्चस्व है. जमुआ में कुशवाहा व भूमिहार दोनों जातियां डोमिनेंट करती हैं. गांडेय में संताली और मुस्लिम के साथ-साथ कुशवाहा जाति के वोटरों की अच्छी संख्या है. वहीं बगोदर में मिश्रित आबादी है. अब तक के चुनावों में कुशवाहा वोटर भाजपा के साथ रहे हैं, लेकिन इस बार साथ छोड़ते दिख रहे हैं. कोडरमा लोस में घटवार वोटरों की संख्या एक लाख से ऊपर है. वहीं, अगड़ी जातियां करीब तीन लाख, 4.5 लाख के करीब यादव और इतने ही मुस्लिम वोटर हैं.

**तारीख पर तारीख** पतरातू थर्मल पावर प्लांट से बिजली लेने के लिए अब तक नहीं बन पाया है ट्रांसमिशन लाइन

# करार के नौ साल गुजर गये, जुलाई में भी बिजली उत्पादन संभव नहीं

- वर्ष 2015 में एनटीपीसी के साथ हुआ था करार
- बनहर्दी कोल ब्लॉक के ड्रिलिंग का काम पूरा नहीं

रवि भारती। रांची

पतरातू में निर्माणाधीन 4000 मेगावाट के पावर प्लांट से जुलाई से भी उत्पादन संभवन नहीं है. पावर प्लांट का निर्माण एनटीपीसी कर रहा है. पहले मार्च 2024 में, फिर जुलाई 2024 में बिजली उत्पादन की बात कही गई थी. लेकिन सूत्रों के मुताबिक, जुलाई में भी इस प्लांट से बिजली उत्पादन की संभावना कम है. वहीं पीएमओ हर हाल में 2024 में ही पतरातू पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू कराना चाहता है.

**2019 में शुरू होना था पहले चरण का उत्पादन :** पतरातू में 4000 मेगावाट पावर प्लांट बनाने के लिए झारखंड सरकार ने 2015 में एनटीपीसी के साथ करार किया था. पावर प्लांट के लिए हुए करार के लगभग नौ साल गुजर गए. करार के मुताबिक, पहले चरण में 2400 मेगावाट का पावर प्लांट बनना है और दूसरे चरण में 1600 मेगावाट पावर प्लांट बनाया जाना है. पहले चरण का उत्पादन साल 2019 में शुरू होना था. राज्य सरकार और एनटीपीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार को मिलेगी.

**एनटीपीसी व जेबीवीयूएनएल है 74:26 का शेयरधारक :** करार के अनुसार, एनटीपीसी 74 फीसदी व जेबीवीयूएनल 26 फीसदी की शेयरधारक है. जेबीवीयूएनएल पैसा नहीं लगाएगी. कंपनी जमीन, कोयला व पानी देगी. पैसा एनटीपीसी लगाएगी. एनटीपीसी बैंक से लोन लेकर पैसा लगाएगी और झारखंड सरकार का उर्जा विभाग इसकी मॉनिटरिंग करेगा.

### जेबीवीएनएल व एनटीपीसी के बीच बनी ज्वाइंट वेंचर कंपनी



वर्ष 2015 में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड और एनटीपीसी के बीच ज्वाइंट वेंचर कंपनी पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) बनी. वर्ष 2016 में कंपनी को एनटीपीसी हवाले किया गया. इसके बाद इस वर्ष जनवरी में भेल को इसका कार्यादेश दिया गया.

### यहां भी फंसा है पेच

- प्लांट से बिजली लेने के लिए अब तक पूरी तरह से ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण नहीं हो पाया है.
- राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि अक्तूबर 2023 तक 3300 मेगावाट के लिए ट्रांसमिशन लाइन उपलब्ध करा दिया जाएगा.
- पतरातू पावर प्लांट के लिए आवंटित बनहर्दी कोल ब्लॉक की अब तक पूरी तरह से ड्रिलिंग ही नहीं हो पाई है.
- बनहर्दी कोल ब्लॉक में वन भूमि का मामला अब तक क्लियर नहीं हो पाया है.

### पतरातू पावर प्लांट की पीएम ने की थी समीक्षा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2022 को पतरातू पावर प्लांट की ऑनलाइन समीक्षा की थी. इस दौरान झारखंड के मुख्य सचिव ने पीएम मोदी को बताया था कि वर्ष 2024 से पतरातू के निर्माणाधीन 4000 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट से बिजली उत्पादन होने लगेगा.

**झारखंड विस नियुक्ति घोटाला**

# हाईकोर्ट में अब शुक्रवार को सुनवाई

संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- दोनों कमेटियों की सीलबंद रिपोर्ट पेश करने का निर्देश
- वर्ष 2005 से 2007 के बीच विधानसभा में हुई थी नियुक्ति

झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दायर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय कमेटी की सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही सरकार को एफिडेविट के माध्यम से दोनों रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है.

अब इस मामले में अदालत 16 मई को सुनवाई करेगा. विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की. इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है. याचिका में कहा है कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है. जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया था. आयोग ने 2018 में राज्यपाल को जांच रिपोर्ट भी सौंपी थी. इसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद, मंगलवार 14 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 35

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### खराब सड़क को लेकर टुंडी के ग्रामीण गुस्से में

टुंडी। टुंडी प्रखंड के बरवाटांड़ पंचायत के कमारडीह से बरवाटांड़ के बीच सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है. गांव के सैकड़ों पुरुष-महिलाओं ने कमारडीह के पास विरोध प्रदर्शन किया और सड़क नहीं होने से वोट नहीं के नारे लगाये. इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी. रास्ता कमारडीह से पश्चिम की ओर जाता है, जिसकी स्थिति काफी जर्जर है. सड़क की मरम्मत पिछले दस वर्षों से नहीं हुई है.

### फीडर में गड़बड़ी से गोमो में ब्लैकआउट

गोमो। झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड दुग्दा सब स्टेशन के गोमो फीडर में गड़बड़ी होने से सोमवार को गोमो सहित आसपास का पूरा इलाका ब्लैकआउट हो जाने से करीब रात 9:00 बजे तक बिजली नदारत रही. संपर्क करने पर गोमो विद्युत सब स्टेशन के कर्मचारियों ने बताया कि दुग्दा विद्युत सब स्टेशन में तकनीकी गड़बड़ी हो गई है. दोसा कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उसे दुरुस्त किया जा रहा है लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद भी कंपनी के कर्मचारियों ने उसे ठीक नहीं कर पा रहे हैं. जिसके कारण गोमो के आसपास का इलाका में बिजली दोपहर से बाधित है.

### ओवरहेड तार टूटने से चार घंटे ट्रेनें बाधित

गोमो। धनबाद रेल मंडल के मानपुर रेलवे स्टेशन मध्य स्थित बंशी नाला ब्लॉक हॉल्ट के समीप सोमवार सुबह लगभग 6:15 बजे गांधीधाम गरबा हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन इंजन का पेनटो टूटने से लगभग एक किलोमीटर दूर तक ओवरहेड का तार टूट गया. जिससे ग्रैंड कार्ड सेक्शन के डाउन लाइन पर लगभग 4 घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा. सूत्रों के अनुसार सूचना मिलते ही टीआरडी धनबाद और गोमो टेक्नीशियन रेलकर्मी घटनास्थल पहुंचे और टूटे हुए तार को दुरुस्त किया. इसके उपरांत ट्रेनों का परिचालन चालू हुआ। इस बीच लगभग चार घंटे तक डाउन लाईन पर परिचालन बाधित रहा.

### अनुपमा को समर्थन

धनबाद। धनबाद हीरापुर माडा कॉलोनी में विशाल फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकी ने धनबाद लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन दिया है. कहा कि बीजेपी झूठा वादा करती है और लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है. ऐसे में अनुपमा के साथ वे और उनकी पूरी टीम खड़ी है. इस मौके पर सतीश कुमार, भादू यादव,कलू कुमार, मुन्ना अग्रवाल, इरशाद खान, राज कुमार, शिवनारायण सिंह, रीता देवी, कुंती देवी, कमला देवी, बसंती देवी, रेणु देवी, आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे.

## नो ट्रांसपोर्टिंग-नो वोटिंग : लोडिंग प्वाइंट से 11 गाड़ी बगैर लोडिंग किए ही निकली, पुलिस की सूझबूझ से टला संघर्ष

# लोकल सेल में गुंडा टैक्स के खिलाफ वोट बहिष्कार का ऐलान

राम कुमार पाण्डेय । कतरास



बीसीसीएल एरिया तीन के न्यू आकाशकिनारी कोलियरी के हायर पेंच एच के कोलडंप में लोकल सेल में रंगदारी के लिए वर्चस्व को लेकर मैनुअल कोल लोडिंग कार्य बाधित रहने से मजूदूरों ने नो ट्रांसपोटिंग-नो वोटिंग करने का ऐलान किया है. सैकड़ों मजदूर परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं. उनके समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है. झूझ लोकल सेल के मजदूरों के बीच रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है.जिससे नाराज़ मजदूर अब वोट बहिष्कार का मन बना रहे हैं.

सोमवार को लोकल सेल के मजदूरों ने आगरडीह बस्ती में विरोध प्रकट करते हुए जिला प्रशासन से अविलंब लोकल सेल चालू कराने की मांग की है. लोकल सेल चालू नहीं होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है. सेल के मजदूरों ने बताया कि करीब 3 वर्ष पूर्व न्यू आकाशकिनारी में लोकल सेल को रंगदारी को लेकर बंद कर दिया गया था.

लंबे इंतजार के बाद लोकल सेल करीब एक माह पहले शुरू किया गया है, जिसमें करीब दो सौ से अधिक मजदूरों को रोजगार का अवसर मिला है.लेकिन सेल में कतिपय नेता वर्चस्व कायम कर गुंडा टैक्स लेना चाह रहे हैं. गुंडा टैक्स नहीं मिलने पर कोलडंप में विवाद उत्पन्न करवा रहे हैं. जिससे लोकल सेल का काम प्रभावित हो रहा है. इस वजह से सेल से जुड़े सैकड़ों मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है. मजदूरो ने कहा कि जब हम गरीब मजदूरों को रोजगार ही नहीं मिलेगा तो लोगों के घरों में कैसे चूल्हा जलेगा. हम मजदूर परिवार वोट देकर किसी को क्यों विधायक या सांसद बनाएंगे.

मालूम हो कि बीते शुक्रवार को वर्चस्व को लेकर कोलडंप में दो पक्षों में तनातनी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी. लोडिंग प्वाइंट से 11 गाड़ी बगैर कोयला लोड के बाहर चली गई थी. कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह के सूझबूझ के कारण खूनी संघर्ष होने से टल गया था. तनाव को देखते हुए परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार के निर्देश पर तत्काल लोडिंग पर रोक लगा दी गई है.

### वार्ता को बुलाया है : जीएम

मामले को लेकर बीसीसीएल एरिया तीन के महाप्रबंधक जीसी शाहा ने बताया कि लोकल सेल में दो पक्षों में उत्पन्न विवाद के बाद विधि व्यवस्था को लेकर कतरास पुलिस को लिखित प्रतिवेदन दिया गया है। थाना में दोनों पक्षों तथा डीओ होल्डरों को वार्ता के लिए बुलाया गया है।

### लोकल सेल से ही रोजी-रोटी : राजेश



लोकल सेल मजदूर राजेश भूईयां ने बताया कि करीब 3 वर्ष बाद लोकल सेल चालू हुआ, लेकिन नेताओं की रंगदारी के कारण पुन: लोकल सेल बंद हो गया है. लोकल सेल ही हम मजदूर के रोजगार का साधन है, जो अब बंद है. प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द लोकल सेल शुरू करवाएं, नहीं तो हम सभी मजदूर वोट नहीं देंगे.

### दुखड़ा सुननेवाला कोई नहीं : विक्की



मजदूर विक्की भुईयां ने कहा कि लोकल सेल में गाड़ी लोड कर हमलोग परिवार चलाते हैं, लेकिन गुंडागर्दी के कारण लोकल सेल बंद है. हम गरीबों का दुखड़ा सुननेवाला कोई नहीं है तो फिर हम लोग वोट क्यों करेंगे.

### भुखमरी की स्थिति : फुलवा



महिला मजदूर फुलवा देवी ने कहा कि रंगदारी के लिए मारपीट कर लोकल सेल को बंद कराया गया है. लोकल सेल बंद रहने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. हम लोग नेताओं को वोट नहीं करेंगे.

### रोजगार नहीं तो वोट नहीं : मंजू देवी




मंजू देवी ने कहा कि जिला प्रशासन हम गरीबों को न्याय दिलाएं. अगर लोकल सेल चालू नहीं हुआ तो हमलोग वोट नहीं करेंगे. रोजगार नहीं मिलेगा तो नेता चुनने से क्या फायदा.

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की फिर फिसली जुबान, लगातार तोड़ रहे हैं मर्यादा

# सांसद 20 साल तक गांजा पीकर घूमते रहे

संवाददाता । धनबाद



भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो का विवादों से चोली दामन का साथ है एक विवाद सुलझता नहीं कि दूसरे से नाता जोड़ लेते हैं. केस मुकदमों के साथ ही अपने बड़बोलेपन के कारण भी चर्चा में बने रहते हैं. चुनाव के दौरान भी उनकी बयानबाज़ी में संयम नहीं देखा जा रहा है. ढुलू लगातार अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ बयान देने से नहीं चूक रहे हैं. इस बार उन्होंने ऐसा बयान दे दिया, जो किसी को हजम नहीं हो रहा है. इस बयान को लेकर ढुलू महतो एक बार फिर सुर्खियों में हैं. चंदनकियारी में आजसू पार्टी की चुनावी सभा मे ढुलू ने कह दिया कि पिछले बीस वर्षों से सांसद गांजा पीकर घूमते रहे तो उन्हें किसी ने कुछ नहीं कहा. इस बार गांव के बेटे को टिकट मिल गया है तो कुछ लोगों के पेट मे दर्द हो रहा है. ढुलू के इस बयान का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है.

वायरल वीडियो के साथ कमलेश सिंह ने अपने फेसबुक वॉल पर लिखा है कि जो अपने बड़े बुजुर्ग और अपनी ही पार्टी के सांसद विधायक की इज़्ज़त नहीं करता है, वह आम जनता की कद्र क्या करेगा.

ढुलू महतो अपने बड़बोले बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहते हैं. पिछले दिनों उन्होंने अपने ही पार्टी के सांसद विधायक पर अपराधियों व कोयला चोरों से मिलीभगत का आरोप लगा दिया था. जिसमें उन्होंने कहा था कि धनबाद में बढ़े अपराध और कोयला चोरी के खिलाफ सिर्फ उन्होंने ही विरोध किया था. दूसरे विधायक और सांसद इसलिए नहीं बोलते क्योंकि या तो डरते हैं या पैसे लेते हैं.

### संसदीय भाषा का करें प्रयोग : रवींद्र पांडेय



इधर ढुलू महतो के बयान पर गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने अपने बेरमो आवास पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि धनबाद लोकसभा चुनाव में बाघमारा विधायक सह बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो भाजपा के बरात के दूल्हे हैं. दूल्हे को कम और संयमित भाषा में बात करनी चाहिए. आम लोग कई तरह की बातें करेंगे लेकिन उनको संसदीय भाषा का प्रयोग करना चाहिए. ये चिनंतीय विषय है.

### शहर के दो घरों में लाखों की चोरी

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के अजंतापाड़ा और हीरापुर में दो घरों में चोरों ने नकदी समेत लाखों की संपत्ति चोरी कर ली. इस संबंध में दोनों भुक्तभोगी ने धनबाद थाना में लिखित शिकायत की है. पुलिस ने कहा कि अमनदीप पांडेय का घर अजंतापाड़ा में है. वे रविवार को रिश्तेदार के घर गए थे. सोमवार को वापस लौटे तो देखा कि घर के दरवाजा का लॉक टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है. चोरों ने घर से नकदी व जेवरात समेत लाखों की संपत्ति चोरी कर ली थी. वहीं हीरापुर स्थित विनोद मार्केट के पास आयशा खातून के घर से भी चोरी हुई है.

# प्रधानमंत्री मोदी का गिरिडीह दौरा आज

## बिरनी में सभा को करेंगे संबोधित

संवाददाता । गिरिडीह



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई मंगलवार को चुनावी दौरे पर गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड आएंगे. वह यहां पेशम में कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक व पार्टी स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है. सभा स्थल पर भव्य पंडाल बनाया गया है. सभा स्थल से कुछ ही दूरी पर हेलीपैड बनाया गया है, जहां पीएम मोदी हेलीकॉप्टर से उतरेंगे. सुरक्षा को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है. डीसी नमन प्रियेश लकड़ा व एसपी दीपक शर्मा अन्य अधिकारियों के साथ स्थल का कई बार दौरा कर चुके हैं. एसपीजी की टीम ने सोमवार को डीसी व एसपी के साथ सभा स्थल व हेलीपैड का जायजा लिया. अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए. एसपीजी ने सभा स्थल की कमान अपने हाथ में ले ली है.

एसपी दीपक शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है. चप्पे-चप्पे पर हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे. दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जा रही है. इसमें 50 इंस्पेक्टर, 280 एसआई व एएसआई, 1146 लाठी बल, 50 ट्रैफिक पुलिस, दो बीडीएस की टीम, दो हिट टीम, तीन डॉग स्कवायड सहित इको की आधा दर्जन टीमें तैनात रहेंगी. सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी पुलिस बल को बुलाया गया है. जमुआ के भाजपा विधायक केदार हाजरा ने बताया कि यह कार्यक्रम कोडरमा लोकसभा और बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक होगा. प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है.

### ढुल्लू के खिलाफ कोर्ट में गवाही

■ मारपीट व गालीगलौज का आरोप

धनबाद : धनबाद के एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश डीके अवस्थी की अदालत में डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई सोमवार को अदालत में हुई. इस दौरान आरोपी विधायक ढुल्लू हाजिर नहीं थे. अदालत में कांड के गवाह अशोक महतो का बयान दर्ज किया गया. गवाह ने अपने बयान में घटना का समर्थन किया. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. इसके अलावा हाइवा व टीपर लूटपाट के मामले की भी सुनवाई हुई.

**ये है आरोप :** किरण महतो की शिकायत पर 15 फरवरी 2020 को केदार यादव, रियाज अंसारी, सोनू शर्मा, राजू शर्मा ,बॉबी खान एवं अमजद खान के विरुद्ध लूट, मारपीट व आर्म्स एक्ट के धाराओं में केस दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 15 फरवरी 20 को उसका 4 हाईवा व टीपर केशरगढ़ साइडिंग में चल रहा था. इसी बीच किरण को सूचना मिली कि ढुल्लू समर्थक उपरोक्त सभी लोग उनके हाईवा मशीन लूट कर ले जा रहे हैं . डोमन महतो की शिकायत पर 29 अप्रैल 2019 को विधायक ढुल्लू महतो, अजय गोराई, बूढ़ा राय, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह के विरुद्ध गाली गलौज व जानलेवा हमले का आरोप था.




# सरकारी नौकरी देना हमारा लक्ष्य : अनुपमा




### खास बातें

- राजीव गांधी शिक्षक ट्रेनिंग कॉलेज में अनुपमा ने छात्रों व शिक्षकों के साथ की बैठक
- कहा-तानाशाह का एक ही इलाज है और वो है कांग्रेस

संवाददाता । धनबाद

देश में सरकारी नौकरियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने और निजीकरण को रोकने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है. इसी प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए अभियान चलाने के क्रम में डिगवाडीह स्थित राजीव गांधी शिक्षक ट्रेनिंग कॉलेज पहुंची हूं. देश में व्याप्त तानाशाही और निरंकुश भाजपा सरकार के खिलाफ एकजुट होकर उखाड़ फेंकने का काम करें. उक्त बातें कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने सोमवार को लोसक्षेत्र में जन संर्पक अभियान के दौरान कही.

डिगवाडीह स्थित राजीव गांधी शिक्षक ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित बैठक में शामिल हुई और वहां मौजूद विद्यार्थियों और शिक्षकों को बताया कि इंडिया महागठबंधन देश को फिर आत्मनिर्भरता की ओर ले जा सकती है. देश को आगे बढ़ाने के लिए इंडिया महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करनी है. उन्होंने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जनसंपर्क अभियान चलाने के क्रम में जामाडोबा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात की. कहा कि जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए आमजन की आशाओं को परिपूर्ण करना हमारा लक्ष्य है. चासनाला स्थित गवर्नमेंट अस्पताल के पास लोगों ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया. यहां लोगों को कहा कि आपसे प्राप्त स्नेह और आशीर्वाद हरपल आपके हकों और अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ने को प्रेरित करता है. भविष्य में भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर धनबाद की हर समस्या को खत्म करने का काम करना है. डिगवाडीह बूढ़ीबांध में जनसभा को संबोधित कर देश के हालातों से अवगत कराया. कहा कि मोदी सरकार समाज के हर तबके को नुकसान पहुंचा चुकी है. हर वर्ग के लिए अभी भी संभलने का टाइम है. सही निर्णय लेकर अपने अधिकारों को बचाएं, वर्ना देश में तानाशाही चरम पर होगी और हर आम लोग ही इसके शिकार होंगे.

## ब्रीफ खबरें

### झाड़ियों से 40 टन कोयला जप्त

**कतरास।** सोमवार को अंगारपथरा ओपी पुलिस और कतरास क्षेत्र के सीआइएसएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से छापामारी कर अंगारपथरा रेलवे स्टेशन के इर्द-गिर्द झाड़ियों से करीब चालीस टन कोयला बरामद किया. टीम ने बरामद कोयले को जप्त कर बीसीसीएल प्रबंधक को सुपुर्द कर दिया. छापामारी के संबंध में ओपी प्रभारी विकास दास विधाता ने बताया कि अंगारपथरा स्टेशन के बगल के झाड़ियों में कोयला चोरों ने करीब 40 टन कोयला अवैध रूप से जमा कर रखा था.

### पुल से छलांग लगाने वाले की मौत

**बराकर।** चिरकुंडा -बराकर रोड के पुल से रविवार की देर रात छलांग लगाने से गंभीर रूप से घायल सिद्धार्थ गुप्ता को एसएनएमसीएच धनबाद के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करा कर सोमवार को सुंदर नगर श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया. सिद्धार्थ के पिता सब्जी विक्रेता हैं. चिरकुंडा बाजार में दुकान है. वह पिता के साथ सब्जी बेचने में पिता का हाथ बटांता था. वह मानसिक रूप से कमजोर व नशे का भी आदि था.

### जगदीश ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**बलियापुर।** मासस के लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी ने सोमवार को बलियापुर क्षेत्र के बाघमारा पंचायत, बिरसिंहपुर पंचायत, घड़बड़ पंचायत के विभिन्न गांव टोला में जनसंपर्क अभियान चलाकर मासस के पक्ष में कैंची छाप पर वोट डालने का अपील किया. मासस लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि भाजपा ने धनबाद की जनता को धोखा देने का काम किया है. धनबाद की जनता का भाजपा से मोह भंग हो चुका है. मौके पर मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, उप प्रमुख आशा देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

### उपायुक्त ने किया बज्रगृह का निरीक्षण

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के निमित्त सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति एवं धनबाद पॉलिटेक्निक स्थित डिस्पैच सेंटर सह बज्रगृह में चल करने कार्यों का निरीक्षण किया. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने टुंडी विधानसभा, बाघमारा विधानसभा, सिंदरी विधानसभा, धनबाद विधानसभा एवं झरिया विधानसभा के बूथवार रखे जा रहे ईवीएम-विविपैट कार्य का निरीक्षण किया. इसके अलावा उन्होंने ईवीएम, बज्रगृह, सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेटिंग, अग्निशमन यंत्र आदि की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### रंजय हत्याकांड में पूर्व थानेदार का बयान दर्ज

**धनबाद :** संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह की सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में अनुसंधानक सह सरायढेला के पूर्व थाना प्रभारी अरविंद कुमार का बयान अदालत में दर्ज किया गया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत को दिए बयान में अनुसंधानकर्ता ने मामले का समर्थन किया. हालांकि मामले के दूसरे अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी भी अदालत में मौजूद थे परंतु तकनीकी वजह से उनका बयान दर्ज नहीं किया जा सका.कोर्ट को दिए बयान में अनुसंधानकर्ता अरविंद कुमार ने कहा कि राजा यादव की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी. इन्होंने मामले का अनुसधान शुरू किया था. इसमें पांच गवाहों का परीक्षण किया तथा मौके वारदात से गोली का खोखा बरामद किया था.
अनुसंधानक ने कहा कि गवाहों ने घटना का समर्थन किया.

### प्रेम प्रकाश का कोर्ट परिसर में जनसंपर्क अभियान

**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम प्रकाश पासवान सोमवार को धनबाद कोर्ट परिसर में जनसंपर्क किया तथा सभी मतदाताओं से बल्ला छाप पर वोट देने की अपील की. उन्होंने कहा कि उनका जीवन पिछले 26 सालों से समाज के लिए समर्पित है और जनता का आशीर्वाद मिलने पर वह जनता के हर दुख तकलीफ को खुशियों में बदलने का काम करेंगे .

# संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना जरूरी : मासस

**खास बातें**
- चुनाव प्रचार के लिए बनी संचालन समिति

संवाददाता । मधुबन




**मधुबन ।** खरखरी में मासस प्रखंड कमिटी की एक बैठक कॉ० मुक्तेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई. संचालन कॉ० राजेश कुमार महतो ने किया . बैठक में मुख्य रूप से मासस के जिला उपाध्यक्ष कॉ० शेख रहीम ने कहा कि आज की बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है, जो चुनाव से संबंधित है. गिरिडीह से लोकसभा प्रत्याशी इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो को मासस केंद्रीय कमेटी ने पूर्ण रूप से समर्थन करने की घोषणा की है. इसलिए हम तमाम साथियों का यह जिम्मेवारी है कि गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी को हर हाल में जीत दिलाने का काम करें, क्योंकि यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है. यह देश बचाने की चुनाव है. संविधान बचाने की चुनाव है. तानाशाही के खिलाफ चुनाव है. झूठ और जुमलेबाजों के खिलाफ यह चुनाव है, यह चुनाव देश की दशा और दिशा तय करने की चुनाव है. इस जिम्मेवारी को समझते हुए केंद्रीय कमिटी मासस ने निर्णय लिया है कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को हर हाल में समर्थन कर जीताना है.

# बाघमारा में आतंक राज के खत्मा के लिए राजद है तैयार: रोहित

- झामुमो प्रत्याशी को वोट के लिए प्रत्येक बूथ में 10-10 लोगों को जोड़ने की अपील

**कतरास।** देश में बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार व तानाशाही मिटाने तथा बाघमारा में आतंक की माहौल का खात्मा के लिए इंडिया गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को भारी मतों से विजय बनाने के लिए राजद का एक-एक कार्यकर्ता लगें हैं. उक्त बातें तेतुलिया में आयोजित राजद के कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड बाघमारा अध्यक्ष रोहित यादव ने कहा. उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि एक बूथ में 10-10 लोगों को जोड़े और लोगों को झामुमो के चुनाव चिन्ह तीर धनुष पर वोट देने के लिए प्रेरित करें. साथ ही कहा कि कार्यकर्ता टोला मुहल्ला में गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करें. कार्यक्रम की अध्यक्षता परेश दसौंधी व संचालन सोनू शर्मा ने किया. मौके पर मान सिंह, विनय पासवान, रामजी यादव, ब्रजेश सिंह, दिलीप मिश्रा, इंद्रदेव पासवान, मो मिराज, विनय पासवान, विजय साव, मो आमिनुल्लाह, मान सिंह , मुन्ना सिद्दकी, संजय जयसवाल, मो हसन आदि उपस्थित थे.

# ढुल्लू महतो पूरे समाज के लिए जहर के समान हैं: संतोष सिंह

**अनुपमा सिंह के पक्ष में चलाया जनसर्म्पक अभियान**

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत पथुरिया पंचायत के वरीयो पथुरीया, शिवपुर, पथुरीया बस्ती सहित विभिन्न गांवों एवं टोला में चुनाव प्रचार कर लोगों से हाथ छाप में वोट देकर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने का आह्वान किया. जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने गोविंदपुर प्रखंड के पथुरिया पंचायत सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित किया एवं जनसंपर्क अभियान चलाया. जनसंपर्क अभियान व जनसभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो सर्व समाज के लिए धनबाद में जहर के समान है. सिंह ने कहा कि भाजपा विधायक ढुल्लू महतो भाजपाई सासंद और विधायक को कोयला चोर बोल रहे हैं. इससे धनबाद के भाजपाई भी आहत हैं. उन्होने कहा कि धनबाद में इस चुनाव में कांग्रेस की लहर है. सिंह ने कहा कि मोदी सरकार लोगों को झूठा आश्वासन देकर लोगों को छलने का काम कर रही है. मोदी सरकार देश में जाति और धर्म के साथ समाज में भाई-भाई को बांटने का काम कर रही है.

# धनबाद के बच्चों ने लहराया परचम

**सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट जारी**



संवाददाता । धनबाद

धनबाद में सोमवार को सीबीएसई परीक्षाफल घोषित होने के बाद बच्चों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी. धनबाद के बच्चों ने इस परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल किया है. जिले में सीबीएसई के विद्यार्थियों में रिजल्ट को लेकर खासी उत्साह देखी गई. यहां के बच्चों ने इस परीक्षा में कामयाबी का परचम लहराया है. स्कूल के शिक्षक और अभिभावकों में परीक्षा परिणाम को लेकर खुशी देखी जा रही है. बेहतर अंकों से पास करने पर मिठाई दुकानों में लोगों की भीड़ देखने को मिली.

### प्रेरणा प्रिया रहीं विद्यालय टॉपर



**बाघमारा।** सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा आयोजित एआईएसएससीई 2024 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा के कक्षा द्वादश के भैया/बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा का नाम भी रौशन किया है. इस परीक्षा में कुल 49 भैया-बहन शामिल हुए थे. विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा. बहन प्रेरणा प्रिया 94.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में अव्वल रही.

### इंटर में खुशी को 95 प्रतिशत अंक मिले



**गोविंदपुर।** स्थानीय बरियो गांव निवासी एवं उच्च विद्यालय फतेहपुर के शिक्षक मुजीबुर रहमान एवं नसीमा खातून की पुत्री खुशी प्रवीण ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 95% अंकों के साथ सफलता पाई है. वह क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल बरियो की छात्रा है. वह डॉक्टर बनना चाहती है. उसने सफलता का श्रेय अपने मामा झारखंड सरकार के डीएसपी वसीम रजा को दिया. वह डॉक्टर बनकर गरीबों का मुफ्त इलाज भी करना चाहती है.

### छात्रों ने किया डॉन बोस्को स्कूल का नाम रौशन

**निरसा।** रामकनाली स्थित डॉन बोस्को स्कूल की छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षाओं में उम्दा प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन किया. उनकी सफलता पर माता पिता के साथ स्कूल के शिक्षकों सहित परिजनों ने बधाइयां दी . बेनागोरिया के सिद्धार्थ शिव ने 95.66 प्रतिशत, कलियासोल के अनिक मंडल ने 94.16 प्रतिशत एवं रंगामाटी के स्नेहा विशाल ने 92 प्रतिशत अंक लाकर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया. इनकी सफलता पर इनके घर में खुशी का माहौल है . बच्चों ने इसका श्रेय अपने माता पिता के साथ गुरुजनों को दिया है. बच्चों की सफलता ने न केवल स्कूल बल्कि निरसा का भी नाम रौशन किया है.

### प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं तन्वी



**गोविंदपुर।** सीबीएसई 10वीं परीक्षा में गोविंदपुर के युवा व्यवसायी मनोज अग्रवाल एवं सविता अग्रवाल की पुत्री तनवी अग्रवाल ने 94% अंक हासिल किया है. वह धनबाद पब्लिक स्कूल की विद्यार्थी है। उसने कहा कि वह अपने ताऊ किशन अग्रवाल एवं ताई सीमा अग्रवाल की लगातार प्रेरणा से यहां तक पहुंची है. वह 12 वीं कॉमर्स में दाखिला लेगी. फिर भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने की तैयारी करेगी.

### साक्षी सिंह 91.2 प्रतिशत लाकर बनीं स्कूल टॉपर



**बराकर।** सोमवार को सीबीएसई के माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा की गई. इस दौरान पश्चिम बंगाल के सीमा से सेट चिरकुंडा स्थित अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर में भी माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई. इस दौरान बताया गया कि अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर से 115 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें से सर्वाधिक विद्यालय की छात्रा साक्षी सिंह ने 91 . 2% अंक प्राप्त किया. वहीं उच्च माध्यमिक आर्ट्स विभाग की परीक्षा में संचित कुमारी ने 91% अंक प्राप्त की.

### मैथन केंद्रीय विद्यालय के छात्रों का रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**मैथन।** विद्यालय के 12 वीं में कुल 108 एवं 10 वीं परीक्षा में कुल 108 बच्चों ने परीक्षा में शामिल हुए थे और सभी बच्चों ने अच्छे नंबरों से पास हुए. 12 वीं साइंस संकाय में जहां फैजान फहीम अंसारी ने 95 प्रतिशत नंबर लाकर स्कूल टॉपर का गौरव प्राप्त किया, वहीं अश्विनी विसेन ने 94.2 प्रतिशत एवं निधिराज साव ने 93 प्रतिशत नंबर लाकर क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है. 12 वीं वाणिज्य संकाय में कुशल खरकिया ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बना, जबकि अनुष्का ठाकुर ने 94.8 प्राप्त कर द्वितीय एवं अंजली कुमारी ने 93.6 प्रतिशत नंबर लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है.

### केंद्रीय विद्यालय गोमो के छात्रों ने किया उम्दा प्रदर्शन



**गोमो।** सीबीएसई बोर्ड के 10 वीं और 12 वीं परीक्षा में पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोमो के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ अपने माता पिता का भी नाम रौशन किया। साईंस में 12वी में आदर्श वर्णवाल 454 अंक 90.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर रहा. जबकि मलय चटर्जी 417 अंक 83 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे. तरुण कुमार मंडल 414 अंक 82.8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल करने में सफल रहे. कॉमर्स 12 वीं में लक्ष्मी कुमारी 471अंक 94 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनी, अंशीका चंद्रा 469अंक 93 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल करने में सफल रहे हैं. वहीं डोना पाल 465 अंक 93 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल करने में सफल रहे. वहीं 10वीं की परीक्षा में निधि कुमारी व सुमेया कृति 473 अंक 94 प्रतिशत प्राप्त कर ज्वाइंट टॉपर बनीं। जबकि स्रोया झा 455 अंक 91 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल करने में सफल रही। वहीं अंकित कुमार 444 अंक 88.8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल करने में सफल रहे।

**मुगमा में पेयजल संकट से जूझ रहे लोग**

# ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का एलान



**खास बातें**
- ग्रामीणों को समझाने पहुंचे नोडल पदाधिकारी व मुखिया

संवाददाता । मैथन

एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के मुगमा गोपीनाथपुर बस्ती का बाउरी टोला और आदिवासी टोला के लोग अवैध कोयला खदान का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं. दो पीढ़ी गुजर गये, लेकिन अबतक यहां पानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है. मुखिया, विधायक और सांसद के अलावा पेयजल व स्वच्छता विभाग से फरियाद करते-करते लोग थक गये. अब उन्होंने मन बना लिया है कि किसी नेता के चक्कर में नहीं रहेंगे. मौलिक अधिकार पेयजल के लिये खुद लड़ेंगे. जिसकी शुरूआत लोकसभा चुनाव में वोट वहिष्कार से किया. वोट वहिष्कार की बात एग्यारकुण्ड बीडीओ तक पहुंची. उन्होंने सोमवार को नोडल पदाधिकारी प्रमोद झा को टोला भेजा. टोला पहुंचते ही श्री झा को ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा. नारा लगाते हुए कहा कि पानी नहीं तो वोट नहीं देंगे. हर बार नेता आते हैं और झूठा दिलासा देकर चले जाते हैं.उन्होंने ग्रामीणों से समस्या का समाधान को लेकर बातचीत की. समुचित पानी की व्यवस्था कैसे हो यह सुझाव मांगा. भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या से बीडीओ को अवगत कराकर निदान की पहल की जायेगी, तब जाकर ग्रामीण शांत हुए.

#### मुखिया को झेलनी पड़ी फजीहत

नोडल पदाधिकारी प्रमोद झा के साथ ग्रामीणों की पेयजल समस्या से अवगत होने पहुंची गोपीनाथपुर पंचायत की मुखिया बंदना देवी को खूब फजीहत झेलनी पड़ी. महिलाओं ने कहा कि आपके रहते राजकीय प्रावि के बच्चों को खदान का गंदा पानी पीना पड़ता है. दस साल से आप मुखिया हैं, लेकिन आपने भी पानी की समुचित व्यवस्था के लिए कुछ नहीं किया. जान जोखिम में डालकर गंदा पानी लेने के लिये खदान के भीतर जाना पड़ता है. इसके बाद पानी लेकर कच्चे रास्ते से होकर घर आना पड़ता है. आप चाहेंगे तो मोटर लगवा कर खदान का पानी गांव तक पहुंचा सकते हैं. जहां जलस्तर नहीं है, वहां डीप बोरिंग करवाकर मिनी टंकी बनवा दिया.

# गरीबों, शोषितों व वंचितों की आवाज बनूंगा : ढुल्लू



संवाददाता । धनबाद

**धनबाद ।** भाजपा युवा मोर्चा के धनबाद लोकसभा के बैठक में ढुल्लु महतो ने कहा कि वह धनबाद के गरीबों, शोषितों व वंचितों का आवाज बनकर लोकसभा में धनबाद का प्रतिनिधित्व करूंगा. कीर्तिमान होटल में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज की अध्यक्षता में चुनाव के मद्देनजर बैठक रखा गया. जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका रंजन आदि उपस्थित थे. भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि मैं धनबाद के गरीबों, शोषितों, वंचितों का आवाज बनकर लोकसभा में धनबाद का प्रतिनिधित्व करूंगा. कहा कि कोई भी कार्यकर्ता आएगा और मुझे कोई भी काम कहेगा तो एक सांसद के नाते नहीं एक बड़े भाई के नाते हमेशा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ में उपलब्ध रहूंगा.कार्यक्रम का संचालन बोकारो के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यसमिति सदस्य रिंकू सिंह ने किया. बैठक में तीनों जिला में रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष मंडल के पदाधिकारीगण सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय युवा और कार्यकर्ताओं के द्वारा ढुल्लू महतो का जोरदार स्वागत किया गया. भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा सात लाख से ज्यादा मतों के अंतर से विजय हासिल करेगी. इस सेमीफाइनल विजय के साथ ही 6 महीने के बाद फाइनल में झारखंड सरकार को उखाड़ कर फेंकना युवा मोर्चा का लक्ष्य होगा.

# सामान्य प्रेक्षक ने लोकसभा चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की

**मजिस्ट्रेट ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग पर ध्यान दें : के. थवसीलन**

**खास बातें**
- कंटीन्जेंसी, कम्युनिकेशन, मेडिकल, फोर्स रिक्वायरमेंट प्लान की ली जानकारी

धनबाद। संवाददाता

सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, सभी एआरओ एवं सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की. सामान्य प्रेक्षक ने निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए कंटीन्जेंसी प्लान, कम्युनिकेशन प्लान, फोर्स रिक्वायरमेंट प्लान तथा गर्मी को देखते हुए मेडिकल प्लान की जानकारी प्राप्त की. साथ ही चुनाव कार्य में लगे सभी मतदान पदाधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वरों, सेक्टर मजिस्ट्रेट को ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया. वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभावार एआरओ, एईआरओ, स्टैटिक सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वायड टीम, विडियो सर्विलांस टीम, उत्पाद विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी. इसके अलावा उन्होंने कृषि बाजार समिति, धनबाद पॉलिटेक्निक तथा निरसा पॉलिटेक्निक डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कृषि बाजार समिति से सिंदरी, टुंडी एवं बाघमारा, धनबाद पॉलिटेक्निक से धनबाद एवं झरिया तथा निरसा पॉलिटेक्निक से निरसा विधानसभा के लिए चुनावी सामग्री डिस्पैच की जाएगी. मतदान संपन्न होने के बाद सिंदरी, झरिया, धनबाद, निरसा, बोकारो एवं चंदनकियारी से पोल्ड ईवीएम कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम में जमा होंगे. मतगणना भी यहीं की जाएगी. उन्होंने बताया कि वाहनों की जांच के लिए इंटर स्टेट एवं इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक नाका बनाए हैं. धनबाद, झरिया एवं बाघमारा में अतिरिक्त फ्लाइंग स्क्वायड टीम एवं स्टैटिक सर्विलांस टीम प्रतिनियुक्त की है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद संसदीय क्षेत्र में मतदाता, मतदान केंद्र, मतदान भवन, पर्दानशीन बूथ, महिला बूथ, पीडब्ल्यूडी व यूथ द्वारा संचालित बूथ, वाहनों की उपलब्धता, सेक्टर मजिस्ट्रेट की संख्या, प्रशिक्षण सहित अन्य तैयारियां की जानकारी दी. बैठक में सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन, उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

# 15 मई तक वोटर इनफार्मेशन स्लिप बांटने का निर्देश

**स्लिप वितरण में लापरवाही बरतनेवालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई**

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता धनबाद




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में लोकसभा निर्वाचन के निमित्त डाक मतपत्र कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, परिवहन कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी के साथ बैठक की गई. इस दौरान वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की अद्यतन स्थिति, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्रों पर एएमएफ की व्यवस्था, वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के पश्चात एएसडी की सूची, मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराने वाली सुविधाएं, मतदान के दिन वाहन की व्यवस्था समेत कई अन्य बिंदुओं से संबंधित अद्यतन स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी को 15 मई तक बूथवार शत प्रतिशत वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण करने हेतु निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि वितरण कार्य में लगे बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता को दी जाए. इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं हो. लापरवाही होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बूथों में एएमएफ की व्यवस्था, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी, मार्किंग समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. साथ ही सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को मतदान के दिन आवश्यकता अनुसार वाहन की असेसमेंट करते हुए अधियाचना परिवहन कोषांग को भेजने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए. साथ ही होम वोटिंग, रिजर्व पोलिंग पार्टी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी मौजूद रहें.

## न्यूज अपडेट

### हमने किया विकास, गठबंधन की सरकार में सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार ही हुआ है : चंद्रशेखर



**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में सोमवार को निर्वतमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने प्रेस वार्ता किया और अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाई. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार, राज्य में पूर्व की रघुवर सरकार और नगर निगम में उनके कार्यकाल में कई विकास के कार्य हुए. जबकि वर्तमान राज्य सरकार में सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार हुआ है. भाजपा के कार्यकाल में धनबाद में आठ लेन सड़क का निर्माण हुआ. इस सड़क को हेमंत सरकार ने कोरोना का बहाना कर बना कर रोक दिया. जिसका खामियाजा सड़क बनाने वाली कंपनी को भुगतना पड़ा. कंपनी को 100 करोड़ जुर्माना के तौर पर देना पड़ा. भाजपा के कार्यकाल में गोबिंदपुर से रांची फोर लेन सड़क का निर्माण हुआ. झरिया में पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा था. जिस काम को भी रोक दिया गया. इसपर झरिया की कांग्रेस विधायक की ओर से भी कोई पहल नही किया गया.

### चंद्रशेखर अग्रवाल ढुल्लू महतो के बिजनेस पार्टनर: आकाश रवानी



**धनबाद ।** झामुमो धनबाद महानगर प्रवक्ता आकाश रवानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल पर पलटवार किया है. कहा कि चंद्रशेखर अग्रवाल ढुलू महतो के बिजनेस पार्टनर है, इसलिए उनकी तरफदारी कर रहे हैं. आकाश ने अग्रवाल पर हमला करते हुए कहा कि उनके मुह से भ्रष्टाचार की बात शोभा नहीं देती है. पहले तो वह खुद बताए कि नगर निगम में किये गए भ्रष्टाचार के आरोप से वह क्यों भागते फिर रहे हैं. आकाश ने कहा कि चंद्रशेखर अग्रवाल कितने बड़ा भ्रष्टाचारी है, यह पूरा धनबाद जनता है.रवानी ने कहा कि एक भ्रष्टाचारी दूसरा अपराधी का पैरवी जरूर करता है. धनबाद में भाजपा का संगठनात्मक ढांचा ध्वस्त हो चुका है इसीलिए धनबाद के सांसद और विधायक निष्क्रिय हो चुके हैं. धनबाद की जनता बदलाव चाहती है.

### गणेश तुरी लोकप्रिय फिल्म का किरदार बन कर मतदाताओं को कर रहे हैं जागरूक



**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से समर्पित कला मंच के कलाकार गणेश तुरी एक लोकप्रिय फिल्म के मुख्य किरदार की वेशभूषा में मतदाताओं को जागरुक कर रहे हैं। सोमवार की संध्या तुरी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात कर अपनी कला का प्रदर्शन किया. उनके समर्पण के लिए उपायुक्त ने उनकी हौसला अफजाई की. साथ ही मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की. मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, संस्था के सचिव मो. तारिक जुगनू एवं शहीद अफरीदी मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**तिसरी (गिरिडीह)।** लोकाय थाना इलाके के मनसाडीह ओपी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मामला ओपी क्षेत्र के तिसरो गांव का बताया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार मार्गोमुंडा निवासी 24 वर्षीय जितेंद्र राणा अपने ससुराल मनसाडीह के तिसरो आया हुआ था. इसी बीच रविवार की रात उसने कथित रूप से नशे की हालत में फांसी लगा ली. हालांकि खुदखुशी करने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है. जितेंद्र के परिवार में पत्नी और एक पुत्री है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया.

### 30 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज।** पुलिस ने 30 ग्राम गांजा के साथ युवक को सोमवार को गिरफ्तार किया है. सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने छापेमारी के दौरान सोनू कुमार रजक (23) की दुकान से 20 पुड़िया गांजा, जिसका वजन 30 ग्राम, काला प्लास्टिक में बांध कर रखा गया लगभग 554 ग्राम गांजा सहित कुल 575 ग्राम गांजा बरामद किया गया. इस मामले में जिरवाबाड़ी थाने में मामला दर्ज कर पुलिस पड़ताल कर रही है. छापेमारी दल में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनिश कुमार पांडेय, अमर मिंज शामिल भी थे.

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, जख्मी

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के बंगालीबारा के पास सोमवार को एक अवैध माइका लोड ट्रैक्टर ने बाइक युवक को टक्कर मार दी. घटना में युवक विजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि बिरने निवासी विजय कुमार उम्र (18) वर्ष पिता शंकर साव और बिरने निवासी मुन्ना साव एक ही बाइक पर सवार होकर मंझने से अपने घर बिरने की ओर जा रहा था. इसी बीच तिलैया जंगल से अवैध माइका लोड वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी.

### वाहन पलटने से एक की मौत, आठ मवेशी भी मरे

**गांवा( गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र स्थित पटना डोरंडा पथ पर बेन्ड्रो ठाकुर पिंडा मोड से पहले एक मवेशी लदा वाहन पलट गया. घटना में मवेशी व्यावपारी जयलाल राय (54) की मौके पर मौत हो गई. वह पश्चिम बंगाल के बर्धवान जिले के डी ब्लॉक धोबी घाट का रहनेवाला था. वह बिहार से 14 गाय और 11 बछड़ों को लेकर ट्रक से दुर्गापुर जा रहा था. इस घटना में आठ मवेशियों की भी मौत हो गई. बताया गया कि बेन्ड्रो के पास टर्निंग पर तेज रफ्तार के कारण वाहन पलट गया.

### 60 पशु लदे 12 वाहनों को जब्त किया गया

**जमुआ (गिरिडीह)।** सोमवार अहले सुबह नवडीहा ओपी क्षेत्र के बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग पर बघैडीह-गरडीह से नवडीहा ओपी पुलिस ने 12 पिकअप वैन से 36 गाय व 24 भैस को जब्त किया.पशु तस्कर एक-एक वैन में 7-8 पशुओं को लोड़ कर जा रहे थे. नवडीहा पुलिस गश्ती के दौरान उक्त कार्रवाई की.पकड़े गए सभी पशुओं को नवडीहा ओपी परिसर में रखा गया है .पशु चिकित्सक द्वारा उक्त पशुओं का स्वास्थ्य जांच की जा रही है.पशुओं को बिहार के छपरा से धनबाद ले जाया जा रहा था.

ग्रामीण वर्षों से गांव को जोड़ने वाली नारायणा नदी पर पुल निर्माण की कर रहे हैं मांग

# ग्रामीणों के वोट बहिष्कार के ऐलान के बाद प्रशासन ने लिया संज्ञान

शुभम संदेश इंपैक्ट

संवादाता। तिसरी (गिरिडीह)

तिसरी बीडीओ, सीओ पहुंचे खिरोद गांव, दिया आश्वासन



गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत गुमगी पंचायत के खिरोद गांव की जनता द्वारा बीते दिनों वोट बहिष्कार के एलान के बाद प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया है . सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार और अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुन्नीबुद्दीन खिरोद गांव पहुंचे. जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी मुख्य समस्या से अवगत हुए .इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव एक पुल के अभाव में टापू बना पड़ा है. गांव को शिक्षा,स्वास्थ्य,यातायात जैसी तमाम सुविधाओं से जोड़ने के लिए नारायण नदी पर पुल निर्माण की आवश्यकता है. जिसको लेकर वे लोग वर्षों से जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस पर ध्यान नहीं दिया . लिहाजा उन्होंने अंततः वोट बहिष्कार का निर्णय लिया.

लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को समझाया साथ ही बताया कि पुल निर्माण को लेकर इस स्थान का सर्वे हुआ है,डीपीआर प्रक्रिया में है. योजना स्वीकृति के बाद कार्य प्रारम्भ होगा. इसके लिए वे अपनी ओर से भी पहल करने का आश्वासन दिया . जिसके बाद ग्रामीणों के बीच चुनाव को लेकर आमंत्रण पत्र भी दिया गया. इस दौरान ग्रामीणों ने पहले तो आमंत्रण पत्र लेने से मना कर दिया फिर पदाधिकारीयों के समझाने - बुझाने के बाद कुछ ग्रामीणों ने आमंत्रण पत्र स्वीकार कर लिया.

**ग्रामीण पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं :** हालांकि प्रशासन के इस पहल और आश्वासन के बाद भी कुछ ग्रामीण पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आए. ग्रामीणों ने कहा कि उच्च अधिकारी, स्थानीय विधायक या सांसद के आकर समस्या का निराकरण का वादा लिखित रूप में देने पर ही वे संतुष्ट होंगे. मौके पर एएसआई कुलेश्वर राम,रामप्रवेश यादव, रोजगार सेवक जीतू कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.

#### ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया

इस संबंध में बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि पुल की समस्या को लेकर जनता में आक्रोश से संबंधित समाचार प्रकाशित हुई थी . जिसके लिए ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया साथ ही बताया गया कि पुल निर्माण का कार्य प्रक्रिया में है. उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने प्रशासन के ऊपर भरोसा जताया है, उन्होंने मतदान में भाग लेने की सहमति भी दी है, लोगों ने मतधिकार प्रयोग करने का संकल्प लिया है . कहा कि ग्रामीणों के इस समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निराकरण का प्रयास करेंगे .साथ ही उन्होंने कहा कि वोट देना एक जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य है. किसीको भड़काना या डरा – धमका कर वोट नहीं देने देना कानूनन अपराध है. यदि ऐसा मामला सामने आता है तो इस पर भी कानून कारवाई की जाएगी.

गांडेय विधानसभा उपचुनाव : राजनीतिक दलों में सरगर्मी तेज

# कल्पना से परे है कल्पना की उड़ान, मरांडी की भी अग्निपरीक्षा

अभय वर्मा। गिरिडीह



सैनिक परिवार में पली बड़ी और राजनीतिक घराने में राजनीति के दाबपेंच सीख रहीं और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में किस्मत आजमा रहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी कल्पना सोरेन हर चाल सधी हुई चल रही हैं. घर की दहलीज पारकर राजनीति के मैदान में कूदी कल्पना की उड़ान कल्पना से परे है. गांडेय विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद कल्पना ने वह कर दिखाया, जिसे पूर्व मुख्यमंत्री और कल्पना के पति हेमंत सोरेन भी नहीं कर पाये थे. मालूम हो कि गांडेय के पूर्व विधायक सलखान सोरेन की मौत के बाद उनकी राजनीतिक विरासत संभाल रहीं पुत्रवधू कर्मिला टुडू 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा से टिकट की सशक्त दावेदार थीं, पर स्थितियां ऐसी बनीं कि उन्हें टिकट नसीब नहीं हुआ. सोरेन परिवार के लाख मान मनौव्वल के बावजूद कार्मिला चुनाव मैदान में डटी रहीं. उन्होंने चुनाव में दमदार उपस्थिति दर्ज कराई और करीब 18 हजार वोट हासिल किया.

**प्यार की झप्पी ने किया कमाल :** गांडेय उपचुनाव की घोषणा के बाद चुनावी मैदान में उतरी कल्पना सबसे पहले दल से रूठे लोगों को मनाया और भाजपा खेमे में भी सेंधमारी की. कार्मिला को प्यार की झप्पी से झारखंड मुक्ति मोर्चा खेमे में शामिल किया,तो दूसरी ओर भाजपा के बागी सुनील यादव को पार्टी के पाले में कर लिया. विदित हो कि विगत विधानसभा चुनाव में सुनील ने करीब नौ हजार वोट हासिल किया था.

**दूसरा लिटमस टेस्ट :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद गिरिडीह जिले में डुमरी विधानसभा उपचुनाव के बाद गांडेय उप चुनाव बाबूलाल के लिए दूसरा लिटमस टेस्ट है. डुमरी विधानसभा उपचुनाव में लाख कोशिशें के बाद भी एनडीए गठबंधन उम्मीदवार को पराजय का सामना करना पड़ा था. बाबूलाल के गृह नगर में हो रहे दूसरे उप चुनाव में भाजपा हारती है, तो मरांडी की अपनी ही पाटर्टी में ही भारी किरकिरी होगी. अब किसकी प्रतिष्ठा बचेगी और किसकी जाएगी, यह चुनाव परिणाम के बाद ही सामने आएगा.

#### सरफराज की प्रतिष्ठा से जुड़ा है गांडेय उपचुनाव

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद के लिए गांडेय उप चुनाव प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है. अल्पसंख्यक और आदिवासी बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र में सरफराज को तब जीत मिली थी जब उनकी राजनीतिक स्थिति डामाडोल थी. अब सरफराज के लिए ऋण चुकाने का वक्त है. जानकारी के अनुसार मुस्लिम बाहुल क्षेत्र में अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या करीब 70000 है वहीं आदिवासियों की 40000 मत किसी भी उम्मीदवार का भाग्य तय करती है. अल्पसंख्यक आदिवासियों के बाद कुर्मी, यादव की संख्या है. 3 .12 लाख मतदाता वाले इस क्षेत्र में मुस्लिम व आदिवासी मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं. डुमरी उप चुनाव में अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को दरकिनार कर समुदाय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति आस्था जताई थी. उसकी पुनरावृत्ति होने की यहां पुरी संभावना है. गांडेय उप चुनाव में छह अल्पसंख्यक उम्मीदवारों के बावजूद मतों में बिखराव की स्थिति न के बराबर है. इधर राजनीति में नई नवेली आई कल्पना की सधी चाल कोई कमाल कर दे तो अचरज वाली बात नहीं होगी.

#### भाजपा के लिए सर दर्द बने अर्जुन

कल्पना सोरेन बगिया को मनाने व विपक्ष में सेंधमारी कर फिलहाल बढ़त बनाई हुई हैं. वहीं भाजपा के दिलीप वर्मा के लिए आजसू के दिग्गज नेता रहे अर्जुन बैठा सिर दर्द साबित हो रहे हैं. गठबंधन के कारण आजसू से अर्जुन ने बगावत कर गांडेय उप चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर किस्मत आजमा रहे हैं. विगत विधानसभा चुनाव में भी अर्जुन ने किस्मत आजमाई थी, तब उन्हें 15000 के करीब वोट मिले थे. भाजपा प्रत्याशी अर्जुन के हासिल किए वोट को अपना समझ रहे थे, पर इस बार अर्जुन ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया. विगत विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद ही क्षेत्र में सक्रिय रहे अर्जुन को भारी समर्थन की आस है, पर राजनीति इतनी आसान नहीं होती, जो होता है वह दिखता नहीं. इधर दिलीप हर वर्ग का समर्थन होने का दावा कर रहे हैं.

झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो ने कसमार का दौरा कर चुनावी सभा की

# मोदी सरकार को उखाड़ फेंके

संवाददाता। बोकारो

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा है कि मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए झामुमो को वोट दें. यह बात उन्होंने सोमवार को जन संपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही. वह राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद के साथ सोमवार को कसमार प्रखंड के उत्तरी क्षेत्र के कई पंचायतों में सघन चुनावी दौरा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया. चुनावी जनसम्पर्क अभियान की शुरुआत कसमार प्रखंड के खूंटा से की गई. जो सोनहर, सिलीसाड़म, सोनपुरा, दांतू, कमलापुर, पोंडा, मोचरो, सुरजुडीह, गर्री, मंजुरा, कुरको, डुंडा डीह, मेढ़ा, कारूजारा, हरलाडीह, ललमटिया, बगियारी तक गयी. इस अवसर पर सुरजुडीह में जनसभा को संबोधित करते हुए झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले दस वर्षों में जिस तरह की तानाशाही की है, उससे आम जनता से लेकर हर तबका परेशान हैं. उन्होंने कहा कि केंद्र की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताकर दिल्ली भेजें.




#### जनता जाग चुकी है: योगेंद्र प्रसाद

पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जनता जाग चुकी है और मोदी सरकार व गिरिडीह के वर्तमान सांसद सीपी चौधरी की नाकामी को भी पहचान चुकी है. उन्होंने ग्रामीणों से झामुमो के चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की. इस दौरान प्रत्याशी मथुरा महतो ने सुरजुडीह के हजरत दाता कुरबान अली शाह की मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्र के अमन चैन एवं जीत की दुआ मांगी. मौके पर प्रखंड प्रमुख नियोति दे, जयनारायण महतो, दिलीप हेम्ब्रम, किष्टो भगत, सोहेल अंसारी, कुलदीप करमाली, मेहरुल होदा, हासिम अंसारी, घुनु हांसदा, हारू रजवार, रामसाय हांसदा, लालदेव महतो, शेरे आलम, मिथिलेश जायसवाल, दीपक नायक, दुर्योधन मांझी, इरफान राय, सगीर आलम, फारुख अंसारी, सौकत अंसारी, हाजी समसुल हक, आजाद अंसारी, सुल्तान अंसारी, लोकेश दे व अन्य लोग मौजूद थे.

### मथुरा महतो के पक्ष में जारंगडीह से निकाली गई मोटरसाइकिल रैली

**कथारा (बोकारो)।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के बेरमो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में मतदान की अपील को लेकर सोमवार को मोटरसाइकिल रैली निकाली गई. मोटरसाइकिल रैली जेएमएम के जारंगडीह उत्तरी पंचायत अध्यक्ष शंकर कुमार वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई. रैली को जेएमएम की महिला मोर्चा के बोकारो जिला कोषाध्यक्ष बबिता देवी की उपस्थिति में कथारा के लिए रवाना किया गया. इस दौरान शंकर कुमार वर्मा ने कहा कि बाइक रैली के माध्यम से मतदान की अपील की जा रही है कि इंडिया गठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी मथुरा महतो को भारी से भारी मतों से विजय बनाएं. ताकि गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र का विकास किया जा सके. रोजगार के लिए युवाओं को पलायन न करना पड़े. विकास के मुद्दे को लेकर इस बार मथुरा महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील जनता से की गई.



# बाबूलाल ने पदयात्रा कर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की



संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के गोरहन और पूर्णानगर में पदयात्रा कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की. श्री मरांडी ने कहा कि क्षेत्र की समुचित विकास भाजपा ही कर सकती है. पद यात्रा के क्रम में मरांडी पूर्णा नगर स्थित संकट मोचन मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का आगमन कल 14 मई को बिरनी में होने जा रही है. आप सभी कार्यकर्ता एवं मतदाता उनके भाषण को जरूर सुने. उन्होंने कहा कि कोडरमा समेत झारखंड के सभी लोकसभा में भाजपा चुनाव जीतेगी और नरेंद्र मोदी पुन देश के प्रधानमंत्री बनेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में एक मजबूत सरकार बनेगी. देश के विकास के लिए जनता को एक साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी को मदद करने की अपील की. पदयात्रा में मरांडी के साथ धनवार विधानसभा प्रभारी चुन्नू कांत एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के अलावा पवन साव, धनवार मंडल अध्यक्ष उत्तम गुप्ता, भाजपा के युवा नेता रोशन सिंह सहित भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# वाहन जांच में 15. 50 लाख जब्त

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस की कार्रवाई
- इंटर स्टेट और लोकल चेकपोस्ट पर पुलिस कर रही वाहनों की जांच

संवाददाता धनबाद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने विभिन्न स्थानों में वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार को 12 लाख 70 हजार रुपये बरामद किए हैं. इंटरस्टेट और लोकल जांच के दौरान पुलिस ने ये कामयाबी पाई है. बरामद रुपये से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखाए जाने के कारण रकम को जब्त किया गया है. बैंक मोड़- झरिया रोड में जांच के क्रम में 2 लाख, धनसार के हावड़ा मोटर के पास से 9 लाख 60 हजार 200 रूपए और चिरकुंडा चेकपोस्ट से एक लाख दस हजार और झरिया में दो लाख अस्सी हजार रुपये जब्त हुए हैं. पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र लगातार जांच अभियान चलाई जा रही है. इसी क्रम में हावड़ा मोटर के पास जांच में ब्रीजा कार जेएच10आईआर-4985 से 9 लाख 60 हजार 200 रूपए और बैंक मोड़ से 2 लाख बरामद किये गए हैं. लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आचार संहिता लगा हुआ है. 50 हजार से अधिक के लेनदेन सहित अन्य तरह के प्रतिबन्ध लगा हुआ है. ऐसे में इतनी रकम लेकर चलने के पीछे का क्या कारण है, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है. वहीं झारखंड-बंगाल सीमा के चिरकुंडा (बराकर) चेकपोस्ट पर रविवार की रात वाहन जांच के दौरान एक कार से एसएसटी टीम ने 1.10 लाख रुपये जब्त किया है. पश्चिम बंगाल के पानागढ़ निवासी अनूप कुमार एवं वर्द्धमान निवासी राजकुमार साव देर रात करीब 12 बजे झारखंड से पश्चिम बंगाल कार संख्या डब्ल्यूबी38ए- 5195 से जा रहे थे.

इस दौरान चिरकुंडा चेकपोस्ट पर वाहनों की चल रही जांच में वे दोनों पकड़े गए. उनके पास से 1.10 लाख रुपये नगद बरामद किया गया. पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे लोग स्क्रैप के व्यवसायी हैं और व्यवसाय के सिलसिले में मैथन आये थे. चिरकुंडा पुलिस ने बताया कि बरामद नगदी के संबंध में वे दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई कागजात प्रस्तुत किये. राशि को जब्त कर लिया गया है.जांच अभियान दंडाधिकारी सीआरपी पंकज कुमार एवं चिरकुंडा थाना के एएसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में चलाया जा रहा था.

वहीं झरिया थाना क्षेत्र के बस स्टेंड के समीप सोमवार की दोपहर झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम चैकिंग अभियान के दौरान दो अलग-अलग व्यक्तियों से दो लाख अस्सी हजार सात सौ चालीस रुपए जप्त किया गया है.झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने बताया की चेकिंग के दौरान होटल संचालक हरी साव नामक व्यक्ति के पास से डेढ़ लाख रुपए और सीएसपी कर्मी साहिल के पास से एक लाख तीस हजार सात सौ चालीस रुपए जप्त किए गए हैं.

## न्यूज अपडेट

### पश्चिम बंगाल के आसनसोल में 69% मतदान

**बराकर ।** पश्चिम बंगाल में चतुर्थ चरण के वोट में आसनसोल लोकसभा चुनाव वोट छिटपुट घटना को छोड़ कर शांति पूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ. यहां मुख्य रूप से टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा और भाजपा के सुरेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया के बीच मुकाबला है.

प्रातः सात बजे से मतदान लेकर संध्या छह बजे तक मत डाले गए. सभी बूथों के बाहर केंद्रीय जवान की टुकड़ी, बीएसएफ के साथ अन्य केंद्रीय जवान की तैनाती थी. आसनसोल लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा में संध्या पांच बजे तक मतों का प्रतिशत कुछ इस प्रकार रहा. आसनसोल दक्षिण में 66.50 प्रतिशत,आसनसोल उत्तर में 67.70, बाराबानी में 70.95, जमुडिया में 71.19, कुल्टी में 68.24 पांडेश्वर में 71.26 और रानीगंज में 71.25 प्रतिशत मतदान हुआ.

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित कई पंचायतों में गावां बीडीओ महेंद्र रविदास के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमडार में छात्र छात्राओं के बीच चित्रकला, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ. वहीं बाद में जागरूकता रैली भी निकाली गई. कार्यक्रम के उपरांत बीडीओ व अन्य अधिकारियों ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मतदान कि लिए निमंत्रण पत्र भी दिया.

### विद्यार्थियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया



**डुमरी (गिरिडीह)।** जिले के डुमरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमाटोंगरी में सोमवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में सभी कक्षाओं में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड,सिल्वर व ब्रोंज मेडल तथा ग्रेड कार्ड देकर पुरस्कृत किया गया. इस दौरान मुखिया लोहेडीह अर्जुन महतो एवं पंसस जितेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. प्रतिनिधियों ने विद्यालय के बच्चों से नियमित स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा. मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापम कमल किशोर महतो सहायक शिक्षक गायत्री कुमारी सहायक अध्यापक प्रयाग महतो उप संयोजिका गीता देवी सहित अभिभावक मौजूद थे.




उपलब्धि

डीपीएस का परीक्षाफल शत- प्रतिशत, विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम, स्कूल का नाम किया रोशन

# साइंस में साक्षी प्रिया, तो कॉमर्स में श्रीकृति रहीं अव्वल

- 139 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से ज्यादा और 340 को 80 फीसदी से अधिक अंक मिले
- 407 परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किये, 29 को अलग-अलग विषयों में शत-प्रतिशत अंक मिले

संवाददाता। बोकारो



सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मेधाविता का परचम लहराया. इस परीक्षा में विज्ञान संकाय की छात्रा साक्षी प्रिया ने सर्वाधिक 97.6 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल स्थान प्राप्त किया. 97 प्रतिशत अंक के साथ तमन्ना रे एवं 95.8 फीसदी अंक लाकर रितिका साहा एवं सायन कर्माकर ने तृतीय स्थान हासिल किया. इसी प्रकार, कॉमर्स संकाय में श्रीकृति केडिया (96.4 प्रतिशत) ने सर्वाधिक अंक हासिल किया. उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में विद्यालय के कुल 441 विद्यार्थी शामिल हुए थे. परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. 19 विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत व इससे अधिक तथा 139 को 90 प्रतिशत व इससे ज्यादा अंक मिले. 340 बच्चों को 80 प्रतिशत व इससे अधिक तथा 407 को 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक मिले. जबकि, कुल 29 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए.

**विज्ञान संकाय के सर्वश्रेष्ठ :** विज्ञान संकाय के सर्वश्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों में साक्षी प्रिया (97.6 प्रतिशत), तमन्ना रे (97 प्रतिशत), रितिका साहा, सायन कर्माकर (95.8 प्रतिशत), आयुष कुमार पांडे, संकल्प सिंह, सौम्यदीप मंडल, लिजा सिंह (95.4 प्रतिशत), भूमि श्रीवास्तव, हर्ष अचरा, रुचि प्रिया (95.2 प्रतिशत), प्राची चटर्जी, आयुष्मान दत्ता, सुष्मित कुमार सिंह (95 प्रतिशत), दिव्यांशु जायसवाल, अभिषेक कुमार सिंह, रयान सिंह, पौलम कुंडू, अभिनव राज, कामरीन फातिमा, अनमोली सिंह, इप्सा, ईशान आलोक (94.8 प्रतिशत), मोहित कुमार, हर्षवर्द्धन, प्रियांशु कुमार सिंह, यश्वी सिंह (94.6 प्रतिशत), अक्षिता पाठक (94.2 प्रतिशत), श्रेया सुमन व अनीशा प्रिया (94 प्रतिशत) के नाम शामिल हैं.

#### कॉमर्स संकाय के सर्वश्रेष्ठ

कॉमर्स संकाय के सर्वश्रेष्ठ पांच विद्यार्थियों में श्रीकृति केडिया (96 .4 प्रतिशत), आकाश चन्द्र दे (95 .6 प्रतिशत), आस्था सिंह, सुहानी मान्या एवं श्रुति सिंह (95 .2 प्रतिशत), अनन्या सिन्हा (94 .8 प्रतिशत), आनंद खेतान (94 .6 प्रतिशत) के नाम शामिल हैं. विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर करियर और उज्जवल भविष्य के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं. उन्होंने मिठाई खिलाकर बच्चों को बधाई दी.

### ब्रीफ खबरें

### रविशंकर के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**हजारीबाग।** आध्यात्मिक गुरु एवं 'द आर्ट ऑफ लिविंग' के प्रणेता गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 68वें जन्मदिन के पावन मौके पर सोमवार को अनेक कार्यक्रम संपन्न हुए. सुबह प्रभात-फेरी हुई. नगर भ्रमण के दौरान हर वोट महत्वपूर्ण के संदेश को प्रसारित-प्रचारित किया गया. इसके पश्चात् सदस्यों ने सेवा-प्रोजेक्ट के अंतर्गत रेडक्रास सोसाइटी के साथ मिलकर स्थानीय नगर अस्पताल में रक्त-दान किया.

### पीवीयूएन में पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर वर्कशॉप

**रामगढ़।** पीवीयूएन पतरातु ने चार दिवसीय पर्सनेलिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया. इसमें भाग लेने फिरोज जाहिद खान, डायरेक्टर फिजार्ट और उनकी टीम मुंबई से आई थी, जिसमें पहले दिन वर्कशॉप कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए आयोजित हुई. वर्कशॉप में एक्सप्रेशन, बॉडी लैंग्वेज, कहानी पाठ, तकनीक के अलावा संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए जो जरूरी टिप्स दिए गए. कार्यशाला में एक नाटक की तैयारी भी कराई गई.

### महंगाई की मार से जनता त्रस्त : बलजीत

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रामगढ़ के वार्ड 6 मुंडा टोली में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया. सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि भाजपा नित मोदी सरकार द्वारा महंगाई की मार से जनता त्रस्त है. 10 साल के कार्यकाल में केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई चरम स्थिति पर पहुंच चुकी है.

### कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को भाजपा का भय दिखाया

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी क्यूम अहमद सोमवार को चुनावी दौरे में विष्णुगढ़ पहुंचे. उन्होंने मुस्लिम बहुल नवादा और गैड़ा पहुंचकर अल्पसंख्यकों से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लिए समर्थन मांगा. कहा कि कांग्रेस ने हमेशा मुसलमानों को भाजपा का भय दिखाकर उनके वोट लिया, जबकि भाजपा सबका विकास, सबका साथ और सबका विश्वास के मंत्र पर अमल करती है.

### इंडिया के प्रत्याशी ने की वोट देने की अपील

**बरकट्ठा।** कोडरमा से इंडिया गठबंधन के भाकपा-माले प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में आज बरकट्ठा बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम बरवां अडवार मैदान में पंचायत स्तरीय बैठक कर वोट देने की अपील बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव ने की. अध्यक्षता सलैया पंचायत के पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद ने किया. संचालन माले के प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद ने किया.

### अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग एरिया के चिकित्सा विभाग के तत्वाधान में सोमवार को सीसीएल ऑफिसर्स क्लब में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर बायोमेडिकल वेस्ट मेनेजमेंट एवं जागरूकता को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केके सिन्हा, महाप्रबंधक सीसीएल हजारीबाग आदि उपस्थित थे.कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रीति शर्मा ने किया.

## सभी 117 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए उत्तीर्ण, स्कूल का औसत प्रतिशत 83.34% रहा, विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल

# सीबीएसई 12वीं में एंजल्स हाई स्कूल चमका

- विज्ञान में सन्नी 97.4%, वाणिज्य में आलोक 97.2% और कला विषय में निखिल कुमार ने 99.2% अंक लाकर स्कूल टॉपर बनने का गौरव किया हासिल

**संवाददाता। हजारीबाग**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा जारी 12वीं की परीक्षा के परिणाम में हजारीबाग-बडकागांव रोड के शंकरपुर स्थित एंजल्स हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने लगातार आठवीं बार शानदार प्रदर्शन कर स्कूल व जिले का नाम रौशन किया. स्कूल के बालक वर्ग ने इस बार बाजी मारी है. स्कूल के तीनों संकाय में लड़कों ने स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है. सन्नी कुमार विश्वकर्मा ने विज्ञान संकाय में 97.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गर्व हासिल किया. वहीं वाणिज्य संकाय में छात्र आलोक कुमार 97.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना. वहीं कला संकाय में छात्र निखिल कुमार ने 99.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गौरव हासिल किया. इस वर्ष 12वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के कुल 117 विद्यार्थियों ने भाग लिया था. विज्ञान संकाय में 43, वाणिज्य संकाय में 43 विद्यार्थी तथा कला संकाय में 31 विद्यार्थी शामिल हुए. सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की. 15 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से ऊपर, 16 विद्यार्थी 90-95 प्रतिशत, 20 विद्यार्थी 85-90 प्रतिशत, 25 विद्यार्थी 80- 85 प्रतिशत, 23 विद्यार्थी 75- 80 प्रतिशत, 11 विद्यार्थी 70- 75 प्रतिशत और 70 प्रतिशत से कम अंक के साथ 6 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए. स्कूल का औसत प्रतिशत 83.34 प्रतिशत रहा. स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की.

### सीबीएसई 10वीं में भी एंजल्स हाई स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- हर्ष वैभव 98.6 प्रतिशत अंक लाकर बना स्कूल टॉपर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से सोमवार को जारी 10 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भी एंजल्स हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. पिछले 10 वर्षों में लगातार चार बार जिला टॉपर देने का गौरव एंजल्स हाई स्कूल को प्राप्त होता रहा है. वर्ष 2018 में स्कूल के अर्णव रॉय, वर्ष 2019 में पीयूष कुमार अग्रवाल, 2020 में अमन कुमार और 2021 में प्रतीश बंसल और तनु अग्रवाल ने सर्वाधिक 98.2 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया था. 2024 में एंजल्स हाई स्कूल के हर्ष वैभव ने 98.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है. स्कूल टॉपर बने हर्ष वैभव ने अंग्रेजी में 97, हिंदी में 97, गणित में 100, विज्ञान में 99 और सामाजिक विज्ञान में 98 अंक हासिल किये. वहीं द्वितीय स्थान धैर्य राज (98.2%), तृतीय स्थान नितयी भारती (98%), चतुर्थ स्थान मेघा साहनी (97%), पंचम स्थान अपूर्व कुमार, राजवीर मंडल और अनुषा केशरी ने संयुक्त रूप से (96.2%) प्राप्त कर किया. स्कूल का औसत प्रतिशत 82.47% रहा. 95% से अधिक अंक लाने वालों में 17, 90- 95% में 47, 85- 90% में 48, 80- 85% में 43, 75- 80% में 31, 70- 75% में 13 और 70% से कम अंक लाने वालों में 35 विद्यार्थी शामिल हैं.

### डीपीएस, शंकरपुर, हजारीबाग के पहले बैच ने सीबीएसई 10वीं में मचाया धमाल

## 96.8 प्रतिशत अंक के साथ आदित्य बना स्कूल टॉपर



**हजारीबाग।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 10वीं की परीक्षा के नतीजे सोमवार को घोषित हुए. हजारीबाग के बड़कागांव रोड के शंकरपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) का पहला बैच का धमाकेदार प्रदर्शन रहा. पहले बैच के शानदार प्रदर्शन से स्कूल परिवार गदगद है. डीपीएस, हजारीबाग से 10वीं परीक्षा में पहली बार कुल 81 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें सभी ने शत प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होकर यह साबित कर दिया कि डीपीएस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है. डीपीएस, शंकरपुर, हजारीबाग का औसत प्रदर्शन 84.9 प्रतिशत रहा. 90 प्रतिशत से अधिक 23 विद्यार्थी, 80-90 प्रतिशत 40 विद्यार्थी, 70-80 प्रतिशत अंक 14 विद्यार्थियों ने हासिल किया. स्कूल के आदित्य राज मोदी ने 96.8 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया. दूसरे स्थान पर अमन सिंह 94.8 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर तनिष्क जय 94.6 प्रतिशत, चौथे स्थान पर पवन राज 94.4 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर कुमारी अंकिता 93.6 प्रतिशत, छठे स्थान पर तृप्ति यादव 93.4 प्रतिशत, सातवें स्थान पर मेहुल शरण 93.2 प्रतिशत, आठवें स्थान पर प्रियांशु कुमार 93 प्रतिशत, नौंवे स्थान पर ईशान गुरनानी 92.8 प्रतिशत, दसवें स्थान पर अभिषेक चौबे और साक्षी सिन्हा 92.8 प्रतिशत, ग्यारहवें स्थान पर श्वेता यादव 92.4 प्रतिशत, बारहवें स्थान पर अर्पण कुमार सोनी 92.2 प्रतिशत, तेरहवें स्थान पर अर्पित कुमार और श्रेया वर्मा 91.6 प्रतिशत, चौदहवें स्थान पर आयुष गुप्ता 91.4 प्रतिशत और 15वें स्थान पर बशीर सैयद अहमद ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल और प्रधानाध्यापिका पायल बंसल ने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और शानदार रिजल्ट के लिए विद्यार्थियों, स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को बधाई दी.

### पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का दसवीं सीबीएसई में शानदार प्रदर्शन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों ने दसवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन किया. रतन कुमार मंडल ने 91 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर बना. द्वितीय स्थान पर चंदन कुमार मंडल 81 प्रतिशत तथा मुस्कान खातून ने 80 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही. शिखा कुमारी, राम जी प्रसाद, मनीषा कुमारी, अंशु कुमारी, अमित कुमार, राधा कुमारी, सूरज कुमार, रिया कुमारी, सूरज कुमार यादव, सोनू कुमार, शाहजहां खातून, नीतू कुमारी आदि ने प्रथम स्थान से उत्तीर्ण कर बेहतरीन प्रदर्शन किया. संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी. संस्था के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार भारती ने बताया कि सीबीएसई पैटर्न पर विद्यालय का छठा बैच था. दसवीं कक्षा में कुल 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें 28 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया. संस्था के प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव, शिक्षक शंभू कुमार शर्मा, बैजनाथ कुमार मंडल, नेहा कुमारी, रंजन कुमार, शुभम कुमार पांडेय, पवन कुमार पंडित, चेतलाल रविदास ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना की.

### ओएसिस स्कूल के छात्रों का 12वीं में रहा शानदार रिजल्ट



Harshvardhan Srivastav 94.2% | Aafiya Joyeb 93.6% | Drakhsha Salim 93%
Shama Perween 95.2% | Shahina Azmeen 94.8% | Asif Ahmad 93.8%
S.M. Sabahul Haque 89% | Taniya Perween 87.4% | Sadiya Perween 85%

**संवाददाता। हजारीबाग**

शहर के कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने सत्र 2023/24 सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है. विद्यालय के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है. विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम काफी शानदार रहा. कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय में 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ शमा परवीन ने प्रथम स्थान, 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ शाहिना आज़मीन ने द्वितीय स्थान तथा 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ आसिफ अहमद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं कला संकाय में हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अलफिया जोएब ने 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं दरक्शा सलीम ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं वाणिज्य संकाय में 89 प्रतिशत अंकों के साथ एसएम सबाहुल हक़ ने प्रथम स्थान, 87.4 प्रतिशत अंकों के साथ तानिया परवीन ने द्वितीय स्थान तथा 85 प्रतिशत अंकों के साथ सादिया परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 39 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच तथा 43 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है.

#### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर एहसान उल हक ने विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों में उम्दा प्रदर्शन एवं शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने टीम भावना के साथ अनुशासन और निरंतरता के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. विद्यालय के चेयरमैन शब्बीर अहमद एवं कोषाध्यक्ष तनवीर अहमद ने स्कूल के छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन को अद्भुत कहा. उन्होंने सभी सफल छात्र छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा कि वे विद्यालय के सिखाये मार्ग पर आगे बढ़े. उन्हें आगे भी ऐसे ही शानदार सफलता हासिल होगी. निश्चित ही वह सफलता की बुलंदियों को छुएंगे. उन्होंने सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, विद्यालय के प्राचार्य डॉ एहसानुल हक एवं सभी शिक्षकों को दिया. उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक के नेतृत्व में विद्यालय लगातार आगे बढ़ रहा है. आज के परीक्षा परिणाम में कई कीर्तिमान गढ़ने वाले विद्यार्थियों में प्राचार्य का नेतृत्व एवं विद्यालय के कर्मठ शिक्षकों का मेहनत दिखा. विद्यालय हमेशा ही विद्यालय की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी रहेगा.

### डीएवी बरकाकाना का 12वीं में शत-प्रतिशत रिजल्ट

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन हमेशा से ही गर्व का विषय रहा है. इस साल की सीबीएसई बारहवीं परीक्षा में भी डीएवी बरकाकाना के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. मानविकी, विज्ञान, और वाणिज्य क्षेत्र में भी उनका प्रदर्शन बेहद प्रशंसनीय रहा. साथ ही, कुछ छात्र राजनीति शास्त्र और पेंटिंग में भी शानदार अंक प्राप्त किए. डीएवी बरकाकाना में तीनों संकाय में कुल 100 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. सभी विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा. मानविकी में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीखा कुमारी एवं स्तुति प्रकाश ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया. विज्ञान संकाय में 94.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रिया दांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं वाणिज्य संकाय में 93.6 प्रतिशत अंको के साथ सृष्टि मारवाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. राजनीति शास्त्र में स्तुति प्रकाश ने 100 अंक प्राप्त किए वहीं पेंटिंग में काजल कुमारी ने 100 अंक हासिल किया. स्कूल के प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामना देते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे स्कूल के छात्रों ने इस साल की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. उन्होंने अपनी उम्मीदों को पार किया.

### सेंट्रल स्कूल की जन्नत को 10वीं में 95.4 फीसदी अंक, बनीं स्कूल टॉपर

**रामगढ़।** सीबीएसई बोर्ड ने सोमवार को दसवीं के नतीजे घोषित कर दिए. केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा की दसवीं की छात्रा जन्नत ज़ारा ने सीबीएसई दसवीं में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनी है. उसने इंग्लिश में 94, हिंदी में 94, गणित में 95, साइंस में 95, सोशल साइंस में 97 और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 96 अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया है. जन्नत जारा केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा की छात्रा है. पिता खुसरू परवेज़ एक सामाजिक कार्यकर्ता है और माता का नाम यासमीन कौसर है, जन्नत जारा ने बताया कि वह अपनी इस सफलता से बहुत खुश है और आगे साइंस लेकर एनआईटी की तैयारी करना चाहती है. फाइनली यूपीएससी करने का लक्ष्य है. प्रशासनिक सेवा में योगदान देकर समाज के लिए कुछ करने की चाहत है.

#### जन्नत जारा ने रोजाना की 6 घंटे की पढ़ाई

जन्नत जारा ने बताया कि वह 6 घंटे पढ़ाई करती थी. उन्होंने परीक्षा के आखरी दो महीनो में 8 घंटे तक निरंतर पढ़ाई की.



10वीं परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को उन्होंने सलाह दी है कि स्कूली किताबों की अच्छे से पढ़ाई करनी चाहिए. इसके अलावा साइड किताब की भी मदद लेनी चाहिए. इससे बच्चों में कंफ्यूजन की समस्या नहीं होती है. वह आसानी से परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं. वहीं जारा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है. जारा कहती है कि इस उपलब्धि से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है. आगे और कड़ी मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त करूंगी.

## राज्यस्तरीय टीटी टूर्नामेंट का आयोजन 14 से 16 जून तक

- राज्य टीटी संघ के पदाधिकारी ने लिया तैयारियों का जायजा

**संवाददाता। हजारीबाग**

मिशन रोड स्थित हजारीबाग टेबल टेनिस एसोसिएशन के कैंप कार्यालय में एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड टेबल टेनिस एसोसिएशन के संरक्षक जयकुमार सिन्हा उपस्थित थे. इसमें झारखंड स्टेट फर्स्ट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का हजारीबाग में आयोजन से संबंधित चर्चा हुई, जिसमें सिन्हा ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए. राज्य रैंकिंग प्रतियोगिता 14 जून से लेकर 16 जून के बीच संपन्न होगी. इस संबंध में टूर्नामेंट की जगह विश्वविद्यालय परिसर या फिर मौलाना आजाद इंडोर स्टेडियम होगी इस पर फैसला खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये लिया जायेगा. इस टूर्नामेंट में 150 से लेकर 200 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है. बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने किया. इस बैठक में वाइस प्रेसिडेंट के रूप में अनूप राजेश लकड़ा, सोमा अग्रवाल, बहादुर राम उपस्थित थे. संगठन के सचिव श्री भैया मुरारी सिन्हा ने टूर्नामेंट को ग्रैंड सक्सेस करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए. बैठक में संयुक्त सचिव रविंद्र कुमार, ज्योति कुमारी, सहायक कोषाध्यक्ष ईशान मल्होत्रा तथा एग्जीक्यूटिव मेंबर में सत्यम शुभांशु, शत्रुंजय कुमार एवं कुमार श्रेष्ठ आदि उपस्थित थे.

### हजारीबाग : भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने का संकल्प

## जीतू समेत कई युवा भाजपा में हुए शामिल

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा परिवार का कुनबा लगातार बढ़ रहा है. हाल ही में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के बहनोई शिवलाल महतो ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा के साथ जुड़कर मनीष जायसवाल को जिताने का संकल्प लिया. रामगढ़ के युवा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने भी भाजपा में घर वापसी कर मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है. अब रामनवमी महासमिति, हजारीबाग के अध्यक्ष जीतू यादव के नेतृत्व में सोमवार को महासमिति से जुड़े सैकड़ों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया. पार्टी की नीतियों और हजारीबाग के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के सेवाभावी कार्यों से प्रभावित होकर हजारीबाग लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए. भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की उपस्थिति में जीतू यादव समेत सैकड़ों युवाओं ने भाजपा और मनीष जायसवाल पर आस्था जताते हुए भाजपा पार्टी ज्वाइन किया.

#### मनीष जायसवाल को विजयी बनाने का संकल्प

मनीष जायसवाल ने रामनवमी महासमिति अध्यक्ष सहित अन्य सैकड़ों युवाओं का विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा परिवार में फुल माला पहनाकर और अंग-वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया. रामनवमी महासमिति से जुड़े सभी सदस्यों ने भाजपा ज्वाइन करने के बाद हाथ उठाकर और जय श्री राम का नारा लगाकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने का संकल्प लिया. मनीष जायसवाल ने भी युवाओं की टोली को वचन देते हुए कहा कि आप सभी ने राष्ट्र और समाज के विकास में भाजपा परिवार में जुड़ने का जो सकारात्मक निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य है. आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी में आपके मान-सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा.

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत के मामले में नया मोड़

- लगातार टॉर्चर, खाना नहीं देने, मारपीट से तंग आकर ट्रेलर के आगे कूद गई थी

**संवाददाता। चौपारण**

बीते 26 अप्रैल को प्रखंड के महूदी में एक ट्रेलर की चपेट में आने से एक महिला की मौत के मामले नया मोड़ आ गया है. थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि मृतक महिला अपने पति दिनेश चौधरी के लगातार टॉर्चर, खाना नहीं देने, मारपीट से तंग आकर ट्रेलर के आगे कूद गई थी. इस संबंध में महिला के भाई मालेश्वर कुमार ने थाने में आवेदन दिया है, जिसमें ससुराल वालों पर महिला के साथ पूर्व से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है और घटना के दिन भी महिला के साथ मारपीट कर उसको जान देने के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है.थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रेलर की चपेट आने से घायल महिला को तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाए उसे तड़पता छोड़ कुछ अराजक तत्वों ने एनएच 2 को जाम कर दिया था और घायल महिला को उठाने नहीं दिया, जिससे घायल महिला की जान चली गई, इधर महिला के पति दिनेश चौधरी को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया है. वहीं अन्य नामजद अभियुक्त तारकनाथ पांडेय, मनोज केशरी, रामाधीन राणा, राजेश भगत, राजू राणा, सोनू सिंह, पंकज सिंह, चन्दनदेव भुइँया सभी ग्राम महूदी की तलाश पुलिस कर रही है.

### महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा सह क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन

# हजारीबाग में क्षत्रिय समाज का महाजुटान

**संवाददाता। हजारीबाग**



**खास बातें**

- जो राष्ट्र की बात करेगा क्षत्रिय समाज उसके साथ
- भाजपा प्रत्याशी जायसवाल भी पहुंचे समारोह में

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा सह क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन सोमवार को युवराज पैलेस में किया गया. लोकसभा स्तर पर आयोजित इस समारोह में पांचों विधानसभा से क्षत्रिय समाज के लोगों के पहुंचने का दावा किया गया. इसके बहाने क्षत्रिय समाज ने ताकत प्रदर्शित की और एक मत होकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को पूर्ण समर्थन देने की बात कही गई. इस मौके पर मुखिया प्रेम सिंह, आनंद देव, टुनटुन सिंह, अरविंद कुमार सिकरवार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे. राज परिवार के सदस्य उदयभान नारायण सिंह, डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत, सेवानिवृत आईएएस सुभाष सिंह, वसंत सिंह, नवीन सिंह आदि वक्ताओं ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोग इस देश में कभी महाराणा प्रताप बनाकर जन्म लिया तो कभी माता कौशल्या की कोख से जन्म लेकर भगवान राम हो गए. जब- जब भारत को जरूरत पड़ी तब-तब क्षत्रियों ने आगे आकर राष्ट्र और समाज के लिए अपना बलिदान दिया. सम्मेलन में एक स्वर में समाज के लोगों ने कहा कि भारत के क्षत्रिय नरेंद्र मोदी और हजारीबाग के क्षत्रिय मनीष जायसवाल के साथ डटकर खड़े हैं और उनका समर्थन कर रहे हैं. मनीष जायसवाल ने कहा कि इस देश का बंटवारा धर्म के आधार पर हुआ था, लेकिन एक राष्ट्र धर्म के आधार पर बना और दूसरा राष्ट्र धर्मनिरपेक्ष बना. उस वक्त सत्ताधारी लोग चाहते तो भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कर सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. इस बात पर आप सभी को चिंता करने की जरूरत है. आगे कहा कि इस आयोजन ने समाज को एक रोशनी दिखाने का काम किया है. अपने समाज को जागृत करने का काम किया है. मौके पर नरसिंह गौतम, अनिल देव, रामजतन सिंह, सुबोध सिंह, गोपाल सिंह, प्रो. उदय सिंह, मंगल सिंह, दामोदर कुमार सिंह, जिप सदस्य सर्वेश सिंह रामजतन सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, विजय सिंह, रामनरेश सिंह, पवन सिंह, राजेश प्रसाद सिंह निरंजन देव, अनिल अनुज सिंह, रमेश सिंह, उदय सिंह मनोज सिंह, संतोष सिंह, केदार सिंह, भरत सिंह, अनु सिंह, राजेश सिंह, राम सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, नवीन सिंह, पप्पू सिंह, ब्रजेश सिंह मौजूद थे.

### हजारीबाग जिले के राजपूत समाज की बैठक में सैकड़ों लोगों ने की घोषणा

# राजपूत समाज को भाजपा स्वीकार नहीं

**संवाददाता। हजारीबाग**



शहर के एक रेस्टोरेंट में सोमवार को हजारीबाग जिले के राजपूत समाज की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता मुन्ना सिंह ने की और संचालन प्रो गजेंद्र सिंह ने किया. बैठक में उपस्थित राजपूत समाज के लोगों ने कहा कि हजारीबाग में क्षत्रियों को बरगलाने का कार्य कुछ लोग कर रहे हैं. आज हजारीबाग का राजपूत समाज खुले मंच से भाजपा प्रत्याशी का विरोध करता है और उन्हें समर्थन नहीं करता है. इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि भाजपा के राजकोट से प्रत्याशी ने राजपूतों पर विवादित बयान दिया था मगर भाजपा की केंद्रीय कमेटी ने रुपाला पर कोई कार्रवाई नहीं की. भाजपा ने धनबाद और चतरा से दो क्षत्रिय सांसदों का टिकट काट कर दूसरे समुदाय के लोगों को दे दिया. इसके अलावा कटकमसांड़ी से दो क्षत्रिय युवक कई साल से गायब हैं, जिनका आज तक पता नहीं चला है. इन्हीं सभी मामलों को लेकर राजपूत समाज भाजपा से क्षुब्ध हैं और भाजपा प्रत्याशी को वोट नहीं करने की घोषणा करता है. कमल नयन सिंह ने कहा कि भाजपा राजपूत समाज को वोट बैंक समझ रखा है, जबकि कभी क्षत्रिय को मान सम्मान नहीं देती. आज इस बैठक में जुटे सैकड़ों लोगों ने भाजपा और भाजपा कैंडिडेट को अस्वीकार करने का फैसला किया है. अवधेश सिंह ने कहा कि भाजपा ने सदैव क्षत्रियों को छला है. बैठक को शशि मोहन सिंह, अवधेश सिंह, अशोक देव, मंगल सिंह, नगीना सिंह, भगवान सिंह, शत्रुध्न सिंह, अनिरुद्ध सिंह, सुनील सिंह राठौर, मिथलेश सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, गुड्डू सिंह आदि ने भी संबोधित किया.

#### युवराज पैलेस में अन्य समाज के लोग थे : मुन्ना

कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि क्षत्रिय समाज एक है और गठबंधन को मदद कर रहा है. उन्होंने बताया कि हजारीबाग जिले के क्षत्रिय समाज के लोग हमारे कार्यक्रम में उपस्थित थे और युवराज पैलेस में जो आयोजन किया गया है उसमें सिमरिया चतरा के अलावे अन्य समाज के लोग भी उपस्थित थे. सच्चाई यह है कि क्षत्रिय समाज गठबंधन की मदद करने को तैयार है. मौके पर कमलनयन सिंह, मुन्ना सिंह, कांग्रेस नेता अवधेश सिंह, प्रदीप सिंह, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे.



इटकी के एक मतदान केंद्र पर सुबह लगी मतदाताओं की कतार.

फोटो : रमीज

| 04 कुल लोकसभा | 64,58,036 कुल मतदाता | 32,38,955 पुरुष मतदाता | 32,19,039 महिला मतदाता | 2,48,767 फर्स्ट टाइम वोटर | 481 100 उम्र वाले वोटर | 7595 पोलिंग स्टेशन | 9114 बैलेट यूनिट | 9114 कंट्रोल यूनिट | 9874 वीवी पैट | 30380 मतदान कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

## झारखंड में पहले चरण की चार सीटों के लिए शांतिपूर्ण मतदान, पलामू के बूढ़ा पहाड़ पर पहली बार वोट

# प. सिंहभूम में 68.0, खूंटी 68.40, लोहरदगा 62.60 और पलामू में 60.59 प्रतिशत वोट

देश में सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान संपन्न हो गया. वहीं झारखंड में आज पहले चरण के लिए लोगों ने चार सीटों पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया.पश्चिम सिंहभूम में 68.0 प्रतिशत, खूंटी में 68.40, लोहरदगा में 62.60 और पलामू में 60.59 प्रतिशत वोट पड़े.वोट बहिष्कार की छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया. इस तरह इन चार सीटों के लिए 45 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई. मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो गया था, जो शाम 5 बजे तक चला. मतगणना चार जून को होगी.सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लोगों की भीड़ जुटने लगी थी.मतदान के लिए चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था थी.नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले पलामू के बूढ़ापहाड़ में लोगों ने पहली बार कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान किया.



गुमला में ट्रक पर सवार होकर मतदान के लिए जाते लोग.

**45 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद**





पलामू नवा बाजार में ह्वील चेयर पर जाकर मतदान किया.



### सड़क नहीं बनने पर वोट बहिष्कार, आक्रोश

**चाईबासा ।** चक्रधरपुर प्रखंड के बरकानी गांव में सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों में आक्रोश दिखा. इसका असर सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में देखने को मिला. ग्रामीणों ने एकजुट होकर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया. पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर प्रखंड बूथ संख्या 83 प्राथमिक विद्यालय बारकनी के मतदान केंद्र में एक भी मतदाता नहीं पहुंचे. पीठासीन पदाधिकारी मतदाता का इंतजार करते रहे. लेकिन एक घंटे बीत जाने के बाद भी एक भी मतदाता नहीं पहुंचा.



चैंबर का सार्थक प्रयास, मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराया ई-रिक्शा.



गुमला के एक बूथ पर मतदान के लिए कतार में लोग.

### चैंबर का सार्थक प्रयास, मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराया ई रिक्शा

**जनहित एवं देश हित में आगे भी काम होंगेः आनंद शंकर**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय सीट पर सोमवार को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भी सार्थक पहल की. मतदाता जागरूकता अभियान के बाद मतदान के दिन मतदाताओं की असुविधा को देखते हुए मेदिनीनगर शहर क्षेत्र को सात जोन में बांटकर ई रिक्शा का परिचालन कराया गया. पलामू चैंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि नई पहल "ई-रिक्शा मित्र" जो वृद्ध ,असहाय एवं दिव्यांग लोगों को निशुल्क घर से बूथ तक वोट देने के लिए दी जा रही थी. उस सेवा का 12 बजे दिन तक 454 लोग लाभ उठा चुके थे. उन्होंने बताया कि यह सेवा म 5:00 बजे तक लोगों को उपलब्ध कराई गई. चेंबर ई रिक्शा प्रभारी पुनीत सिंह व भोलू उपाध्याय ने बताया कि हमारे चेंबर अध्यक्ष द्वारा 95 ई-रिक्शा निशुल्क चलाए गए.



### भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने डाले वोट

*केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने खरसावां में पूर्व प्राथमिक विद्यालय, खेलारीसाई के बूथ नंबर 172 पर वोट डाले. उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा ने भी मतदान किया.*



### मंत्री मिथिलेश ने सपरिवार डाला वोट

*गढ़वा विधायक व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या 207 पहुंचे और मतदान किया.साथ ही उनकी पत्नी चंचल ठाकुर, बेटी प्रत्यक्षा ठाकुर ने अन्य मतदाताओं के साथ कतार में लगकर वोट किया.*



### बहिष्कार का असर, मात्र 30 वोट पड़े

***मेदिनीनगर।*** *पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करर कला के बूथ संख्या 242 पर ग्रामीणों के वोट बहिष्कार का असर दिखा. सड़क की मांग पूरी नहीं होने पर अपराहन तीन बजे तक मात्र 30 लोगों ने मतदान किया था.*



### मतदान के लिए जा रहे पति-पत्नी की सड़क हादसे में मौत

**बिशुनपुर ।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के कसमार स्थित दामकोम मोड़ के पास बाइक और पिकअप की सीधे भिड़त में निरासी हरैया निवासी नागदेव उरांव (45) और उनकी पत्नी सतमीला देवी (35) की मौत हो गई. घटना के संबंध में मृतक के भाई सुखदेव उरांव ने बताया कि मेरे भैया और भाभी सोमवार सुबह मतदान करने के लिए मोटरसाइकिल से बनालात आए हुए थे. तभी मतदान केंद्र में बताया गया कि बिना आईडी प्रूफ के आप मतदान नहीं कर सकते हैं. जिसके उपरांत पहचान पत्र लाने दोनों बाइक से अपने गांव हरैया गए थे. जहां से पुनः मतदान केंद्र बनालात आ रहे थे, तभी दामकोम मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक सवारी पिकअप से सीधे भिड़त हो गई. राहगीरों के द्वारा 108 एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया. जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. इधर बिशुनपुर पुलिस दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया.

## चुनावी शह और मात

प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने दुनिया के 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकी बदलाव का अध्ययन कर एक रिपोर्ट चुनावों के बीच जारी की है, जिसके मुताबिक भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत घट गई. वहीं मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के अधिकांश मुस्लिम बहुसंख्यक देश में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी हुई है, वहीं हिंदू, ईसाई व अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक आबादी में कमी आई है. इस रिपोर्ट को देखकर यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि यह भाजपा का चौथे चरण के मतदान से पहले एक नया शिगूफा है. दरअसल पिछले तीन चरणों के मतदान से भाजपा के लिए अच्छी खबरें नहीं आई हैं और यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने बयानों में अब हिंदू-मुस्लिम पर ज्यादा जोर देने लगे हैं. राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, प.बंगाल इन तमाम राज्यों में श्री मोदी के भाषणों पर गौर फरमाएं तो उसमें सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश साफ नजर आती है. इसलिए इस वक्त आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट का आना यह जाहिर करता है कि भाजपा के पास जनता के बीच जाने के लिए मुद्दों का अकाल है, इसलिए अब आभासी मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं. इस रिपोर्ट के बाद मोदी सरकार पर सवाल उठ रहे हैं कि जब उसने अपने पूरे कार्यकाल में जनगणना ही नहीं कराई तो अभी आबादी की बात किस आधार पर कर रही है. और जहां तक मुस्लिम आबादी की बात है तो नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के डेटा के मुताबिक मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर 2019-21 में सबसे कम 2.4 रही है, जबकि 2015-16 में 2.6 और 2005-06 में 3.4 थी.तीन चरणों के मतदान का ही यह असर बतलाया जाता है जिसके कारण शेष चुनाव बचाने के लिए मोदी अपने चिर-परिचित विषय पर लौट आये हैं. वह है ध्रुवीकरण. पश्चिम बंगाल के दौरे में वे संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं पर अतिरिक्त द्रवित हुए. हालांकि लोगों ने सवाल उठाया कि मणिपुर की महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न व दुष्कर्म पर बोलने से आखिरकार मोदी को किसने रोका था? अपनी सभाओं में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के एक बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करते हुए यहां तक कह डाला कि कांग्रेस का मानना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है. फिर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो हिन्दुओं के गहने छीनकर कई-कई बच्चे वालों को दे दिये जायेंगे (उनका आशय मुस्लिमों से था). खुद की हिन्दुवादी की छवि को प्रगाढ़ करने के लिए मोदी तीसरे चरण के मतदान के एक दिन पूर्व अयोध्या के राममंदिर पहुंच गये थे. वहां उनकी रामलला के समक्ष साष्टांग होने की तस्वीरें देश भर में प्रकाशित व वायरल कराई गईं, ताकि उसका लाभ 7 मई के मतदान में मिल सके. इतना सब होने के बाद भी कम मतदान और वह भी अपने पक्ष में न होने से आशंकित मोदी ज्यादा बौखलाए नज़र आये. उनके बयान और भी कटु हो चले हैं. इस क्रम में उन्होंने उन अडानी व अंबानी का जिक्र कर डाला (वह भी गलत तरीके से) जिसके अब तक वे सबसे बड़े रक्षक थे. माना जा रहा है कि उनका यह बयान एक तरह से सबसे आत्मघाती साबित होने जा रहा है.

तीन चरणों के मतदान का ही यह असर बतलाया जाता है जिसके कारण शेष चुनाव बचाने के लिए मोदी अपने चिर-परिचित विषय पर लौट आये हैं. वह है ध्रुवीकरण.

### सुभाषित

**विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम् ।**
**पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम् ॥**


जिसके पास विद्या होती है, उसके पास विनम्रता अपने आप पहुंच जाती है. जिसके पास विनम्रता होती है, उसके पास पात्रता आ जाती है. पात्रता से धन की प्राप्ति होती है, धन से धर्म की प्राप्ति होती है, और धर्म से सुख प्राप्त होता है.

# गायब होती लोकप्रियता में बदलते सुर

हिन्दुओं को खतरे में बताने वाले भी यह नहीं बता पाते कि अपने ही देश में सत्तर प्रतिशत की आबादी वाला हिंदू खतरे में कब, क्यों और कैसे आ गया! हां, खतरे की बात का ढिंढोरा जरूर पीटते रहते हैं. हद की बात तो यह है कि देश के हिंदू खुद भी कहीं से भी खतरे में नहीं मानता. कहीं ये भाजपा की ओर से बनाया गए 'छद्म हिंदू' तो नहीं हैं, जिनके दम पर भाजपा हमेशा सत्ता पाने की जुगाड़ में लगी रहती है. खैर जो भी हो, ऐसे लोगों के प्रयास से यह तो जरूर संभव हुआ कि अब हिन्दू-मुस्लिम के बीच एक अघोषित खाई सी बनने लगी है.



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण संपन्न हो गया. जीत-हार का निर्णय सात चरणों के चुनाव के बाद चार जून को होनेवाली मतगणना के बाद होगा. इस चुनाव में उनका भाग्योदय होगा, जिन्हें जनता बड़े सोच विचार से अपना अनमोल वोट देकर संसद में भेजने का निर्णय लिया होगा. अभी जो भी गणना या रुझान आपको दिखाया जाता है, वह समाज को दिग्भ्रमित और अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए दिखाया जा रहा है. ऐसे लोगों का उद्देश्य यह होता है कि आनेवाले चरणों में होनेवाले चुनावों पर इन रुझानों का प्रभाव पड़े और जिस दल की वे मार्केटिंग कर रहे हैं, उसे आगामी चरणों के चुनाव में लाभ मिले. क्योंकि आज भी हमारा समाज सुनी-सुनाई बातों के पीछे अपनी बुद्धि का प्रयोग करने से कतराता नहीं है. इसी का लाभ आज के ऐसे सर्वेयरों को मिलता है, जो अपने तामझाम से जनता के बीच पकड़ बना चुके होते हैं. अभी कुछ सप्ताह इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट तथा सोशल मीडिया पर वही दहाड़-फुफकार सुनते रहेंगे कि अमुक स्थान पर उस पार्टी ने बढ़त बना ली है. साथ ही भविष्य के लिए तथाकथित अंकों को भी स्पष्ट करते हैं कि इस पार्टी को उतनी और इस पार्टी को इतनी सीटें मिलने जा रही हैं और इसी के साथ चार जून को इस पार्टी की सरकार बनने जा रही है. एक से एक ज्योतिष अपनी गणना करके समाज को भ्रमित करते रहते हैं. सत्ताधीश भाजपा के सबसे मुखर नेता तथा जिनके नाम पर जनता से वोट मांगा जाता है, उनका स्वर तीसरे चरण के मतदान के बाद बदल गए हैं. अब प्रधानमंत्री के भाषण को सुनने पर यह नहीं लगता कि वह कोई नई बात कह रहे हैं, या लोग अब यह कहने लगे हैं कि प्रधानमंत्री का जो भाषण ओज से भरा होता था तथा जिसे सुनने के लिए दूर-दूर से लोग आते थे, अब उनमें ऐसा नहीं रहा.

तीसरे चरण के चुनाव होते होते उन नेताओं की भी स्थिति वैसी नहीं रही, जब प्रधानमंत्री के भाषण को सुनने दूर-दूर से लोग आते थे और भाषण के बाद उनके भाषण पर सभी सकारात्मक समीक्षा करते थे, लेकिन जब से सरकार ने मुस्लिम पक्ष को ललकारना शुरू कर दिया, भारत पाकिस्तान की बात करके उन्हें सबसे खतरनाक पड़ोसी मानने की बात कहने लगे, तभी से माहौल बिल्कुल बिगड़ता चला गया. निश्चित रूप से भारतीय ताकत के समक्ष पाकिस्तान की कोई औकात नहीं है, लेकिन इस बात का नारा भी अपने देश में ही दिया गया कि बहुसंख्यक हिन्दू खतरे में आ गया है, जबकि इसकी आशंका दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है. हिन्दुओं को खतरे में बताने वाले भी यह नहीं बता पाते कि अपने ही देश में सत्तर प्रतिशत की आबादी वाला हिंदू खतरे में कब, क्यों और कैसे आ गया! हां, खतरे की बात का ढिंढोरा जरूर पीटते रहते हैं. हद की बात तो यह है कि देश के हिंदू खुद भी कहीं से भी खतरे में नहीं मानता. कहीं ये भाजपा की ओर से बनाया गए 'छद्म हिंदू' तो नहीं हैं, जिनके दम पर भाजपा हमेशा सत्ता पाने की जुगाड़ में लगी रहती है. खैर जो भी हो, ऐसे लोगों के प्रयास से यह तो जरूर संभव हुआ कि अब हिन्दू-मुस्लिम के बीच एक अघोषित खाई सी बनने लगी है. मुस्लिम समाज खुद को अपमानित महसूस करते हुए अपने ही देश में स्वयं को निरीह मानने लगा है. इसी वजह से उनके मुंह से सुना जा सकता है कि अब वह हिंदुस्तान नहीं रहा, जिसमें हम मुसलमान और हिंदुओं ने साथ मिलकर अंग्रेजों को भगाया था.

कैसी विडंबना है कि आज के राजनीतिज्ञ यह सोचने लगे हैं और सार्वजनिक रूप से मंच से कहने लगे हैं हम उन्हें कपड़ों से पहचान लेते हैं. कहां से आती है किसी के मन में दूसरी जाति संप्रदाय के लिए ऐसी नफरत भरी भाषा का प्रयोग करने की हिम्मत? सच यह है कि यह सब राजनीतिज्ञ अपनी सत्ता को बचाए रखने के लिए, तानाशाही की ओर जाती सत्ता के पैरों को मजबूत करने के लिए ही जानबूझकर इन शब्दावलियों का प्रयोग करते हैं, ताकि दूसरे संप्रदाय के मन में भय पैदा हो और उन नेताओं के जो समर्थक हों, उनके मन में अपने नेताओं के प्रति अटूट विश्वास पैदा हो. क्या हो गया आज की सरकार में? एक-दूसरे पर आरोप लगाना तो चलिए स्वाभाविक रूप से चुनावों में चलता आ रहा है, लेकिन धर्म-संप्रदाय के नाम पर इतना झूठ बोलना, जिससे सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ जाए, आजादी के बाद ऐसा कभी हुआ नहीं है. अपने एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष में राम मंदिर का फैसला पलटवाने की मंशा खतरनाक है. पता नहीं किसने इस तरह का संदेश प्रधानमंत्री को देकर देश की शांति-व्यवस्था को खतरे डालने का अनैतिक प्रयास किया है. दरअसल, जानवरों का कोई समाज नहीं होता. आदमियों का समाज होता है. समाज के लिए भाषा चाहिए. दो लोगों को जोड़ने के लिए भाषा चाहिए. अगर दो लोगों के बीच भाषा न हो, तो जोड़ नहीं पैदा होगा. भाषा समाज बनाती है. भाषा ही सामाजिकता का आधार है. यदि इस तरह की भाषा प्रधानमंत्री ही जनता को उकसाने के लिए करें, तो इस समाज की, इस देश की रक्षा कौन करेगा!

### • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



## सत्य की गवेषणा

सत्य को पाने का मार्ग अति कठिन है. सत्यार्थी अगर सत्य पाने के लिए कटिबद्ध है, तो उसे बहुत सा त्याग चाहिए. और अटूट सावधानी भी. कई तरह के मोह उसे मार्ग चलित कर सकते हैं. उसके स्वयं के दृष्टिकोण भी उसके सत्य पाने में बाधक हो सकते हैं. सत्य खोजी को चाहिए, चाहे कैसे भी उसके दृढ और स्थापित पूर्वाग्रह हो. चाहे वे कितने भी यथार्थ प्रतीत होते हों. जिस समय उसका चिंतन सत्य की शोध में सलग्न हो, उस समय मात्र के लिए तो उसे अपने पूर्वाग्रह या कदाग्रह को तत्क्षण त्याग देना चाहिए. अन्यथा वे पूर्वाग्रह, सत्य को बाधित करते रहेंगे. सोचें कि मेरा चिंतन, मेरी धारणाओं, मेरे आग्रहों से प्रभावित तो नहीं हो रहा? कभी कभी तो हमारी स्वयं की 'मौलिक विचारशीलता' पर ही अहं उत्पन्न हो जाता है. और अहं, यथार्थ जानने के बाद भी स्वयं में, विचार परिवर्तन के अवसर को अवरोधित करता है. सोचें कि कहीं मैं अपनी ही वैचारिकता के मोहजाल में, स्वच्छंद चिंतन में तो नहीं बह रहा? कभी कभी तो अजानते ही हमारे विश्लेषण मताग्रह के अधीन हो जाते है. प्रायः ऐसी स्थिति हमें, सत्य तथ्य से भटका देती है. प्रायः हमारी वैचारिकता पर किसी न किसी विचारधारा का प्रभाव होता है. तथ्यों की परीक्षा-समीक्षा करते हुए, अनायास ही हमारा पलड़ा सत्य के विरुद्ध झुक सकता है. और अक्सर हम सत्य के साथ 'वैचारिक पक्षपात' कर बैठते हैं. इस तरह के पक्षपात के प्रति पूर्ण सावधानी जरूरी है. पूर्व स्थापित निष्कर्षों के प्रति निर्ममता का दृढ भाव चाहिए. सम्यक दृष्टि से निरपेक्ष ध्येय आवश्यक है.₹ यह निश्चित है कि कोई एक 'परम सत्य' अवश्य है. और सत्य 'एक' ही है. सत्य को जानना समझना और स्वीकार करना हमारे लिए नितांत ही आवश्यक है.₹ सत्य पर इस प्रकार की अटल श्रद्धा होना जरूरी है. सत्य के प्रति यही आस्था, सत्य जानने का दृढ मनोबल प्रदान करती है. उसी विश्वास के आधार पर हम अथक परिश्रम पूर्व सत्य मार्ग पर डटे रह सकते है. अन्यथा जरा सी प्रतिकूलता, सत्य संशोधन को विराम दे देती है. परीक्षा करें कि विचार, तर्कसंगत-सुसंगत है अथवा नहीं. वे न्यायोचित है या नहीं. भिन्न दृष्टिकोण होने कारण हम प्रथम दृष्टि में ही विपरित विश्लेषण पर पहुंच जाते है. जैसे सिक्के के दो पहलू होते है. दूसरे पहलू पर भी विचार जरूरी है. जल्द निर्णय का प्रलोभन त्याग कर, कम से कम एक बार तो विपरीत दृष्टिकोण से चिंतन करना ही चाहिए. परीक्षक से सदैव तटस्थता की अपेक्षा की जाती है.

# गरीबों के हित में बड़े बदलाव का संकेत

• सियासत

जगदीश रत्तनानी

जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, उसके मद्देनजर भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर बहुत कुछ पहले ही बदल चुका है. पहली बात, कांग्रेस पार्टी एक दशक से भी ज्यादा वक्त में पहली बार मतदाताओं के सामने अपनी राजनीतिक स्थिति को स्पष्ट रूप से पेश करने में सफल हुई है. यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है जो पूरी तरह से वामपंथ के साथ चल रही है. सवाल यह नहीं है कि वह कितने डिग्री तक वामपंथ के साथ है, परन्तु यह दिशा और स्थिति का सवाल ज्यादा है और बताता है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी किस स्थान पर खड़ी है. कभी उदारीकरण और निजीकरण की समर्थक पार्टी से इस वक्त जो उभर कर सामने आ रहा है, वह अब सामाजिक न्याय, धन-आय सम्बन्धी असमानता या श्रमिकों के अधिकारों के एजेंडे के साथ एक अनिश्चय की स्थिति वाला रवैया नहीं है. यह एजेंडे का स्पष्ट रूप से रखा जाना है. यह वामपंथ की ओर एक तेज मोड़ है, जो हाल के समय में कभी स्पष्ट नहीं था, जितना इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान बैंकों के राष्ट्रीयकरण के दौरान था. वर्तमान में मतदाताओं की प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि पार्टी जनता की भावनाओं को समझ रही है और उसकी गतिविधियां राष्ट्र के मूड के अनुरूप हैं. कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए इस प्रखर वैचारिक स्थिति के प्रति कटिबद्धता महत्वपूर्ण है, जबकि कुछ लोग कहेंगे कि पार्टी परिस्थितियों से मजबूर हो गई है. इसके बावजूद ऐसा लगता है कि वामपंथ के प्रति इस झुकाव को नेतृत्व और काडर द्वारा पूरे दिल से गले लगाया गया है. कांग्रेस ने 4 जून को आने वाले परिणामों की घोषणा से बहुत पहले यह एक महत्वपूर्ण चुनाव किया है. उल्लेखनीय है कि नारेबाजी और उम्मीद-सेटिंग के कारण विजयी के रूप में देखे जाने के लिए भाजपा को अपने 303 के पिछले आंकड़े को पार करना होगा, वहीं इंडिया गठबंधन को जीत का दावा करने के लिए भाजपा को 272 से नीचे खींचना होगा. इस बात की संभावना को छोड़ दें कि इस समय कांग्रेस या इंडिया गठबंधन इन चुनावों में बहुत खराब प्रदर्शन कर रहा है या नहीं, लेकिन देश में एक ऐसी पार्टी है, जो आने वाले दिनों में भारत की नीति तय करेगी. यह एक ऐसी भूमिका है जिसे कांग्रेस ने त्याग दिया था और जिसके कारण वह अप्रासंगिक हो गई थी. इसी ने 'क्या', 'कैसे' और 'क्यों' की ठोस स्थिति में बंधी स्पष्ट राजनीतिक दिशा के अभाव में भाजपा के लिए जमीन छोड़ दी थी. इस निश्चित दिशा के बिना हमारे पास जो कुछ भी था वह भाजपा की सांप्रदायिकता और भ्रष्टाचार पर एक दंतहीन हमला था, जिसमें दृढ़ विश्वास नहीं था और जो मतदाताओं की मंशा के अनुरूप कारगर नहीं है. बहरहाल अब कहानी बदल गई है. कांग्रेस में एक दशक से आ रही गिरावट और केंद्रीय सत्ता में रहने के दौरान भी इसकी धीरे-धीरे हो रही गिरावट, नव-उदारवादी एजेंडे का नेतृत्व करने के लिए जानी जाने वाली पार्टी का अपरिहार्य परिणाम थी. हाल के दिनों में इसकी एकमात्र उपलब्धि 1991 के आर्थिक सुधार थे. मजबूत शासन और कमजोर या गैर-मौजूद पुलिसिंग के अभाव या मिलीभगत के कारण यह भ्रष्टाचार सार्वजनिक क्षेत्र के आधिपत्य से निजी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है. मोटे तौर पर इन घटनाक्रमों ने आश्चर्यजनक रूप से भाजपा समर्थक धनी वर्गों के उदय को बढ़ावा दिया, जिन्होंने वर्ग, जाति और स्थिति के मामले में अन्य मिश्रित कुलीन वर्ग के साथ गठबंधन करते हुए भाजपा को सत्ता में लाने के लिए मदद की. इस काम के लिए उन्होंने कांग्रेस शासन में हुए बड़े भ्रष्टाचार के मामलों का हवाला दिया. 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन का नेतृत्व करने वाले अन्ना हजारे की निंदनीय भूमिका पहले ही उजागर हो चुकी है, जो भाजपा के वृहद भ्रष्टाचार घोटालों पर चुप रहे हैं. अंत में, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस स्पष्ट रूप से कहे या न कहे लेकिन उसने मनमोहन सिंह और उन सभी सुधारों को खारिज कर दिया है, जो उन्होंने पेश किए थे. नई कांग्रेस को अपनी विश्वसनीयता बनाने के लिए यह एक आवश्यक शर्त है. आखिरकार मनमोहन सिंह एक नौकरशाह थे, जो भले ही अर्थव्यवस्था के उप-समूह में सफल रहे हों, लेकिन राजनीति के सुपर सेट में बुरी तरह विफल रहे थे. आर्थिक सुधार एक माध्यम है जबकि राजनीति एक दर्शन है. किसी भी माध्यम का कुशल उपयोग इस बात की समझ के अभाव में खतरनाक है कि इसका उपयोग क्यों किया जा रहा है और यह कहां ले जाएगा. आज की कांग्रेस के लिए यह सेवानिवृत्त नौकरशाहों से दूर रहने की चेतावनी होनी चाहिए. उसे भ्रष्टाचार रोकने के लिए पैनी नजर रखनी होगी. चाहे वह सत्ता में हो या न हो, लेकिन कांग्रेस को एक टीम बनाने के लिए अधिक युवा नेतृत्व और प्रतिबद्ध लोगों की आवश्यकता होगी ताकि पार्टी जीवंत रह सके.

कांग्रेस ने 4 जून को आने वाले परिणामों की घोषणा से बहुत पहले यह एक महत्वपूर्ण चुनाव किया है. उल्लेखनीय है कि नारेबाजी और उम्मीद-सेटिंग के कारण विजयी के रूप में देखे जाने के लिए भाजपा को अपने 303 के पिछले आंकड़े को पार करना होगा, वहीं इंडिया गठबंधन को जीत का दावा करने के लिए भाजपा को 272 से नीचे खींचना होगा.

# संविधान से मजबूत है भारत की बुनियाद

• विमर्श

प्रो. रविकांत

90 साल के स्वाधीनता आंदोलन और लाखों कुर्बानियों के बाद प्राप्त आजादी को लेकर अंबेडकर बेहद चिंतित थे. भारत के भविष्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए अंबेडकर ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र होगा. उसकी स्वतंत्रता का भविष्य क्या है? क्या वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखेगा या फिर उसे खो देगा? सदियों से सामन्तवाद और ब्राह्मणवाद पर आधारित समाज स्वतंत्रता के बाद कैसा होगा? 2024 का लोकसभा चुनाव आज़ादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण चुनाव है. यह प्रजातंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है. पिछले 10 साल में हिन्दुत्ववादी दक्षिणपंथी सत्ता ने भारत की अस्मिता और उसकी सांस्कृतिक विरासत को बुरी तरीके से जख्मी किया है. आरएसएस और उसके हजारों हिन्दुत्ववादी संगठनों ने अपने भाषणों और कृत्यों से भारत की आत्मा को कुचल डाला है. आजादी के समय देश की जो परिस्थितियां थी, आज वही स्थितियां बना दी गई हैं. स्वाधीनता आंदोलन में हिंदू महासभा के द्विराष्ट्रवाद के सिद्धांत और मुस्लिम लीग की सांप्रदायिक राजनीति ने ऐसे हालात पैदा कर दिए थे कि आजादी के साथ भारत को विभाजन झेलना पड़ा. विभाजन के दरमियान हुई सांप्रदायिक हिंसा और अमानवीयता ने भारत की स्वतंत्रता पर ही सवाल खड़े कर दिए थे. चर्चिल जैसे यूरोपीय नेता नवनिर्मित भारतीय राष्ट्र के टूटने की भविष्यवाणी कर रहे थे. लेकिन गांधी के मार्गदर्शन, नेहरू के दूरदर्शी चिंतन और डॉ आंबेडकर के सामाजिक न्याय ने देश की नींव को मजबूत बनाकर खड़ा किया. तमाम आशंकाओं को दरकिनार करते हुए वैचारिक दरारों के बावजूद अगर भारत आज भी मजबूती से खड़ा हुआ है तो उसकी बुनियाद भारत का संविधान है. मोदी सरकार के 10 सालों में भारत के संविधान पर सबसे ज्यादा हमला किया गया. डॉ. अंबेडकर भारतीय राष्ट्र और संविधान की चुनौतियों से अवगत थे. बाबा साहब संविधान निर्माण से लेकर अपने जीवन के अंतिम समय तक लगातार लोकतंत्र और संविधान की चिंता करते रहे. उन्होंने संविधान सभा के अंतिम भाषण में उन चुनौतियों और आशंकाओं को सूत्रबद्ध किया. संविधान सभा में करीब 50 मिनट तक दिए गए इस भाषण की तमाम खूबियां हैं. दुर्योग से इस भाषण की चर्चा अगले 50 साल तक लगभग ना के बराबर हुई. 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में दिया गया डॉ अंबेडकर का यह भाषण 20वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण, बौद्धिक और चेतावनियों से लबरेज भाषण है. जिस तरह नेहरू का 15 अगस्त 1947 की अर्धरात्रि को दिया गया भाषण 'नियति से साक्षात्कार' की चर्चा भारत की गरीबी, बदहाली की चुनौतियों से निपटने और भारत के निर्माण के विषय में है, उसी तरह डॉ. अंबेडकर का भाषण वैचारिक और सामाजिक राजनीतिक चुनौतियों से भरा हुआ है. लेकिन जहां नेहरू के भाषण की चर्चा हमेशा की जाती रही, वहीं अंबेडकर के विचार और व्यक्तित्व की तरह उनके भाषण को भी भुला दिया गया. अगर उस भाषण को आने वाली कांग्रेसी सरकारों और उस समय के बुद्धिजीवियों ने ध्यान से पढ़ा और परखा होता तो शायद हिंदुत्ववाद के ये दुर्दिन नहीं देखने पड़ते. संविधान निर्माण से लेकर उसके पारित होने और उसके बाद दशकों तक हिंदुत्ववादी संविधान के खिलाफ खड़े रहे. आरएसएस, हिंदू महासभा, राम राज्य परिषद, जनसंघ और भाजपा के नेता गाहे-बगाहे भारतीय संविधान को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक और विदेशी बताते रहे. 90 साल के स्वाधीनता आंदोलन और लाखों कुर्बानियों के बाद प्राप्त आजादी को लेकर अंबेडकर बेहद चिंतित थे. भारत के भविष्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए अंबेडकर ने कहा कि '26 जनवरी 1950 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र होगा. उसकी स्वतंत्रता का भविष्य क्या है? क्या वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखेगा या फिर उसे खो देगा?' सदियों से सामन्तवाद और ब्राह्मणवाद पर आधारित समाज स्वतंत्रता के बाद कैसा होगा? वर्चस्व और वंचित में विभाजित समाज एक साथ कैसे रहेगा? भारत की जनता कैसा आचरण करेगी? डॉ आंबेडकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को लेकर भी आशंकाग्रस्त थे. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'यदि पार्टियां अपने मताग्रहों को देश के ऊपर रखेंगी तो हमारी स्वतंत्रता संकट में पड़ जाएगी. संभवतया वह हमेशा के लिए खो जाए. हमें अपने खून की आखिरी बूंद तक अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है.' भारत ने प्रजातंत्र को अपनाया. भारत में प्रजातंत्र का भविष्य कैसा है? इसकी क्या चुनौतियां हैं? प्रजातांत्रिक प्रणाली में डॉ अंबेडकर को तानाशाही का खतरा महसूस हो रहा था.

भारत के भविष्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए अंबेडकर ने कहा कि '26 जनवरी 1950 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र होगा. उसकी स्वतंत्रता का भविष्य क्या है? क्या वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखेगा या फिर उसे खो देगा?' सदियों से सामन्तवाद और ब्राह्मणवाद पर आधारित समाज स्वतंत्रता के बाद कैसा होगा? वर्चस्व और वंचित में विभाजित समाज एक साथ कैसे रहेगा?

### मीडिया में अन्यत्र

## हरियाणा : उथल-पुथल और शक्ति परीक्षण

**हरियाणा में** राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है. सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से तीन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस ले लिया है और भाजपा की पूर्व गठबंधन सहयोगी जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने वैकल्पिक सरकार के गठन के लिए कांग्रेस को समर्थन की पेशकश की है. नब्बे (90) सदस्यीय राज्य विधानसभा (जहां अभी सदस्यों की प्रभावी संख्या 88 है) में, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार अपने 43 समर्थक विधायकों के साथ अल्पमत में जान पड़ती है – बहुमत के लिए 45 की जरूरत है. लेकिन भाजपा नेताओं का दावा है कि उनकी सरकार को 'कोई खतरा नहीं' है और अगर कोई जरूरत पड़ी तो 'अन्य विधायक' उनका समर्थन करेंगे – यह जेजेपी के असंतुष्ट विधायकों से समर्थन मिलने की ओर इशारा है. कांग्रेस और जेजेपी ने भाजपा के खिलाफ सारे घोड़े खोल दिये हैं, लेकिन वे मौजूदा सरकार को गिराने की प्रक्रिया शुरू करने की जिम्मेदारी एक दूसरे पर डाल करके, फूंक-फूंक कर आगे बढ़ रहे हैं. दोनों पार्टियों ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से दखल देने को कहा है. कांग्रेस ने राष्ट्रपति शासन के तहत तुरंत विधानसभा चुनाव की मांग की है, जबकि जेजेपी ने राज्यपाल से तुरंत सदन में बहुमत परीक्षण कराने को कहा है ताकि यह तय हो सके कि मौजूदा सरकार के पास विधानसभा में बहुमत है या नहीं. आम चुनाव के बीच और विधानसभा चुनाव (जो सामान्य स्थिति में अक्टूबर में होना है) से पहले, कांग्रेस और जेजेपी अपने जनाधार को एकजुट करने की कोशिश कर रही हैं. जेजेपी के 10 विधायकों में से कम-से-कम दो ने लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को अपने समर्थन का एलान किया है और जेजेपी के लिए अपने कुनबे को एकजुट रखना कठिन होता जा रहा है. भाजपा से अपना रास्ता अलग करने के बाद, जेजेपी (जिसे खेतिहर तबके, मुख्य रूप से जाट समुदाय से ज्यादातर समर्थन मिलता है) ने अपने पूर्व गठबंधन सहयोगी के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है. इस साल मार्च में, जब भाजपा ने मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया, तो इसने पार्टी की इस रणनीति की ओर इशारा किया कि वह गैर-जाटों की ओर झुकाव वाली अपनी जाति-आधारित राजनीति को और धारदार बनाना चाहती है. हरियाणा साल 2016 में जाट आरक्षण के लिए हिंसक आंदोलन का गवाह बना था. इस आंदोलन ने अंतर-समुदाय संबंधों पर बुरा असर डालते हुए, जाटों और गैर-जाटों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## उघरना/उघटना

**गोस्वामी** तुलसीदास ने रामचरित मानस में कहा है-उघरे अंत न होहिं निबाहू, कालनेमि जिमि रावन राहू. मतलब जब अंत उघर जाता है तो निर्वाह नहीं हो पाता. हनुमानजी कालनेमि को तबतक संत समझकर अपना गुरु मानते रहे, जबतक उसका भेद नहीं खुल गया कि वह संत नहीं, राक्षस है. जब रावण का रहस्य खुल गया कि उसकी नाभी में अमृत कुंड है तो वह मारा गया. इसी प्रकार जब राहु का भेद खुला कि वह देवता नहीं, बल्कि राक्षस है तो उसका भी वध कर दिया गया. यह सबकुछ हुआ उघरने से. उघरना शब्द अकर्मक क्रिया है. हिंदी शब्दसागर के अनुसार उघरना शब्द का मतलब है खुलना, आवरण हट जाना, खुलना, नंगा होना, प्रकट होना, प्रकाशित होना, असली रूप में प्रकट होना, असलियत का खुलना, भंडा फूटना, इस क्रिया से बहुत सारे मुहावरे भी हिंदी भाषा में प्रचलित हैं. जैसे उघरकर नाचना यानी लोकलज्जा छोड़ कर खुल्लमखुल्ला मनमाना कार्य करना. इससे मिलता-जुलता शब्द है उघटना, जो अर्थ के दृष्टिकोण से उघरना शब्द से कोई संबंध नहीं रखता. उघटना का अर्थ है संगीत में ताल की जांच के लिए मात्राओं की गणना करके किसी प्रकार का शब्द या संकेत करना, तान देना, सम पर तान तोड़ना. सूरदास के इस पद में उघटना शब्द का प्रयोग देखने योग्य है-उघटत स्याम नृत्यति नारि, धरे अधर अपंग उपजै लेत है गिरधारि. मतलब, गयी बीती बात को उठाना, दबी-दबाई बात को उभाड़ना, कभी किये अपने उपकार या दूसरे के अपराध को बार-बार कहकर ताना देना. जैसे नकटे का खाइये, लेकिन उघटे का न खाइये. जो एक बात भूल चूक से एक बार हो गयी, उसे बार उघटते रहने का कोई मतलब नहीं है. किसी को भला-बुरा कहते-कहते उसके बाप-दादे को भी भला-बुरा कहने लग जाना भी उघटना ही कहलाता है. सूरदास ने कहा है कि सब दिन को भरि लेउं आजु ही तब छोड़ौं मैं तुमकौ. उघटति हौ तुम मातु पिता लौं नहिं जानत हौं हमकौ.

# बेइज्जती हो रही बेचारे झोले की

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



झोलाछाप कहकर जो असली बेइज्जती बेचारे झोले की हो रही है, मुझे उसको लेकर ज्यादा चिंता है. सबसे ज्यादा भला तो झोला ही है. आम आदमी के काम आता है. उसे हाथ में लेकर व्यक्ति बाजार में जाता है और चार तरह का सौदा खरीद कर घर को लौट आता है. झोला सर्वसाधारण की पहचान है. सस्ता जरूर है, लेकिन महंगे से महंगा भी बाजार में मिल जाता है. दुर्भाग्य से झोले की इमेज झोलाछाप कहकर सबसे ज्यादा खराब की जाती है. मानो यह कोई मामूली वस्तु है, जिसका जैसे चाहे, जब चाहे, जो चाहे मजाक बना ले. बात को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है. अगर झोला न हो तो झोलाछाप शब्द का अस्तित्व मिट जाएगा. लेकिन फिर उसके स्थान पर कंडिया या टोकरी को आना पड़ेगा. सोचिए क्या कंडियाछाप या टोकरीछाप कहना अच्छा लगेगा? झोले का उपकार मानना चाहिए कि उसने अपने अस्तित्व को दांव पर लगाकर भी झोलाछाप शब्द की इज्जत बचा ली है. फिर आप झोलाछाप के बारे में सोचिए! वह केवल उस चिकित्सक के लिए उपयोग में नहीं आता, जिसके पास झोला हो. सच तो यह है कि झोलाछाप डॉक्टर का झोले से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं होता. न वह झोला लेकर चलता है, न उसके क्लीनिक में झोला हर समय रहता है. लेकिन फिर भी उसे झोलाछाप कहा जाता है. बहुत से चिकित्सक आठ-दस दिन तक तो मरीजों का इलाज केवल इसलिए करते रहते हैं, क्योंकि वह संयोगवश उनके पास इलाज के लिए आया होता है. मरीज बेचारा अपनी दो जेबों में से जब एक जेब के रुपए खर्च कर लेता है, तब ये चतुर डॉक्टर उससे कहते हैं कि उसका इलाज उनके वश में नहीं है. क्या यह झोलाछाप नहीं हैं? बड़े-बड़े क्लिनिकों और नर्सिंग होम में इस प्रकार का झोलाछाप व्यवहार चलता रहता है, लेकिन उन्हें कोई झोलाछाप नहीं कहता. अनाड़ी लोग अपने आप में वास्तव में झोलाछाप नहीं होते. जो खुद को अनाड़ी होने के बाद भी खिलाड़ी घोषित करते हैं, वे वास्तव में झोलाछाप हैं. कुछ छुटभैया नेता इसलिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं, क्योंकि उनके हाथ में बड़े नेता जी का झोला रहता है. हर किसी को बड़े नेता का झोला हाथ में लेने का सौभाग्य नहीं मिलता. जिस छुटभैये पर नेताजी की कृपा दृष्टि पड़ जाती है और वह अपना झोला उसे थमा देते हैं, वह छुटभैया धन्य हो जाता है. अनेक छुटभैया सारा जीवन नेताजी का झोला पकड़े रहते ही राजनीति खत्म कर देते हैं. कुछ छुटभैया पदोन्नति प्राप्त करके बड़े नेता बन जाते हैं. उसके बाद उनके जो छुटभैया होते हैं, वह अपना झोला उनमें से किसी एक को पकड़ा देते हैं. झोलाछाप शब्द की उत्पत्ति संभवतः इन घटनाओं से भी हुई होगी.

# ताकि तगड़ा हो पासवर्ड



**आज जब हमारी जेब से शिक्षा और रिश्ते-नाते से नौकरी तक गजेट्स से संचालित होते हैं, पासवर्ड की मजबूती बहुत मायने रखती है. ऑनलाइन जो भी काम करें, पूरी तरह से सुरक्षित रहे, इसके लिए पासवर्ड का तगड़ा होना जरूरी है. ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. कई लोग कमजोर पासवर्ड का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है. आइए आज उन बिंदुओं की करें चर्चा जिससे पासवर्ड मजबूत बन सके-**

- **बनाएं जटिल पासवर्ड**

कम से कम 12 अक्षरों वाला पासवर्ड चुनें, जिसमें बड़े और छोटे अक्षर, संख्या और विशेष वर्ण शामिल हों. एक ही पासवर्ड का उपयोग कई अकाउंट में करने से बचें. इससे यदि एक अकाउंट हैक हो जाता है तो हैकर्स आपके अन्य अकाउंट तक भी आसानी से पहुंच सकते हैं.

- **न नाम न बर्थडे**

अक्सर अपने नाम, जन्मदिन, प्रियजन का नाम पालतू के नाम आदि का उपयोग कर हम पासवर्ड बनाते हैं. ऐसा करना सही नहीं है. इन्हें आसानी से प्रिडिक्ट किया जा सकता है. हर 6 महीने में पासवर्ड बदलें. इससे यदि अकाउंट दूसरे डिवाइस पर चल रहा है तो वह बंद हो जाएगा.

- **पासवर्ड मैनेजर का प्रयोग**

सभी पासवर्ड को याद रखना मुश्किल हो सकता है. इसलिए पासवर्ड मैनेजर का इस्तेमाल करें. सार्वजनिक वाइ-फाइ का इस्तेमाल करते समय संवेदनशील जानकारी दर्ज न करें. जरूरत है, तो वीपीएन का इस्तेमाल करें.

- **फिशिंग से सावधान**

ऐसे ईमेल और संदेश से सावधान रहें जो आपको अपने पासवर्ड या अन्य व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने के लिए कहते हैं. संदेहजनक ईमेल या संदेश में अक्सर लिंक होते हैं जो आपको नकली वेबसाइट पर ले जा सकते हैं. लिंक पर क्लिक करने से पहले, उस पर माउस घुमाएं ताकि पता देख सकें और सतर्क रहें.

- **एफए सक्षम करें**

एफए अतिरिक्त सुरक्षा परत जोड़ता है. इसमें आपके अकाउंट में लॉग इन करने के लिए पासवर्ड के अलावा एक और पहचान कारक की जरूरत होती है, जैसे कि कोड जो आपके फोन पर भेजा जाता है. साथ ही एंटी-वायरस और एंटी-मैलवेयर सॉटवेयर का इस्तेमाल करें.

## नहीं कीजिए ये गलतियां

- अपनी जन्मतिथि या खुद का नाम, प्रियजनों या फिर पालतू के नाम से पासवर्ड नहीं बनाएं.
- किसी के साथ भी अपना पासवर्ड साझा करने से बचें, भले ही वे कितने भी नजदीकी या भरोसेमंद हों.
- कई अकाउंट्स के लिए एक तरह के पासवर्ड का इस्तेमाल नहीं करें.
- याद रखने के लिए पासवर्ड को कागज या नोट्स ऐप में लिखने से बचें.
- पासवर्ड को नियमित रूप से बदलना अहम है, खासकर यदि आपको लगता है कि वे चुराए जा सकते हैं.
- पासवर्ड को मैन्युअल रूप से याद रखें. ब्राउजर में इसे सहेजने देने से कभी भी हैकर्स इसे क्रैक कर सकते हैं.



# ताकि आग से बेफिक्र हो सफर

**गर्मी के मौसम में सड़कों पर चलती कार में आग लगने की घटनाएं खूब हो रही हैं. ऐसा एलपीजी और सीएनजी कारों में ही नहीं पेट्रोल और डीजल कारों में भी खूब हो रहा. कार में आग लगने के कई कारण हो सकते हैं. आपकी गाड़ी के साथ ऐसा हादसा ना हो और गर हो जाए तो भी कम से कम नुकसान हो, इसके लिए आइए इसके कारण व बचाव के उपाय से हम वाकिफ हों-**



- **शॉर्ट सर्किट**

शॉर्ट सर्किट किसी भी कार में आग लगने की सबसे बड़ी वजह होती है. ऐसा तब होता है जब गर्मियों के दौरान एक से ज्यादा तार की बाहरी सुरक्षा सतह पिघल जाती है और वह चिपक जाते हैं. इसलिए गर्मियों में कार की सर्विसिंग कराने की सलाह दी जाती है.

- **इंजन ओवरहीट**

गर्मियों में लंबे सफर के दौरान कार को लगातार चलाने के कारण कई बार इंजन का तापमान बढ़ जाता है. इस कारण भी आग लगने की आशंका बढ़ जाती है. इस मौसम में लंबे सफर पर निकलें तो बीच-बीच में कार को आराम का मौका दें. साथ ही कूलेंट की मात्रा को भी चेक करते रहें.

- **न लगाएं गैर जरूरी एक्सेसरीज**

कार में एक लिमिट से ज्यादा पावर के म्यूजिक सिस्टम, एक्स्ट्रा हेलोजन या एलईडी लाइट्स आदि एसेसरीज नहीं लगवानी चाहिए. ये एसेसरीज कार की बैटरी पर लोड बढ़ाती हैं, जिससे बैटरी वायर में शॉर्ट सर्किट होने का खतरा बनने लगता है. हमारी कोशिश होनी चाहिए कि कार को जिस तरह से कंपनी की ओर से दिया जाता है, बस उन्हीं एसेसरीज के साथ रखें.

- **न रखें परफ्यूम और स्प्रे**

खासकर गर्मियों में कार में परफ्यूम या अन्य प्रकार के स्प्रे रखने से बचें. ऐसी वस्तुएं काफी जल्दी आग पकड़ती हैं. साथ ही इन पर भी अत्यंत ज्वलनशील की चेतावनी भी दी जाती है.

- **सर्विसिंग ऑथोराइज्ड सर्विस सेंटर में**

अक्सर हम फ्री सर्विस के बाद लोकल जगह से कार की सर्विस करा लेते हैं. ऐसे में कई बार अप्रशिक्षित मैकेनिक के हाथों से कार में गड़बड़ी हो जाती है जोकि खतरनाक साबित होती है. हमेशा कार की सर्विस ऑथोराइज्ड सर्विस सेंटर से ही कराएं.

## ये बातें भी काम की

- अपनी कार में एक फायर एक्सटिंग्विशर जरूर रखें, ताकि जरूरत पड़ने आग बुझाने में आप इसकी मदद ले सकें.
- अपनी कार में एक सीट बेल्ट क्टर साथ रखें ताकि जरूरत पड़ने पर एक्सीडेंट के दौरान फंसी हुई सीट बेल्ट को काटा जा सके.
- कार में एक छोटा हथौड़ा भी रहें जिससे कार का शीशा तोड़ने में मदद मिले.

*तकनीक की दुनिया का रफ्तार बहुत तेज होता है. किसी गजेट्स, एप्लायंस आदि का उपयोग हम सीखते हैं और समय गुजरते ही फिर नई तकनीक से वास्ता पड़ता है. पर किसी किसी गजेट्स से पहली बार का वास्ता कई बार ताउम्र का अनुभव बन जाता. कुछ ऐसे ही खट्टे-मीठे अनुभव से हों रू-ब-रू*

# गजेट्स से प्यार पहली-पहली बार...



## ऐसे थोड़े ही लगेगा कनेक्शन!



जयमाला

बात उन दिनों की है, जब गांवों में दूरसंचार का विस्तार हो रहा था. मेरे घर पर भी टेलिफोन का कनेक्शन लिया गया था. लेकिन मैं उस समय घर पर नहीं, बल्कि सुन्दरवती महिला महाविद्यालय भागलपुर के हॉस्टल में रहा करती थी. घर से पापा की चिट्ठी आई थी कि घर पर टेलिफोन लग गया है, कोई जरूरत हो तो बात कर लेना. उस समय तक मैंने केवल रेलवे स्टेशन पर और फिल्मों में टेलिफोन देखा था. कुछ रिश्तेदारों के घर था पर कभी इस्तेमाल नहीं किया था.

भागलपुर दंगे के बाद घर के लोग चिंतित रहते थे. पता नहीं कैसा माहौल है? एक बार चिट्ठी आई कि मां की तबियत ठीक नहीं है इस नंबर पर बात कर लेना. तब मेरे हॉस्टल की सुपरिन्टेन्डेंट मेरे डिपार्टमेंट की हेड डॉ माधुरी सिन्हा हुआ करतीं थीं. वह मुझे अच्छी तरह पहचानती थीं. उनके आवास पर टेलीफोन लगा हुआ था. अक्सर छात्रावास की लड़कियां वहीं जाकर फोन किया करती थीं. इसलिए बड़े से चोंगे वालालाल रंग का टेलिफोन बरामदे में ही रखा रहता था. मैं भी चली गई. इजाजत मिल गई तो मैंने बड़े से गोल नंबर डायल पर उंगली घुसा कर नंबर डायल करना शुरू कर दिया. अचानक से माधुरी मैम की बेटी बाहर आई और मुझे टोका आप क्या कर रहीं हैं? इस तरह से आपका कनेक्शन थोड़े ही लगेगा! पहले आप रिसिवर उठाकर कान में लगाइए फिर नंबर डायल कीजिए.

घर होता तो कोई और बात थी लेकिन, उस गंभीर अनुशासन के माहौल में किसी के टोकने भर से मैं कांप गई. मुझे शर्मिंदगी भी महसूस हुई. लेकिन उसी दिन मैंने पहली बार टेलीफोन इस्तेमाल करना सीखा.

## इत्ती दूर का टीवी







अनु पोद्दार

उन दिनों टीवी पर रामायण धारावाहिक आता था जिसका क्रेज जगजाहिर है. लेकिन तब हमारे घर टीवी नहीं था. हमारे किराएदार के घर टीवी था. जब रामायण चलता था तो हमारा मन टीवी देखने को मचल जाता था. लेकिन हमारे किराएदार को जाने क्या समस्या थी, हम बच्चों को कमरे में घुस कर टीवी नहीं देखने देता था. बस कमरे का दरवाजा खोल देता था और हम दूर अपने बरामदे में खड़े हो कर टीवी देखते थे. इत्ती दूर का टीवी ही हमारे हिस्से था. टीवी से पहला वास्ता हमारा कुछ ऐसा ही था. फिर भैया हमारे घर टीवी लेकर आया. आज भी याद है ऑनिडा का वह ब्लैक-एंड व्हाइट पोर्टेबल टीवी जिसे हम अपनी सहुलियत से जैसे चाहे देख सकते थे. गजब दौर था वह जब रात आठ बजे चित्रहार देखने के लिए हम शाम सात बजे तक सारे काम खत्म कर लेते, यहां तक कि डिनर भी कर लेते थे.



## अरे! उल्टा रखा है लैपटॉप





'मीनू' मीना सिन्हा

सेवानिवृत्ति के बाद 'वर्क फ्रॉम होम' में घर आई बिटिया को जब मैने कहा, "बेटा, मुझे एक लैपटॉप खरीद दो. सबसे अच्छा वाला, लाख, दो लाख.. जितना भी पैसे लगे, मैं दूंगी." मुस्कुरा कर बिटिया ने कहा, "मां, उतने की जरूरत नहीं है. तुम्हारे काम लायक जो होगा खरीद दूंगी." बाजार से पैंतालीस हजार रुपए में एक प्रिंटर के साथ लैपटॉप घर ले आई. जब लैपटॉप आया तो बिटिया ने कहा, "ओपन करो." मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि किधर से खोलूं? मैं किंकर्तव्यविमूढ़ देख रही थी. उसने लैपटॉप सीधा करते हुए कहा, "अरे, यह उल्टा रखा है." बेटी महू ने लैपटॉप सीधा रख दिया. उसे खोलकर बाईं ओर बटन दबाकर उसे ऑन किया. कुछ आरंभिक बातें बता कर वह अपने काम में व्यस्त हो गई.

मैं चुपचाप बैठी हुई अवसाद की मनोदशा में चली गई और फिर एकाएक बच्चों की तरह फूट-फूट कर रोने लगी. रोने की आवाज सुनकर महू दूसरे कमरे से आकर मेरा पीठ सहलाने लगी. उसे समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर इसमें रोने की क्या बात है. उसे पता है कि मम्मी वैसे जल्दी रोती नहीं है. उसने मम्मी का संघर्ष देखा था कि कैसे दो बहनों का पालन-पोषण करती हुई पापा को आफिस भेजती वह लगातार पढ़ाई करती रही और फिर नौकरी भी ज्वॉइन किया.

"अरे मम्मी, क्या हुआ चुप हो जाओ."

अपने को संयमित करते मैं चुप तो हो गई लेकिन पता नहीं क्यों एक आत्मग्लानि से भर उठी.

हालांकि मैं मन को समझा रही थी कि मोबाइल सीखने में भी तो वक्त लगा था. सभी से पूछ-पूछ कर ही तो सीखा. फिर इसे भी सीख लूंगी. मैंने हिम्मत जुटाई और दूसरे दिन से ही लैपटॉप से भिड़ गई. लेकिन बिल्कुल शून्य लगता. बिटिया समझाती रहती कि जो मोबाइल चला सकता है वह लैपटॉप भी चला सकता है.

बेटी ने आरंभिक निर्देश एक कॉपी में लिख कर दे दिया लेकिन मैं अपनी ओर से भी याददाश्त के लिए लिखती जाती. सीटीआरएल प्लस एस बराबर सेव, सीटीआरएल प्लस सी बराबर कॉपी, सीटीआरएल प्लस वी बराबर पेस्ट.. दोनों को एक साथ ही दबाना है..आदि, आदि. ईमेल से कॉपी कर वर्ड फाइल में पोस्ट करना, फिर फोल्डर में लाना वगैरह, वगैरह. कितने भी लिख लेती लेकिन भूल हो ही जाती. घर की व्यस्तता से समय निकालकर लैपटॉप लेकर बैठ जाती. एक ही बात को बार-बार बताने पर बेटी की डांट भी सुनती रहती. कभी-कभी मेरी आंखों में आंसू भी आ जाते लेकिन हिम्मत न हारती.

## जादू नहीं है माइक्रोवेव



डॉ कल्याणी कबीर

नौकरीपेशा महिला होने का अहसास जब हद से ज्यादा सर पर सवार हो जाता है तो सर पर कुछ अतिरिक्त सनक भी सवार हो जाती है जिसे आप नौकरी करने के साइड इफेक्ट कह सकते हैं.

हुआ यह कि जिस महीने वेतन में वृद्धि हुई थी उसी महीने दीपावली का त्यौहार आने वाला था और धनतेरस में रिवाज है कि लोग कुछ वस्तु खरीदते हैं. मैंने सोचा कि इस बार माइक्रोवेव खरीदा जाये क्योंकि मैंने सुना था कि इसमें भोजन जल्दी पक जाता है. समय कम लगता है, मेहनत भी कम लगती है. ऐसे में नौकरी करने वाली महिलाओं के लिए यह तो जादू का काम करेगा. यह फैसला मुझे ही लेना था तो फिर मैंने ले लिया. धनतेरस के दिन दुकान गई तो माइक्रोवेव के साथ-साथ उन लोगों ने एक कुकरी क्लासेस फ्री में करवाने की भी बात की ताकि लोग जान पाए कि माइक्रोवेव में चावल-दाल सब्जियां किस तरह से पकाये जाते हैं और उसके लिए कुछ विशेष बर्तन जो आवश्यक होते हैं वह बर्तन कैसे होंगे और कहां से खरीदे जा सकेंगे. अब क्योंकि मुझ पर तो यह भूत सवार था इसलिए बहुत ज्यादा व्यस्तता होने के बाद भी मैंने यह क्लास ज्वाइन कर लिया. अब फितूर जो चढा था आधुनिकीकरण और तकनीक से हाथ मिलाने का तो भला फिर कौन मुझे समझे या समझाये.

मैं ऑफिस से आते समय क्लास करती हुई घर पहुंचती. हर क्लास में ये ज्ञान तो हर दिन दे ही दिया जाता था कि माइक्रोवेव के लिए किस तरह के बर्तन खरीदने होंगे और ये सारे बर्तन कुकरी क्लास वाले के पास से खरीदना सस्ता होगा यानि एक और खर्च. अब मरता क्या न करता वाली कहावत चरितार्थ होने लगी थी. कुछ दिनों तक अथक प्रयास के बाद भी हुए ढाक के तीन पात. माइक्रोवेव आज भी मेरी रसोईघर में अपनी जगह आरक्षित किये हुए है. मैंने बर्तन तक खरीदे पर इसका प्रयोग सीमित रूप में ही कर पाई. वैसे सच तो यह है कि आज भी मुझसे इसका प्रयोग सब्जी, दाल, पानी गर्म करने के सिवाय और किसी दूसरे काम में नहीं हो पाया. संदेश बस यही कि जब तक आप घुड़सवारी न सीख लें, घोड़ा न खरीदें.



# पैसे खर्च करने-पाने का हिसाब भी देगा व्हाट्सएप

*व्हाट्सएप अपने फीचर्स में लगातार इजाफा कर रहा, उन्हें बेहतर बना रहा. अब यह एपे केवल चैटिंग के लिए नहीं है. इससे अब पेमेंट भी किया जा सकता है और फिर यह हिस्ट्री भी खंगाल सकते हैं कि किआपने किसको, कब और कितनी रकम भेजी या प्राप्त की है. जी हां, अब आप वॉट्सऐप पर अपनी पेमेंट हिस्ट्री भी देख सकते हैं. यह एक आसान और सुविधाजनक तरीका है, जिससे आप अपने सभी यूपीआई लेनदेन पर नजर रख सकते हैं.*

**फिल्टर का प्रयोग**

यहां सभी यूपीआइ ट्रांजैक्शन की सूची दिखाई देगी, जिसमें तारीख, समय, राशि, लेनदेन का प्रकार और भुगतानकर्ता या प्राप्तकर्ता का नाम शामिल होगा. पेमेंट हिस्ट्री को फिल्टर भी कर सकते हैं, जैसे कि एक निश्चित समय सीमा या महीने के लिए लेनदेन देख सकते हैं. दूसरे फिल्टर में आप एक निश्चित राशि सीमा के अंदर या बाहर लेनदेन देख सकते हैं. तीसरे फिल्टर में आप भेजे गए या प्राप्त किए गए लेनदेन देख सकते हैं. यह सुविधा केवल एंड्रॉइड और आइफोन फोन पर उपलब्ध है लेकिन आपको वॉट्सऐप का लेटेस्ट वर्जन इंस्टॉल करना होगा.




**इन टिप्स का करें उपयोग**

- सबसे पहले वॉट्सऐप खोलकर होम स्क्रीन से न्यू चैट बटन के पास में दिखाई देने वाले पेमेंट्स आइकन पर टैप करें.
- इसके बाद पेमेंट्स स्क्रीन पर बैंक अकाउंट विकल्प चुनें.
- फिर आप पेमेंट हिस्ट्री देख सकते हैं.

# धांसू फीचर्स के साथ आ रहा वीवो का यह स्मार्टफोन

यदि आप नए फोन को खरीदने के मूड में हैं तो यह खबर आपके लिए है. चीनी स्मार्टफोन ब्रांड वीवो भारत में जल्द ही अपना नया फोल्डिंग फोन लॉन्च कर सकता है. कंपनी वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो को मार्च में चीन में लॉन्च कर चुकी है. अब भारत में भी इस फोन को लॉन्च करने की तैयारी में है. हालांकि, कंपनी ने आधिकारिक रूप से अब तक इस बाबत कोई सूचना नहीं दी है. लेकिन गजेट्स फील्ड के दिग्गजों की मानें तो ब्रांड इस हैंडसेट को अगले महीने भारत में लॉन्च कर सकता है. बता दें कि इससे पहले कंपनी वीवो एक्स फोल्ड 2 और फोल्ड प्लसको चीन में लॉन्च कर चुकी है.



वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 प्रोसेसर दिया गया है. इस स्मार्टफोन में 8.03 इंच का एमओएलईडी डिस्प्ले मिलता है, जो 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट सपोर्ट करता है. फोन में जीस ब्रांडिंग वाला ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है. स्मार्टफोन में 16जीबी तक रैम और 1टीबी तक स्टोरेज का विकल्प मिलता है. इसमें वीवो वी 3 चिप दिया गया है. डिवाइस कार्बन फाइबर हिंज के साथ आता है. फोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसका प्राइमरी लेंस 50 मेगापिक्सल का है. इसके अलावा 32मेगा पिक्सल का सेल्फी कैमरा मिलता है. बैटरी 5700 मेगाहटर्ज की है. डिवाइस 100 वाट की वायर्ड और 50वाट की वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट के साथ आता है. भारत में कंपनी इन्हीं फीचर्स के साथ फोन लॉन्च करेगी या फिर कोई बदलाव करेगी, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है.

रिपोर्ट्स की मानें तो ये फोन जून की शुरुआत में भारत में लॉन्च हो सकता है. गजेट्स मार्केट के दिग्गजों की मानें तो वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो सैमसंग ग्लैक्सी जेड फोल्ड 5, वन प्लस ओपेन जैसे फोन से मुकाबला करेगा. जानकारी के अनुसार सैमसंग कंपनी भी अपने लेटेस्ट फोल्डिंग फोन की जल्द लॉन्चिंग की तैयारी में है. इसके बाद इसका मुकाबला और भी तगड़ा हो जाएगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### ब्रीफ खबरें

#### नडाल के बाद अब इटैलियन ओपन में जोकोविच भी हारे

**रोम।** नोवाक जोकोविच रविवार को यहां इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो से उलटफेर का शिकार होकर अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में से एक से बाहर हो गये. शुक्रवार को एक प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते हुए उसकी पानी की बोतल जोकोविच के सिर पर लग गयी थी, जिसके बाद यह उनका पहला मैच था. जोकोविच ने एक डबल फॉल्ट से शुरुआत की और छह बार का चैम्पियन इसके बाद उबर नहीं सका. जोकोविच महज 68 मिनट में टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गये. तीसरे दौर में मिली हार जोकोविच का इटैलियन ओपन में सबसे खराब प्रदर्शन है. एक दिन पहले रिकॉर्ड 10 बार के चैम्पियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गये थे.

#### चोटिल हो गए स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन



**काहिरा।** भारत के रमित टंडन को रविवार को यहां स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चोटिल होने के कारण दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अलशोरबागी के खिलाफ मुकाबले के बीच से हटना पड़ा. विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी टंडन दूसरे गेम में जब 3-4 से पीछे थे तब पिंडली की टीम के कारण उन्हें मैच के बीच से हटना पड़ा. पूर्व विश्व चैंपियन अलशोरबागी ने पहला गेम 11-8 से जीता था.

#### इंग्लैंड लौट गए पंजाब किंग्स के लिविंगस्टोन

**नयी दिल्ली।** पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए. पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है. लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा. उन्होंने लिखा, पंजाब किंग्स के प्रशंसकों को उनके प्यार और समर्थन के लिए एक बार फिर धन्यवाद. टीम और निजी तौर पर निराशाजनक सत्र लेकिन हमेशा की तरह मैंने आईपीएल में हर मिनट खेलने का लुत्फ उठाया.

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को 7 विकेट से पराजित किया

**एजेंसी। डबलिन**

पाकिस्तान ने पहले टी20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी. शुक्रवार को आयरलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था. यह आयरलैंड की टी20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी.

रविवार को टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड ने तीन ओवर में 29 रन जोड़कर तेज शुरुआती की. तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने हालांकि चौथे ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों पॉल स्टर्लिंग और एंड्रयू बॉलबिर्नी को पवेलियन भेज दिया. लोर्कान टकर और हैरी टेक्टर (32) ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़कर पारी को संभाला. टकर ने 34 गेंद में 51 रन बनाए. कर्टिस कैंफर (22) और जॉर्ज डॉकरेल (15) ने उपयोगी पारियां खेली जबकि गैरेथ डेलानी ने 10 गेंद में नाबाद 28 रन बनाकर टीम का स्कोर सात विकेट पर 193 रन तक पहुंचाया. लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही. सैम अयूब पहले ही ओर में पवेलियन लौट गए जबकि कप्तान बाबर आजम दूसरे ओवर में खाता खोले बिना ग्राहम ह्यूम का शिकार बने.

मोहम्मद रिजवान (46 गेंद में नाबाद 75) और फखर जमां (40 गेंद में 78 रन) ने हालांकि तीसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी करके आयरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पारी फेर दिया. आजम खान ने इसके बाद 10 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर पाकिस्तान को 19 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया. तीसरा टी20 मंगलवार को खेला जाएगा.



**हिसाब बराबर**

- आयरलैंड ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था
- आयरलैंड ने तीन ओवर में 29 रन जोड़कर तेज शुरुआती की

# स्कॉट एडवर्ड्स टी20 विश्व कप में नीदरलैंड की कप्तानी करेंगे

**एजेंसी। एम्स्टर्डम**

नीदरलैंड ने अनुभवी स्कॉट एडवर्ड्स की अगुवाई में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की है. रॉयल डच क्रिकेट संघ ने 27 वर्षीय एडवर्ड्स को मेजबान नेपाल और नामीबिया की हालिया त्रिकोणीय श्रृंखला में मामूली प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाये रखा है. एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 122 की स्ट्राइक-रेट से 671 रन बनाए हैं. टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है.



**नीदरलैंड टीम**

स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, डेनियल डोरम, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओ' 'डोड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, तेजा निदामानुरु, टिम प्रिंगल , विक्रम सिंह और वेस्ले बर्रेसी.

## चोपड़ा दोहा डायमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन कर यहां आए हैं

# सीधे फेड कप फाइनल्स में खेलेंगे चोपड़ा और जेना

**भाषा । भुवनेश्वर**

भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को भुवनेश्वर में 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है, क्योंकि उन्होंने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है. बता दें कि नेशनल फेडरेशन कप 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में आयोजित है. इसे लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह है. ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं.

जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे थे. हालांकि एशियाई खेलों के रजत विजेता जेना का डाइमंड लीग में पदार्पण निराशाजनक रहा था. वह 76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए थे. अब यहां विश्व चैंपियनशिप 2023 में छठे स्थान पर रहे डीपी मनु की नजरें 85.50 मीटर के स्तर को पार करके पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी. वह भी सीधे फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे. भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के क्वालीफिकेशन नियमों का हवाला देते हुए कहा कि वे सभी जो 75 मीटर के स्तर को पार कर चुके हैं, वे मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे.

जिन लोगों ने प्रविष्टियां दी हैं उनमें नीरज और जेना सहित ऐसा करने वाले नौ खिलाड़ी हैं. वे सीधे बुधवार को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे. उन्होंने कहा कि 75 मीटर से कम थ्रो करने वाले बाकी खिलाड़ी क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे. शीर्ष तीन खिलाड़ी फाइनल में 75 मीटर से ऊपर भाला फेंकने वाले नौ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्ध करेंगे. एएफआई 26 वर्षीय चोपड़ा के तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में खेलने को लेकर काफी उत्सुक हैं. एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि एएफआई नीरज के फेडरेशन कप में हिस्सा लेने से बिल्कुल भी हैरान नहीं हैं. इसमें कोई संदेह नहीं कि घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है. यह पता चला है कि एएफआई चाहता था कि चोपड़ा तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद और पेरिस खेलों से पहले एक घरेलू प्रतियोगिता में भाग लें.

चोपड़ा ने 2022 और 2023 में किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि वह विदेश में प्रशिक्षण या प्रतिस्पर्धा कर रहे थे. वह पिछली बार घरेलू टूर्नामेंट में मार्च 2021 में फेडरेशन कप में खेले थे. पता चला है कि चोपड़ा दोहा से भारत पहुंच चुके हैं, लेकिन वह मंगलवार को ही यहां पहुंचेंगे. एशियाई खेलों के पदक विजेता जेना सोमवार को यहां पहुंच रहे हैं. नायर ने पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के सदस्य राजेश रमेश की चोट को अधिक तूल नहीं दिया जो इस महीने की शुरुआत में बहामास में पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट (शुरुआती दौर की रेस) के दूसरे चरण के दौरान बीच में ही हट गए थे. ओलंपिक क्वालीफाइंग हीट के दूसरे दौर में रमेश की जगह अरोकिया राजीव को लिया गया, जो पूरी तरह से फिट नहीं थे. लेकिन भारतीय टीम ने पेरिस का टिकट कटा लिया.

नायर ने कहा कि रमेश की चोट पैर की मांसपेशियों में खिंचाव नहीं है. यह जांघ में टेंडन से संबंधित है. इसलिए यह कोई बड़ी चोट नहीं है. उसके 10-15 दिनों में ट्रेनिंग शुरू करने की उम्मीद है. राजीव भी जल्द ही ठीक हो जाएगा. उन्होंने कहा कि ओलंपिक की तैयारी में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए. कुल 19 ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने पेरिस के लिए क्वालीफाई किया है. नायर ने कहा कि टीम ओलंपिक के लिए पेरिस जाने से पहले चार सप्ताह तक पोलैंड के स्पाला में ट्रेनिंग करेगी.




**भाला फेंक**

- चोपड़ा का दोहा डायमंड लीग में अच्छा प्रदर्शन रहा था
- 88 .38 मीटर के प्रयास से चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे थे
- 75 मीटर से कम थ्रो करने वाले खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे

# प्ले ऑफ की दौड़ में आगे निकलने की कोशिश करेंगे लखनऊ और दिल्ली

**भाषा । नयी दिल्ली**

खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है. सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं. क्योंकि बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी.

इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं. दोनों ही स्थितियों में यह भारतीय बल्लेबाज बल्ले से जवाब देकर सत्र का शानदार अंत करना चाहेगा. राहुल काफी अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं. लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है.

दिल्ली और आरसीबी के भी 12-12 अंक हैं. राहुल और उनकी टीम को अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए पांच दिन का समय मिला है और रविवार रात आरसीबी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली दिल्ली की टीम के खिलाफ अपना सब कुछ झोंकना चाहेगी. राहुल के अलावा क्विंटन डिकॉक की खराब फॉर्म के कारण भी सुपर जाइंट्स को मौजूदा सत्र में पावर प्ले में जूझना पड़ा है जिससे मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन जैसे खिलाड़ियों पर दबाव बड़ा है. पूरन और आयुष बडोनी पिछले मैच में टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे थे लेकिन गेंदबाज बुरी तरह से विफल रहे जब ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 9.4 ओवर में ही 167 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया जो टी20 क्रिकेट में रिकॉर्ड है. टीम को तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोटिल होने का खामियाजा भी भुगतना पड़ रहा है क्योंकि यश ठाकुर और नवीन उल हक उनकी कमी को पूरा करने में नाकाम रहे हैं. मोहसिन खान भी चोट के कारण पिछले मैच में नहीं खेले थे. कृणाल पंड्या और रवि बिश्नोई की स्पिन जोड़ी भी सनराइजर्स के खिलाफ पूरी तरह से नाकाम रही.

दूसरी तरफ दिल्ली की टीम को एक मैच के निलंबन के बाद कप्तान ऋषभ पंत की वापसी से मजबूती मिलेगी. टीम को सुपर जाइंट्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा क्योंकि टीम ने आरसीबी के खिलाफ कई कैच टपकाए. गेंदबाजों ने आरसीबी के बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत करने का मौका दिया जबकि उसके बल्लेबाजों ने पावर पले में चार ओवर के भीतर ही चार विकेट गंवा दिए जिससे टीम मौजूदा आईपीएल में 140 रन के अपने न्यूनतम स्कोर पर सिमट गई. दिल्ली ने हालांकि मौजूदा सत्र में चार बार 200 से अधिक रन बनाए हैं और टीम को यह प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद होगी जिससे कि प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रख सके. जेक फ्रेजर-मैकगर्क सात मैच में 237.41 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाकर टीम के सबसे प्रभावी बल्लेबाज रहे हैं.




**समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा.

**टीम इस प्रकार हैं**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** क्विंटन डिकॉक, लोकेश राहुल (कप्तान), दीपक हुड्डा, आयुष बडोनी, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, कृणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, शमार जोसेफ, यश ठाकुर, मणिमारन सिद्धार्थ, प्रेरक मांकड़, अरशद खान, कृष्णप्पा गौतम, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, नवीन-उल-हक, देवदत्त पडिक्कल, युद्धवीर सिंह चरक, मयंक यादव और अर्शिन कुलकर्णी.

**दिल्ली कैपिटल्स :** पृथ्वी साव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, शाई होप, ऋषभ पंत, सुमित कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, इशांत शर्मा, खलील अहमद, कुमार कुशाग्र, प्रवीण दुबे, ललित यादव, लिजाड विलियम्स, डेविड वार्नर, झाय रिचर्डसन, एनरिक नोर्किया, यश धुल, मिशेल मार्श, रिकी भुई, रसिख सलाम, विक्की ओस्तवाल, स्वास्तिक चिकारा.

# थाईलैंड ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सात्विक-चिराग

**एजेंसी। बैंकॉक**

सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी.

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी.

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी.पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा.



#### आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर क्षमता दिखाई : मूडी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लगातार पांचवीं जीत के बाद कहा कि टीम ने जब सबसे अधिक मायने रखता है तब प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है.दस दिन पहले अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर चल रही आरसीबी की टीम ने लय हासिल करते हुए जोरदार वापसी की और उसके पास नॉक आउट में जगह बनाने का भी मौका है. मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई. दोनों टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले का मंच तैयार हो गया.



# डॉक्टर बनना चाहती थी, लेकिन पिता के कारण एथलेटिक्स को चुनाः ज्योतिका

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य ज्योतिका श्री डांडी बचपन में डॉक्टर बनना चाहती थी, लेकिन उन्होंने पिता के सपने को साकार करने के लिए खेलों में करियर बनाने का विकल्प चुना. आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के तनुकु शहर की 23 वर्षीय छात्रा ने अपने गृह नगर के मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई की और दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए. युवावस्था में बॉडी बिल्डर रहे उनके पिता श्रीनिवास राव ने उन्हें खेलों में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया. श्रीनिवास का सपना अपनी बेटी को ओलंपिक में देखने का था, जो तीन महीने से भी कम समय में हकीकत में बदलने जा रहा है.

ज्योतिका हाल ही में बहामास में आयोजित विश्व रिले में चार गुणा 400 मीटर रिले में ओलंपिक टिकट पक्का करने वाली भारतीय टीम की चौकड़ी का हिस्सा थी. फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए यहां पहुंची ज्योतिका ने साक्षात्कार में कहा, मैंने दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किये थे. जब मैं स्कूल में थी तब मैं वास्तव में एक डॉक्टर बनना चाहती थी. मैंने खेल में दिलचस्पी लेने के बाद डॉक्टर बनने के बारे में सोचना छोड़ दिया. उन्होंने कहा, मेरे पिता को लगा कि मुझमें एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने और ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने की प्रतिभा है. उनके त्याग और मुझे एक सफल एथलीट बनाने के जुनून को देखकर मैंने उनके सपनों को पूरा करने का फैसला किया.



# हमने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया है : यश दयाल

**एजेंसी। बेंगलुरु**

तेज गेंदबाज यश दयाल ने आईपीएल के दूसरे हाफ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जोरदार वापसी का श्रेय टीम के आक्रामक होकर खेलने को दिया. लगातार छह हार के बाद आरसीबी ने लगातार पांच जीत दर्ज की और टीम प्ले ऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है. आरसीबी ने अपने पिछले मैच में रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराया और 13 मैच में 12 अंक के साथ टीम तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई.

दिल्ली के खिलाफ 20 रन देकर तीन विकेट लेने वाले दयाल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पिछले कुछ मैचों में हमारे प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है. मुझे लगता है कि हमने पिछले कुछ मैचों में आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया है. यह हमारे लिए बड़ा सकारात्मक पक्ष रहा है. बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि जब आरसीबी को हार का सामना करना पड़ रहा था तब भी ड्रेसिंग रूम में टीम एकजुट थी.



**बातचीत**

## भविष्य में औसत नहीं, प्रभाव के आधार पर टीम में चुने जायेंगे खिलाड़ी : मिलर

# दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर ने की बुमराह की तारीफ

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि जिनके पास अधिकतम प्रभाव डालने की क्षमता है, उनके लिए टी20 क्रिकेट में औसत धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा और स्ट्राइक रेट ही सफलता का एकमात्र पैमाना होगा. पिछले कुछ वर्षों में मिलर ने टाइटंस और अपनी राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए फिनिशर की भूमिका काफी अच्छी तरह निभाई है.

इस आईपीएल सत्र में टीमों ने 250 से अधिक के सात स्कोर बनाए जिससे बल्लेबाज पावर गेम (बड़े शॉट लगाना) को अगले स्तर पर ले गए हैं जिससे स्ट्राइक रेट को लेकर बहस तेज हो गई है. मिलर ने कहा, हमने इस वर्ष कुछ बड़े स्कोर देखे हैं. और इस आईपीएल में कुछ टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों ने अविश्वसनीय बल्लेबाजी की. मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है. उन्होंने कहा, लेकिन टी20 क्रिकेट में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना मुश्किल हो सकता है. शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या के कारण. जब मध्य क्रम की बात आती है तो यह हमेशा स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज का खेल पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ रहा है, उस बारे में होता है. इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा, मुझे लगता है कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे यह प्रभाव के बारे में और अधिक होता जाएगा. आप मुकाबले में कितने प्रभावशाली हैं? स्थिति के अनुसार. अगर हमें प्रति ओवर 15 रन चाहिए तो क्या आप ऐसा कर सकते हैं?




**बुमराह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं**

मिलर ने कहा, वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है. अब भी उसके सामने लंबा करियर है. मैंने उसे खेलते हुए देखने का लुत्फ उठाया है. जिस तरह से वह तैयारी करता है वह मुझे बहुत पसंद है. वह एक बहुत ही सुलझे हुए दिमाग वाला युवा है जिसमें काफी प्रतिभा है. अमेरिका में विश्व कप मिलर और दक्षिण अफ्रीकी टीम को वैश्विक ट्रॉफी जीतने का मौका देगा. यह आक्रामक बल्लेबाज इस चुनौती को लेकर उत्साहित है. उन्होंने कहा, इस समय हमारे पास जो टीम है, उसने पिछले कुछ वर्षों में एक साथ काफी क्रिकेट खेला है और इसमें काफी आत्मविश्वास है और काफी सफलता हासिल की है. मिलर ने कहा, हमारे पास काफी अनुभव है, ऐसे लोग जिन्होंने पहले भी दबाव का सामना किया है और इससे सफलतापूर्वक निपटे हैं.

# एटलेटिको मैड्रिड ने सेल्टा विगो को हराया

**एजेंसी। मैड्रिड**

एटलेटिको मैड्रिड रविवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेल्टा विगो पर 1-0 की जीत के साथ चैंपियन्स लीग फुटबॉल के चौथे और अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया. एटलेटिको की ओर से मैच का एकमात्र गोल 84वें मिनट में रोड्रिगो डि पॉल ने किया.

इस जीत से एटलेटिको ने पांचवें स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर आठ अंक की बढ़त बना ली है. जबकि सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है. एथलेटिक बिलबाओ ने शनिवार को ओसासुना से 2-2 से ड्रॉ खेला था. एटलेटिको की यह लगातार तीसरी जीत है. टीम तीसरे स्थान पर चल रहे बार्सीलोना से सिर्फ तीन अंक पीछे है. इस हार से सेल्टा विगो की टीम 17वें स्थान पर खिसक गई. अन्य मुकाबलों में रीयाल बेटिस ने अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया को 3-2 से हराया और टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई. रेयो वालेकानो ने वेलेंसिया से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि केडिज ने गेटाफे को 1-0 से हराकर रेलीगेशन के खतरे से बचने की उम्मीद बरकरार रखी.



▼ ब्रीफ खबरें

## छात्र ने अपने हॉस्टल में फांसी लगाकर दी जान

**भागलपुर ।** एक नाबालिग छात्र ने अपने हॉस्टल में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया. घटना भागलपुर विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में कंपनी बाग स्थित अंबेडकर छात्रावास का है. छात्र का नाम अखिलेश था जो आठवीं क्लास में पढता था. इस घटना से अंबेडकर छात्रावास में हड़कंप मच गया. पुलिस की सूचना पर परिजन पहुंचे. कहा जा रहा है कि पिता से पढ़ाई को लेकर डांट पड़ने पर उसने आत्महत्या का फैसला कर लिया.14 वर्षीय छात्र अखिलेश पिछले कुछ दिनों से कुछ परेशान था.

## ब्यूटी कांटेस्ट के नाम पर महिलाओं से ठगी

**मुजफ्फरपुर ।** जालसाज ने नई बाजार की ब्यूटी पार्लर संचालिका पूजा उप्पल को अपना शिकार बनाया. उनके पास पहुंच कर उनसे और उनके संपर्क की महिलाओं से लगभग लाख रुपये की ठगी कर ली. पूजा ने बताया कि पार्लर पर एक व्यक्ति पहुंचा. उसने अपना परिचय सीवान निवासी अंशु कुमार सिंह के रूप में दिया. उसने बताया कि उनकी कंपनी ड्रीम ऑफ यूज शेरपुर स्थित एक होटल में 8 मई को ग्लोबल ब्यूटी कांटेस्ट करेगी. इसमें 40 फीमेल मेकअप आर्टिस्ट भाग लेंगी. जिनमें तीन विनर होंगे. उन्हे मलेशिया भेजा जाएगा. साथ में पांच लाख का इनाम दिया जाएगा. रहने खाने का पूरा खर्च कंपनी उठाएगी.

## कैंसर पीड़िता ने स्ट्रेचर पर आकर की वोटिंग

**दरभंगा ।** लोस चुनाव के दौरान सोमवार को वोटिंग हुई. इसमें एक कैंसर पीड़ित महिला स्ट्रेचर पर आकर वोटिंग की. इसे देखकर सबके चेहरे खिल गए. पोलिंग बूथ पर मौजूद अन्य मतदाताओं ने उनके जज्बे को सलाम किया. ये दरभंगा के बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के विष्णुपुर चौगमा गांव के निवासी शुभकान्त मिश्र की पत्नी हैं. शुभद्रा पिछले कई महीनों से कैंसर रोग से पीड़ित हैं. उनका इलाज चल रहा है. वह खाना-पीना नहीं खा रही हैं. बीमार होने के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं. जब उन्हें बताया गया कि वोटिंग है तो उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग करने की इच्छा जताई.

### मुजफ्फरपुर की चुनावी सभा में जनता को संबोधित करते हुए मोदी बोले-

# नीतीश सरकार ने लाखों नौकरियां दीं

**संवाददाता ।छपरा/मुजफ्फरपुर**



लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तूफानी दौरा बिहार में भी जारी है. इसी क्रम में मोदी सोमवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे. मुजफ्फरपुर में आयोजित चुनावी सभा के दौरान मोदी ने जनता के सामने अपनी बातों को रखा. उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर नक्सलवाद का दंश झेलता था. पहले की सरकारें इन्हें पालती थीं और आपके खिलाफ इस्तेमाल करती थीं. अब नक्सल प्रभावित जिले घटे हैं, इससे उद्योग स्थापित हो रहे, निवेश आ रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसान एनडीए सरकार की प्राथमिकता है. हमारी सरकार ने बिहार में किसानों को 22 हजार करोड़ दिए.

गांवों में आए इस पैसे से बिहार की अर्थव्यवस्था दौड़ने लगी है. उन्होंने कहा कि मछली पालन से जुड़े लोग हमारी प्राथमिकता है. पहली बार मछुआरों के लिए विशेष मंत्रालय बनाया. मत्स्य संपदा योजना से हजारों करोड़ की मदद दी. मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ा जा रहा है. उन्होंने कहा कि बिहार में 60 हजार सीएससी चल रहे. इससे नौजवानों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिला है. पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में नीतीश सरकार ने लाखों नौकरियां दीं. केंद्रीय संगठनों में कागजी प्रक्रिया ठीक कर एक साल में 10 लाख नौकरियों की ताकत पैदा की.

**लोस चुनाव**

- पहले नक्सलवाद का दंश झेलता था मुजफ्फरपुर
- गांवों में आए पैसे से बिहार की अर्थव्यवस्था दौड़ने लगी

वहीं मोदी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला. अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ये लोग इतने डरे हुए हुए हैं कि इन्हें रात को सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है. इंडिया गठबंधन के नेताओं के कैसे बयान सामने आ रहे हैं. कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं. अरे भाई, पहना देंगे. पीएम मोदी ने कटाक्ष करते हुए आगे कहा कि उनको आटा भी चाहिए, बिजली भी नहीं है. अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि ये देश का चुनाव है, हिंदुस्तान का भविष्य तय करने वाला चुनाव है. देश कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता है. दरअसल, कुछ दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि भारत को पाकिस्तान की इज्जत करनी चाहिए, क्योंकि पड़ोसी मुल्क के पास परमाणु बम है. अगर हम उन्हें इज्जत नहीं देंगे तो वे भारत पर परमाणु हमला करने की सोच सकते हैं. पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने देश के खिलाफ ही किसी से सुपारी ले रखी है. उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन वाले देश का परमाणु हथियार खत्म करना चाहते हैं. पीएम मोदी ने दावा करते हुए कहा कि चौथे चरण में भाजपा-एनडीए की आंधी चल रही, जंगलराज वाले चारों खाने चित होने जा रहे हैं.

इस दौरान छपरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया. पीएम मोदी ने सबसे पहले भोजपुरी भाषा में छपरा के लोगों को नमन किया और बाबा हरिहरनाथ और आमी मंदिर को प्रणाम किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की साख और धाक दोनों है. हमने चन्द्रमा पर तिरंगा फहराया है. चन्द्रमा पर भी शिवशक्ति नाम रख दिया. आपकी दी हुई जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभा रहा हूं. पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए के विकास के सामने कांग्रेस का कोई मुकाबला नहीं है. आरजेडी-कांग्रेस के लोग लोगों को बुड़बक समझती है.

यह पब्लिक है सब जानती है. कांग्रेस सरकार ने इतने दशकों तक गरीब का पेट नहीं भरने दिया. गरीब और गरीब होता जा रहा था. देश की अर्थव्यवस्था बदहाल होती जा रही थी. सरकार में बैठे लोग बिना शर्म कहते थे कि हमारे पास जादू की छड़ी है क्या. ये घोटाले करके अपनी तिजोरियां भर रहे थे. लेकिन गरीब का पेट भरने की चिंता उन्हें नहीं थी. हमारी सरकार ने 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त राशन दिया. मोदी की गारंटी है कि गरीबों को घर मिला. अगर किसी गरीब के पास घर न हो तो बताइए. घर में शौचालय, नहीं हो तो भी बताइये. गैस कनेक्शन नहीं हो तो डिटेल भेजिए. मेरे लिए जनता ही मोदी है. अगले 5 वर्षों में गरीबों के लिए 3 करोड़ घर बनाएंगे.

## मंच पर ही तेजप्रताप और राजद समर्थकों के बीच हो गई झड़प



**संवाददाता ।पटना**

पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से महागठबंधन उम्मीदवार मीसा भारती ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया. लेकिन इस दौरान अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई. मंच पर ही तेज प्रताप यादव और राजद समर्थकों के बीच झड़प हो गई. जानकारी के अनुसार मीसा भारती के नामांकन के बाद श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में एक सभा का आयोजन किया गया था.

इस दौरान तेज प्रताप यादव और राजद समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट हो गई. इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया. वीडियो में देखा जा सकता है कि मंच से मीसा भारती लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रही थीं. इसी बीच तेज प्रताप पार्टी के एक कार्यकर्ता को धक्का देते हैं. इसके बाद मीसा भारती अपने भाई तेज प्रताप को संभालती हैं. मंच पर इस दौरान राबड़ी देवी भी मौजूद थीं. इस दौरान उनके साथ पिता लालू यादव भी थे. सभा में तेजस्वी यादव भी मौजूद थे. कार्यकर्ताओं के हौसला को बढ़ाने के लिए तेजस्वी ने सभा को संबोधित किया.

तेजस्वी को गोपालगंज, सीवान, महाराजगंज, सारण, वैशाली, राजापाकर में चुनावी सभाओं को संबोधित करना था. इसलिए वो जल्दी निकल गए. कार्यक्रम के अंत में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने मीसा भारती को विजयी बनाने की अपील की. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट रहें. आपके एकजुटता से ही हमारा मनोबल बढ़ता है. जहां एक तरफ लालू प्रसाद यादव कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का पाठ पढ़ा रहे थे. वहीं, दूसरी तरफ उनके बड़े बेटे और हसनपुर विधायक तेज प्रताप यादव ने कार्यकर्ता को भरी सभा में मंच से धक्का दे दिया. धक्का देने का दृश्य देखकर बड़ी बहन मीसा भारती अवाक रह गईं. इसके बाद तेज प्रताप यादव दोबारा से उसे कार्यकर्ता से जा भिड़े. इसके बाद पार्टी के अन्य नेताओं ने पूरे मामले को शांत करवाया.

# भाजपा के पास असीमित संसाधन है: तेजस्वी

**संवाददाता ।पटना**

लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा की रैलियों पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने तंज कसा. उन्होंने कहा कि एक तरफ 34 साल का नौजवान तेजस्वी है तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीन राज्यों के सीएम, दो डिप्टी सीएम और मोदी कैबिनेट के कई मंत्री और बिहार का पूरा मंत्रिमंडल लगा है. तेजस्वी ने कहा कि भाजपा के पास असीमित संसाधन है और वो अपने संसाधनों को पानी की तरह बहा रही है. तेजस्वी ने पीएम मोदी के बिहार दौरे पर तंज कसते हुए



यह बात कही. उन्होंने कहा कि भाजपा ने असम, यूपी और एमपी के मुख्यमंत्रियों को भी बिहार में उतार दिया. दूसरी तरफ वह अकेले चुनाव प्रचार में डटे हैं.

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रविवार को पटना में पाटलिपुत्र से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रत्याशी एवं बड़ी बहन मीसा भारती के नामाकंन कार्यक्रम में भी शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. तेजस्वी ने अपने भाषण में कहा कि एनडीए बीते दस साल से केंद्र में और 17 साल से बिहार की सत्ता पर काबिज है. फिर भी आज गरीबी और बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है. पीएम मोदी के पटना रोड शो पर तंज कसते हुए कहा कि वे रोड शो करें या एयर शो, तेजस्वी ने जॉब शो किया है. अभी 1 करोड़ का जॉब शो बाकी है. पीएम मोदी बिहार आए तो उन्हें 34 साल के नौजवान ने रोजगार के नाम पर सड़क पर लाने का काम कर दिया. तेजस्वी यादव ने आरोप लगाए कि दस साल सत्ता में रहते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को कुछ नहीं दिया. बिहार को न तो स्पेशल पैकेज मिला और ना ही विशेष राज्य का दर्जा दिया गया. एक भी चीनी मिल नहीं खुल पाई और मोदी सरकार कोई निवेश भी लेकर नहीं आई. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब भी बिहार आते हैं, बस हिंदू-मुसलमान की बात करते हैं. सिर्फ लालू यादव और हमको गाली देते हैं. प्रधानमंत्री हमें पटना का शहजादा बोल रहे हैं. वो खुद पीरजादे हैं, जिसका मतलब अभिभावक और बुजुर्ग होता है. इसलिए वे अपने से छोटों को शहजादा बोलते हैं.

# दिल्ली का रास्ता बिहार से होकर जाता है: नीरज

**संवाददाता ।पटना**

सूबे की हॉट सीटों में शामिल मुंगेर लोकसभा सीट पर सोमवार को वोटिंग हुई. जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी मोकामा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मतदान के बाद नीरज कुमार ने दावा करते हुए कहा कि राज्य की सभी चालीस सीटों पर एनडीए जीत दर्ज करेगी.

उन्होंने यह भी कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में ऐसा तीर चलेगा कि लालटेन चकनाचूर हो जाएगा. नीरज कुमार ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार दिल्ली के तख्त पर बैठाने के लिए



मुंगेर में तीर छाप पर मैंने मतदान किया है और निश्चित रूप से बिहार की जनता भी इसी सोच के साथ वोटिंग कर रही है.

लालू परिवार पर हमला बोलते हुए नीरज कुमार ने कहा कि विकास, सद्भाव और लंपट राजनीति के खिलाफ जिन लोगों ने नौकरी के बदले जमीन ली है वैसे लोगों के खिलाफ बिहार की जनता जनादेश देगी. उन्होंने कहा कि दिल्ली का रास्ता बिहार से होकर ही जाता है. 2019 लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए ने 39 सीट पर जीत हासिल की थी, एक सीट की कसर रह गयी थी. इस बार उस कसर को भी पूरा करेंगे और लालू जी का परिवार सब जीरो पर सीधा बोल्ड होगा. गौरतलब है कि मुंगेर लोकसभा सीट पर इस बार एनडीए और महागठबंधन के बीच कड़ी टक्कर है. एनडीए की ओर जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह चुनावी मैदान में हैं तो महागठबंधन की ओर से आरजेडी की अनिता देवी चुनाव लड़ रही हैं.

**कारोबार**

## वेइरा अब करेगी 450 करोड़ रुपये का निवेश

**नयी दिल्ली ।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिर्माता वेइरा ग्रेटर नोएडा में एक नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 450 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस निवेश से वॉशिंग मशीन और एयर कूलर की मौजूदा उत्पादन क्षमता सालाना एक लाख से बढ़कर पांच लाख इकाई हो जाएगी. वेइरा के निदेशक अंकित मैनी ने कहा कि यह विस्तार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में सेवा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

## ग्रीन एनर्जी जुटाएगी 1,000 करोड़ का कोष

**नयी दिल्ली ।** केपीआई ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये शेयर जारी कर 1,000 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है. नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सक्रिय कंपनी ने शेयर बाजार को इस फैसले की सूचना देते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को अब शेयरधारकों की मंजूरी के लिए रखा जाएगा. गुजरात में स्थित केपाई ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में केपीआई ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड) अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन कंपनी है.

## दुबई : एमिरेट्स को 4.7 अरब डॉलर का लाभ

**दुबई ।** विमानन कंपनी एमिरेट्स ने 2023 में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया. दुबई सरकार के स्वामित्व वाली एमिरेट्स ने सोमवार को बताया कि 2023 में 33 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व दर्ज किया. 2022 में राजस्व 29.3 अरब अमेरिकी डॉलर और लाभ 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर था. एयरलाइन ने वित्त वर्ष 2023 में 5.19 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दीं, 2022 मे यह संख्या 4.36 करोड़ थी. विमानन कंपनी एक जनवरी से 31 दिसंबर तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है. एमिरेट्स के चेयरमैन शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम ने कहा किदुनिया भर में पूरे वर्ष हवाई परिवहन तथा यात्रा संबंधी सेवाओं की उच्च मांग देखी.

### भारत चाबहार पोर्ट के प्रबंधन के लिए ईरान के साथ करेगा समझौता

# चाबहार पोर्ट पर होगी भारत की पकड़

**भाषा ।नयी दिल्ली**

भारत का ईरान से पुराना संबंध रहा है. वैश्विक पटल पर भले ही किसी देश में तनातनी हो, लेकिन दोनों ही देशों के रिश्ते हमेशा ही सामान्य रहे. यह रिश्ता और मजबूत हो इसे लेकर दोनों देश गंभीर रहे हैं. दरअसल चाबहार पोर्ट के प्रबंधन को लेकर भारत और ईरान के बीच अहम डील होने जा रही है. इसमें भारत अगले 10 वर्षों के लिए चाबहार पोर्ट के प्रबंधन के लिए ईरान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहा है. इस डील से चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ने वाली है.

वहीं देश में चुनावी मौसम के बीच यह कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. इससे साउथ एशिया से सेंट्रल एशिया के बीच ईरान के रास्ते एक नया ट्रेड रूट निकलेगा. इसमें पाकिस्तान के ग्वादर और कराची पोर्ट की अहमियत कम हो जाएगी. ग्वादर में चीन का निवेश है. इस तरह पाकिस्तान के साथ-साथ चीन को भी इससे गहरा झटका लगेगा. पोर्ट, शिपिंग एंड वॉटरवेज मिनिस्टर सर्बानंद सोनोवाल इस समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे. यह पहला मौका है



**भारत ईरान**

- चाबहार को आईएनएसटीसी से जोड़ने की योजना है
- यह भारत को ईरान के माध्यम से रूस से जोड़ता है

जब भारत विदेश में किसी बंदरगाह का मैनेजमेंट सीधे तौर पर अपने हाथ में लेने जा रहा है. चाबहार बंदरगाह को अफगानिस्तान, मध्य एशिया और बड़े यूरेशियन क्षेत्र के लिए भारत की प्रमुख संपर्क कड़ी के रूप में देखा जा रहा है. इससे भारत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को भी काउंटर करने में मदद मिलेगी. चाबहार को अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) से जोड़ने की योजना है जो भारत को ईरान के माध्यम से रूस से जोड़ता है. यह बंदरगाह भारत को अफगानिस्तान और अंततः मध्य एशिया तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान को बायपास करने में सक्षम बनाएगा.

अप्रैल में विदेश मंत्रालय ने बंगाल की खाड़ी में म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह का संचालन संभालने के लिए इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी. विशेषज्ञों का कहना है कि व्यस्त चुनावी मौसम में सोनोवाल का ईरान जाना इस समझौते के महत्व को दर्शाता है. भारत पिछले कई साल से इस डील के लिए मेहनत कर रहा था. इस समझौते से भारत को इस बंदरगाह को ऑपरेट करने का लाइसेंस मिल जाएगा. इस पोर्ट के विस्तार के लिए भारत ने पैसा दिया है. सोनोवाल की इस यात्रा का समय भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पश्चिम एशिया संकट के बीच हो रही है. इस संकट के कारण प्रमुख ट्रेड रूट्स प्रभावित हुए हैं.

पिछले साल अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति के बीच बातचीत में चाबहार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था. बाद में नवंबर में जब उन्होंने गाजा संकट पर फोन पर बात की थी. साल 2016 में मोदी की ईरान यात्रा के दौरान चाबहार पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे. 2018 में, जब ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति हसन रूहानी भारत आए तो बंदरगाह पर भारत की भूमिका बढ़ाने का मुद्दा प्रमुखता से उठा. जनवरी 2024 में जब विदेश मंत्री एस जयशंकर तेहरान में थे, तब भी यह मुद्दा उठा था. दोनों देशों के बीच नया दीर्घकालिक समझौता ओरिजनल डील की जगह लेगा. नया समझौता 10 वर्षों के लिए वैध होगा और ऑटोमैटिक तरीके से एक्सटेंड हो जाएगा.

## अंतिम समय की लिवाली से सेंसेक्स नुकसान से उबरा, 112 अंक चढ़ा



**मुंबई ।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 111 अंक से अधिक की बढ़त में रहा. एनएसई निफ्टी में भी तेजी रही. मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा. शुरुआती गिरावट से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ. सूचकांक कमजोर खुला और कारोबार के दौरान एक समय 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ. सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था.

## जोमैटो को 175 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ

**नयी दिल्ली ।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो लिमिटेड ने बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही 175 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है. जोमैटो लिमिटेड ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी. इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 188 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था. समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 3,562 करोड़ रुपये रही. इससे एक साल पहले की इसी अवधि में यह आंकड़ा 2,056 करोड़ रुपये था. मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 3,636 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले साल की इसी अवधि में 2,431 करोड़ रुपये था. पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में जोमैटो का एकीकृत शुद्ध लाभ 351 करोड़ रुपये रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 971 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था. वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 12,114 करोड़ रुपये रही.

## वरुण बेवरेजेज का शुद्ध लाभ 547.98 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली ।** पेप्सिको की फ्रेंचाइजी पार्टनर वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 547.98 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले साल समान तिमाही में मुनाफा 438.57 करोड़ रुपये था. वरुण बेवरेजेज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पहली तिमाही में परिचालन आय 4,397.98 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,952.59 करोड़ रुपये थी. तिमाही में कुल खर्च 3,609.76 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल समान तिमाही में 3,329.7 करोड़ रुपये था. वरुण बेवरेजेज के चेयरमैन रवि जयपुरिया ने कहा कि कंपनी का साल की पहली तिमाही में समग्र परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन काफी मजबूत रहा. कंपनी एक जनवरी से 31 दिसंबर तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है.

## रूलका इलेक्ट्रिकल्स का आईपीओ 16 को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** रूलका इलेक्ट्रिकल्स आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 26 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने के लिए बृहस्पतिवार को बाजार में उतरेगी. मुंबई स्थति एकीकृत इलेक्ट्रिकल सेवा कंपनी ने सोमवार को बताया कि आईपीओ के लिए मूल्य-दायरा 223-235 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. आईपीओ 16 मई को खुलेगा और 21 मई को बंद होगा. कंपनी के शेयर एनएसई के एसएमई मंच इमर्ज पर सूचीबद्ध किए जाएंगे. आईपीओ में 8.42 लाख के नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसमें 2.8 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है.

### चीन-अमेरिका में तनाव जारी | बाइडन ने चीन की 37 और कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी हैं

# चीन क्वांटम टेक्नोलॉजी की क्षमताओं को बढ़ा रहा है

**भाषा ।नयी दिल्ली**

चीन और अमेरिका के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा है. इसमें गुब्बारेवाले मामले ने दोनों देशों के बीच की दूरी को और बढ़ा दिया. दरअसल चीन का एक गुब्बारा अमेरिका के ऊपर मंडरा रहा था. अमेरिका ने इसे जासूसी गुब्बारा बताया था. हालांकि चीन का कहना था कि यह मौसम की थाह लेने वाला गुब्बारा था जो उड़कर अमेरिका पहुंच गया था. लेकिन अमेरिका ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए चीन की कई कंपनियों पर पाबंदी लगा दी. चीन ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका मामले को जरूरत से ज्यादा तूल दे रहा है. लेकिन इस घटना के



बाद से ही चीन के बुरे दिन शुरू हो गए. देश की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है.

बाइडन सरकार ने गुरुवार को चीन की 37 और कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी. इनमें से कुछ कंपनियों पर चीन के जासूसी गुब्बारे को सपोर्ट करने का आरोप है. कॉमर्स डिपार्टमेंट का कहना है कि वह चाइना इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी ग्रुप की कुछ कंपनियों को उस लिस्ट में शामिल कर रहा है जो अमेरिकन टेक्नोलॉजी को हासिल करने की योजना बना रही हैं. चीन क्वांटम टेक्नोलॉजी की क्षमताओं विकसित कर रहा है. अमेरिका का कहना है कि इस टेक्नोलॉजी के सैन्य इस्तेमाल से उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है. चाइना इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी ग्रुप चीन की सेना का टॉप सप्लायर है. पिछले महीने चीन के कॉमर्स डिपार्टमेंट ने चीन के पांच कंपनियों और एक रिसर्च इंस्टीट्यूट को इस लिस्ट में शामिल किया था. चीन की इकॉनमी इस समय कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है.

**चीन अमेरिका**

- चीन का गुब्बारा उड़कर अमेरिका पहुंच गया था
- चीन की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है

अमेरिकी प्रतिबंधों से उसकी हालत पतली हो गई है. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने खुद इस बात को स्वीकार किया था कि चीन की इकॉनमी जिन चुनौतियों का सामना कर रही हैं, उनके लिए अमेरिका की नीतियां जिम्मेदार हैं. दोनों देशों ने एकदूसरे की कंपनियों पर कई तरह की पाबंदियां लगाई हैं. लेकिन चीन को इसका ज्यादा नुकसान हुआ है. अमेरिका और पश्चिमी देशों की कई कंपनियों ने चीन से किनारा करना शुरू कर दिया है. चीन का रियल एस्टेट सेक्टर गहरे संकट में है, बेरोजगारी चरम पर है, मंदी की आशंका के कारण लोग पैसे खर्च करने के बजाय बचाने में लगे हैं और देश का कर्ज 2024 तक जीडीपी का दोगुना पहुंचने का अनुमान है.

# पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी बढ़ कर 40,324 करोड़ रुपये पर पहुंची

**नयी दिल्ली ।** देश में कुल म्यूचुअल फंड परिसंपत्तियों में पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी पिछले चार साल में दोगुनी से अधिक होकर मार्च, 2024 में 40,324 करोड़ रुपये पर पहुंच गई. इक्रा एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शेयरों में निवेश करने के लिए खुदरा निवेशकों के बीच बढ़ती जागरूकता के चलते यह वृद्धि हुई. रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि इससे छोटे शहरों और कस्बों के निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड में निवेश करने की बढ़ती चाहत का संकेत मिलता है. म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के तहत कुल औसत संपत्तियों (एएयूएम) में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा की संयुक्त हिस्सेदारी मार्च, 2020 में 0.67 प्रतिशत थी. यह हिस्सेदारी मार्च, 2024 में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई. इसमें सिक्किम के आंकड़े शामिल नहीं हैं. मार्च, 2020 में इन राज्यों का संपत्ति आधार 16,446 करोड़ रुपये था, जो इस साल मार्च में बढ़कर 40,324 करोड़ रुपये हो गया. इस दौरान म्यूचुअल फंड उद्योग का कुल एएयूएम 24.71 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 55.01 लाख करोड़ रुपये हो गया. इक्रा एनालिटिक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख (बाजार आंकड़े) अश्विनी कुमार ने कहा कि उद्योग के कुल एएयूएम में इन राज्यों का योगदान हालांकि अब भी प्रतिशत के लिहाज से कम है, लेकिन लोगों के बीच बढ़ती जागरूकता के कारण इन राज्यों में म्यूचुअल फंड प्रवाह में लगातार वृद्धि हुई है.

# चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान संपन्न




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, आंध्रप्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू, एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी, जेएंडके के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला व उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया.

## ब्रीफ खबरें

### गढ़चिरौली में मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये जिनमें दो महिलाएं हैं. पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि नक्सलियों के पेरीमिली दलम के कुछ सदस्य अपने 'टैक्टिकल काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन' अवधि के दौरान साजिश को अंजाम देने के उद्देश्य से भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास एक जंगल में जमा होने की सूचना पर यह कार्रवाई की गई.

### उप्र में सड़क हादसे में तीन की मौत, 17 घायल

**संभल (उप्र)।** संभल जिले में एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए. पुलिस के प्रवक्ता संजीव कुमार ने बताया कि घटना रविवार देर रात रजपुरा थाना क्षेत्र के संभल-हसनपुर मार्ग पर दीपपुर टांडा के पास की है. बताया कि कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर के लोग अंत्येष्टि में शामिल होने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौट रहे थे.

### मुंबई हवाईअड्डे पर 13.56 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई यात्रियों द्वारा अवैध रूप से लाया गया 13.56 करोड़ रुपये मूल्य का 22.14 किलोग्राम सोना जब्त किया है. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार और रविवार के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई कार्रवाई के दौरान सोने की तस्करी के 20 मामलों में 11 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है.

### रूस में इमारत का हिस्सा गिरने से 13 की मौत हुई

**मॉस्को।** रूस के सीमावर्ती शहर बेलगोरोद में रविवार को एक इमारत के आंशिक रूप से ढह जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 13 हो गई है और 20 अन्य लोग घायल हुए हैं. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन की ओर से हो रही गोलाबारी इस घटना के लिए जिम्मेदार है. वीडियो में बचावकर्मी जीवित लोगों की तलाश करते हुए दिख रहे हैं.

### पुतिन ने शोइगु को रक्षा मंत्री के पद से हटाया

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कैबिनेट में बदलाव के तहत सर्गेई शोइगु को रक्षा मंत्री पद से हटा दिया. पुतिन का यह फैसला उनके पांचवें कार्यकाल की शुरुआत में आया है. क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन ने रविवार को शोइगु को रूस की सुरक्षा परिषद का सचिव नियुक्त किया है. पुतिन ने शोइगु के स्थान पर आंद्रेई बेलौसोव को रक्षा मंत्री बनाने की घोषणा की है.

### पुलिस के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे पूर्व जज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तमलुक लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार एवं पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पुलिस पर उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करके अनावश्यक कार्रवाई करने का आरोप लगाया. मामला न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत में पेश किया गया और उन्होंने निर्देश दिया कि याचिका पर सुनवाई मंगलवार को की जाएगी.

## चुनावी रैली में बोले राहुल-रायबरेली से हमारा रिश्ता सौ साल पुराना

# राहुल ने रायबरेली के साथ अपने रिश्तों को याद किया

**एजेंसी। रायबरेली (उप्र)**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को रायबरेली के साथ अपने परिवार के रिश्तों को याद करते हुए कहा कि यह उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा उनकी मां सोनिया गांधी की भी कर्मभूमि रही है और इसीलिए वह यहां से चुनाव लड़ने आए हैं. रायबरेली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी यहां के महराजगंज स्थित मेला ग्राउंड में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे. राहुल गांधी ने अपनी छोटी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की मौजूदगी में उपस्थित लोगों को एकदम पारिवारिक माहौल में संबोधित करते हुए कहा, 'आप लोग मेरा परिवार हो और रायबरेली से हमारा रिश्ता सौ साल पुराना है. हमारे परदादा पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपना राजनीतिक जीवन रायबरेली में किसानों, मजदूरों के साथ शुरू किया था.' राहुल गांधी ने कुछ समय पहले सोनिया गांधी के साथ हुई बातचीत को साझा करते हुए कहा कि मां वो होती है, जो रास्ता दिखाती है, जो रक्षा करती है. उन्होंने कहा कि उन्हें उनकी मां के साथ ही इंदिरा गांधी ने भी रास्ता दिखाया और उनकी रक्षा की. कहा कि इसीलिए वह कहते हैं कि उनकी दो माएं हैं.





### संविधान के बिना जो सरकार होगी वह अडानी और अंबानी की ही होगी

सभा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए गांधी ने कहा, 'यह चुनाव इस मायने में अजीब है क्योंकि पहली बार भाजपा और आरएसएस के लोग हमारे संविधान को नष्ट करने में लगे हैं. इनके नेताओं ने कहा है कि अगर हम चुनाव जीते तो संविधान को फाड़ देंगे.' उन्होंने अपने हाथ में ली हुई एक किताब दिखाते हुए कहा कि हिंदुस्तान के कमजोर लोगों को जो भी उनके हक मिले हैं, वे इस किताब (संविधान की प्रति दिखाते हुए) की वजह से मिले हैं. राहुल गांधी ने आरोप लगाया, इस किताब के बिना जो सरकार होगी वह अडानी और अंबानी की सरकार होगी. आज जो आपकी थोड़ी भी हिफाजत है, वह खत्म हो जाएगी.' उन्होंने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा, 'नरेंद्र मोदी जिन्हें चाहते हैं वो दो तीन लोग ही सरकार चलाएंगे और जैसे ही संविधान खत्म होगा रोजगार खत्म हो जाएगा. आरक्षण खत्म हो जाएगा और गरीबों के सभी रास्ते बंद हो जाएंगे.' गांधी ने मतदाताओं को चेताते हुए कहा 'लड़ाई संविधान बचाने की है, गरीबों की रक्षा करने की है.'

### 'महालक्ष्मी' योजना से महिलाओं की जिंदगी बदलने में मदद मिलेगी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के बीच सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी की ओर से 'महालक्ष्मी' योजना के रूप में दी गई गारंटी से देश की महिलाओं की जिंदगी बदलने में मदद मिलेगी. उन्होंने एक संदेश में यह भी कहा कि महिलाओं की मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस ने यह क्रांतिकारी कदम उठाया है. "स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है. हालांकि आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई के बीच संकट का सामना कर रही हैं." उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम लेकर आई है. सोनिया ने इस बात का उल्लेख किया कि कांग्रेस की 'महालक्ष्मी' योजना में गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपये दिए जायेंगे. कर्नाटक और तेलंगाना में पहले ही हमारी गारंटियों ने करोड़ों परिवारों की जिंदगी बदल दी है.

# 'तिहाड़ में पीएम रख रहे थे मुझ पर नजर'

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

### केजरीवाल बोले

- हिरासत में उन्हें अपमानित करने के प्रयास किए गए
- 'इंडिया' के सत्ता में आते ही जेल से वापस आ जाऊंगा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि अगर लोकसभा चुनाव के परिणाम की घोषणा के बाद 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आता है तो वह 5 जून को तिहाड़ जेल से बाहर आ जाएंगे. कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उच्चतम न्यायालय ने 1 जून तक अंतरिम जमानत दी है. न्यायालय के आदेश के अनुसार, उन्हें 2 जून को आत्मसमर्पण करना होगा और जेल वापस जाना होगा. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत 1 जून को मतदान होगा और मतगणना एक साथ 4 जून को होगी. केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के पार्षदों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तिहाड़ में हिरासत के दौरान उन्हें अपमानित करने के प्रयास किए गए. उन्होंने दावा किया, 'तिहाड़ में मेरी कोठरी में दो सीसीटीवी कैमरे थे और 13 अधिकारी उनकी फीड पर नजर रख रहे थे. बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज प्रधानमंत्री कार्यालय को भी दिया गया था. मोदी जी मुझ पर नजर रख रहे थे. मुझे पता नहीं कि मोदी जी को मुझसे क्या परेशानी है.'

### एके को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, 'यह दिल्ली के उपराज्यपाल पर निर्भर है कि अगर वह चाहें तो कार्रवाई करें, लेकिन हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे.' अदालत ने कहा कि यह प्राधिकार का मामला है, लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है.

### अब क्षेत्रीय दल भारत में राज करेंगे : केसीआर

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने सोमवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद क्षेत्रीय पार्टियां अहम भूमिका निभाएंगी. तेलंगाना में सिद्दीपेट जिले के अपने पैतृक गांव चिंतामदका में मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में केसीआर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने नियम के अनुसार, पार्टी में कोई भी नेता 75 साल का होने के बाद कोई पद नहीं लेगा. उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'इस तरह, मोदी को पद छोड़ना होगा. भाजपा के लोगों को इस पर सोचना है.' उन्होंने कहा, 'किसी गठबंधन जैसा कुछ नहीं है. अब, क्षेत्रीय दल भारत में राज करेंगे.

# जौनपुर में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर पत्रकार की हत्या

**एजेंसी। जौनपुर (उप्र)**

### खास बातें

- पुलिस को पत्र लिखकर सुरक्षा की लगाई थी गुहार
- पुलिस पर लापरवाही का आरोप, लोगों में आक्रोश

जौनपुर जिले के शाहगंज थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर एक पत्रकार की हत्या कर दी. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. शाहगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अजीत सिंह चौहान ने बताया कि आज सुबह लगभग 9:30 बजे सबरहद गांव निवासी पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव (43) अपने घर से निकलकर इमरानगंज बाजार जा रहे थे. उन्होंने बताया कि इसी बीच जौनपुर-शाहगंज मार्ग के पास चौराहे पर ही अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी. उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है. पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि आशुतोष श्रीवास्तव ने एक माह पहले ही शाहगंज पुलिस को पत्र देकर अपनी जान-माल की रक्षा के लिए गुहार लगाई थी, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया. घटना के बाद पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शाहगंज के लोगों ने आक्रोश प्रकट किया.

# पंडित नेहरू की गलतियों के लिए मोदी को दोषी ठहराती है कांग्रेस

- विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन मुद्दे पर कहा- देश को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है

**एजेंसी। मुंबई**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस चीन पर टिप्पणी करते समय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गयी गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराती है, और ऐसे दिखाती है कि उसका कोई दोष नहीं है. लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीनी अतिक्रमण को लेकर जयशंकर ने कहा कि चीन ने 1958 और 1962 में भारतीय जमीन पर कब्जा किया था और कुछ पर तो 1958 से पहले कब्जा किया था. कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने कहा कि अपने ही बलों का मनोबल गिराना बहुत ही दुखद बात है. उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, 'जब आप कहते रहते हैं कि चीन ने जमीन ले ली तो वह जमीन तो 1962 में ही चली गई थी. मैं देखता हूं कि देश को गुमराह करने की कोशिशें की जा रही हैं.' चीन और भारत के संबंधों में असहजता देखी जा रही है, खासकर जून 2020 की गलवान घाटी की घटना के बाद रिश्तों में गतिरोध आया जब चीनी और भारतीय सैनिक आपस में भिड़ गए थे, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के सैनिक हताहत हुए.

### भाजपा प्रत्याशी ने मुस्लिम महिलाओं से चेहरा दिखाने को कहा, एफआईआर दर्ज

**हैदराबाद।** हैदराबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार माधवी लता का सोमवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें वह बुर्का पहनी महिला मतदाताओं से कथित रूप से चेहरा दिखाने को कहती दिख रही हैं ताकि पहचान पत्र से उनके चेहरे का मिलान किया सके. यह वीडियो सामने आने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने लता के खिलाफ एक मामला दर्ज किया. वीडियो में लता मतदान केंद्र पर बुर्का पहनी महिलाओं से नकाब हटाने और चेहरा दिखाने को कहती दिख रही हैं. हैदराबाद के कलेक्टर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'मलकपेट थाने में भाजपा प्रत्याशी माधवी लता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है.'

# मतदान आंकड़े 48 घंटे में जारी करने से संबंधित याचिका पर 17 को होगी सुनवाई

- एससी से 'फॉर्म 17 सी पार्ट-1 की स्कैन प्रतियां' वोटिंग के तुरंत बाद अपलोड करने की मांग

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय एक गैर सरकारी संस्थान (एनजीओ) की उस याचिका पर 17 मई को सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया जिसमें निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनाव के तहत प्रत्येक चरण के मतदान की समाप्ति के बाद 48 घंटे में अपनी वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत का आंकड़ा अपलोड करने के निर्देश देने की अपील की गई है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि मामले को शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा. इससे पूर्व, 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की अपील की. पिछले हफ्ते एनजीओ ने अपनी 2019 की जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया जिसमें उसने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने की अपील की कि 'फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम की स्कैन की गई पढ़ने योग्य प्रतियां' मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं.

### मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आयोग को निर्देश देने की मांगवाली याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर सांप्रदायिक रूप से विभाजनकारी भाषण देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग को कार्रवाई करने का निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया था. याचिका में इन कथित भाषणों को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया गया था. न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है. उन्होंने कहा कि आयोग कानून के अनुसार याचिकाकर्ता की शिकायत पर स्वतंत्र रूप से विचार कर सकता है.

### पाक के उप प्रधानमंत्री बीजिंग दौरे पर पहुंचे

**बीजिंग।** पाकिस्तान के नवनियुक्त उपप्रधानमंत्री इसहाक डार चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे. इस दौरान वह चीन के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे और दोनों देश द्विपक्षीय रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे. पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी 'एसोसिएटिड प्रेस ऑफ पाकिस्तान' की खबर के मुताबिक, विदेश मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे डार की आगवानी महानिदेशक राजदूत वांग फू कांग और चीन में पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी ने की. पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने डार यात्रा से पहले एक बयान में कहा कि डार शीर्ष चीनी नेताओं से मिलेंगे और अरबों डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना के उन्नयन सहित द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा करेंगे.

## विरोध प्रदर्शन | राजधानी मुजफ्फराबाद में लंबा मार्च निकाला गया

# पीओके में हड़ताल जारी, स्थिति तनावपूर्ण

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है. वहीं, सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद पाकिस्तान सरकार ने स्थिति पर काबू पाने के प्रयास तेज कर दिए हैं. विवादित क्षेत्र में शनिवार को पुलिस और अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे. घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी थे. जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के सदस्य क्षेत्र में जलविद्युत उत्पादन लागत के अनुसार बिजली की कीमतों को तय करने, गेहूं के आटे पर सब्सिडी और कुलीन वर्ग के विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं. जेएसी के नेतृत्व में मुजफ्फराबाद में लंबा मार्च निकाला गया. जेएसी कोर कमेटी और क्षेत्र के मुख्य सचिव दाऊद बराच के बीच हुई बातचीत में कोई समाधान नहीं निकला.

### सरकार ने स्थिति पर काबू पाने के प्रयास तेज किए



### सरकार टालमटोल की रणनीति अपना रही है

रावलकोट के एक प्रदर्शनकारी नेता ने सरकार पर टालमटोल की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया. पाकिस्तानी अखबार डॉन में प्रकाशित खबर के मुताबिक प्रदर्शनकारी पहले ही कई स्थानों पर कोहाला-मुजफ्फराबाद रोड को बंद कर वहां धरने पर बैठ हुए हैं. खबर में बताया गया कि चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. बाजार, व्यापार केंद्र और शैक्षणिक संस्थान बंद हैं, जबकि यातायात सेवाएं ठप्प हैं.

### मेक्सिको में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सिटी के दक्षिण में गोलीबारी की एक घटना में आठ लोगों के मारे जाने की खबर है. स्थानीय और राज्य के अधिकारियों ने रविवार को इस घटना और लोगों की मौत की खबर की पुष्टि की, हालांकि मृतकों की संख्या नहीं बताई गयी. स्थानीय मीडिया के मुताबिक, घटना में आठ लोगों की मौत हुई है. मेक्सिको सिटी की सीमा से सटे मोरेलोस राज्य की सरकार ने बताया कि घटना शनिवार देर रात हुइट्जिलैक में घटी. जंगलों से घिरे पहाड़ी शहर में हुइट्जिलैक अवैध लकड़हारों, अपहरणकर्ताओं और मादक पदार्थ तस्कर गिरोहों का असर है. शहर के मेयर राफेल वर्गास ने घटना को 'एक भयावह हिंसक कृत्य' करार दिया और कहा कि इसमें 'कई लोग' मारे गए.

# इंडोनेशिया में बाढ़ से मची भारी तबाही, 41 की मौत, 17 लापता

- 200 घर और इमारतें जलमग्न हो गये, अगम व तनाह दातार जिलों के गांवों में सबसे ज्यादा नुकसान

**एजेंसी। पडांग**

इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर अचानक आई बाढ़ से मची तबाही के भयानक परिणाम शवों की बढ़ती संख्या से नजर आ रहे हैं. पिछले कुछ दिन में बड़ी संख्या में शव मिलने के बाद बचावकर्मियों ने सोमवार को भी शवों की तलाश की. मानसून की भारी बारिश के साथ माउंट मेरापी से ठंडा लावा निकलने तथा भूस्खलन से अब तक 41 लोगों की मौत हो गई और 17 लापता हो गये. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता



अब्दुल मुहारी ने कहा कि शनिवार आधी रात से ठीक पहले पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के चार जिलों के साथ पहाड़ के किनारे बसे गांवों में बाढ़ आई. बाढ़ में लोग बहा गए और लगभग 200 घर और इमारतें जलमग्न हो गये. पश्चिमी सुमात्रा आपदा शमन एजेंसी के प्रमुख इल्हाम वहाब ने कहा कि बचाव दल ने सोमवार को और शव बरामद किए.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)